www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 19 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-344 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



चुनाव दैवी शक्ति और आसुरी शक्ति के बीच होगा 02

■ कानून में विश्वास है तो फैसले का इंतजार करे भाजपा
■ मोदी सरकार में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार... 03

■ रूस-चीन संबंध गहरे व विकसित होते रहेंगे : पुतिन
■ रूसी सेना में शामिल होने वाले नेपाली नागरिकों ... 07

जयपुर की महारानी गायत्री देवी का किरदार... 10

**रमजान मुबारक**

19 मार्च-8

खत्म सहरी : 5.07
रोजा इफतार : 6.34



## चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर लगाई फटकार

# चुनिंदा नहीं, 21 तक सारी जानकारी दें एसबीआई

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, चेयरमैन को कोई जानकारी नहीं छिपाई का देना होगा हलफनामा

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एसबीआई से कहा कि वह चुनावी बॉन्ड से जुड़ी हर जानकारी 21 मार्च शाम पांच बजे तक दे। सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश में उन यूनीक बॉन्ड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बॉन्ड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ एसबीआई के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को गुरुवार तक एक हलफनामा दाखिल करने निर्देश दिया कि उन्होंने चुनावी बांड से संबंधित सभी विवरणों का खुलासा किया है।

**एसबीआई जानकारियों का खुलासा करते वक्त चयनात्मक नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें।**

सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि एसबीआई जानकारियों का खुलासा करते वक्त चयनात्मक नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें।

सीजेआई ने कहा कि एसबीआई चाहती है हम ही उसे बताएं किसका खुलासा करना है, तब वे बताएंगे। ये रवैया सही नहीं है।






■ चुनावी बॉन्ड के नंबर भी बताएं एसबीआई

■ जानकारी को तुरंत अपलोड करने का निर्देश

बॉन्ड के यूनीक नंबर्स न होने पर कोर्ट ने 16 मार्च को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस देकर 18 मार्च तक जवाब मांगा था। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी एसबीआई से मिली जानकारी तुरंत अपलोड करने निर्देश दिया है। बेंच ने 11 मार्च के फैसले में एसबीआई को बॉन्ड की पूरी डिटेल देने का निर्देश दिया था। हालांकि, एसबीआई ने सिर्फ बॉन्ड खरीदने और कैश कराने वालों की जानकारी दी। इस बात का खुलासा नहीं किया गया था कि किस डोनर ने किस राजनीतिक पार्टी को कितना चंदा दिया।

एसबीआई का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने सभी विवरण देने पर सहमति जताई और कहा, हम हर जानकारी हासिल करेंगे। एसबीआई कोई भी जानकारी छिपाकर नहीं रख रहा है। हम बांड नंबर देंगे। हालांकि, अदालत ने 12 अप्रैल 2019 को अपने अंतरिम आदेश से पहले 2018 में योजना के शुरू होने के बाद से जारी किए गए सभी बांडों के प्रकटीकरण से संबंधित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

### नंबर से पता चलेगा पार्टी का लिंक

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एसबीआई से कहा कि वह चुनावी बॉन्ड से जुड़ी हर जानकारी 21 मार्च तक दे। सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश में उन यूनीक बॉन्ड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बॉन्ड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है।




### हिमाचल के छह अयोग्य विधायकों को राहत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर राज्यसभा चुनाव के दौरान मतदान के लिए अयोग्य ठहराए जाने के फैसले के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के छह कांग्रेस विधायकों की याचिका पर सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया लेकिन उनके फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन छह विधायकों की याचिका पर विचार करने का फैसला किया, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के 29 फरवरी के आदेश पर रोक लगाने की उनकी गुहार ठुकरा दी। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई मई में करेगी। पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी कर सकते हैं।

# सत्येंद्र जैन फिर तिहाड़ पहुंचे

### सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत सरेंडर करने का आदेश दिया था



**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने सोमवार 18 मार्च को तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया। जैन 26 मई 2023 से मेडिकल बेल पर थे। सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने जैन की जमानत याचिका खारिज करते हुए तुरंत सरेंडर करने का आदेश दिया। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने सत्येंद्र और सह-आरोपी अंकुश जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई की थी। 25 सितंबर को कोर्ट ने सत्येंद्र की अंतरिम जमानत को 9 अक्टूबर तक बढ़ाया था। पिछली सुनवाई में कहा गया था कि उनके वकील अभिषेक मनु सिंघवी जरूरी काम के चलते कोर्ट में पेश नहीं हो पाएंगे। ऐसे में कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत बढ़ा दी थी। ईडी ने सत्येंद्र जैन को दिल्ली शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले को लेकर 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने उनसे जुड़ी 4 कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की है।

**10 महीने जमानत पर थे जैन**

### सिसोदिया व संजय सिंह भी जेल में

**केजरीवाल को भेजे गए हैं 9 समन**

दिल्ली शराब नीति घोटाले में सत्येंद्र जैन के बाद श्बष्ठ ने मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को भी गिरफ्तार किया था। इसके अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी श्बष्ठ 9 बार मामले में पूछताछ के लिए समन भेज चुकी है। केजरीवाल अभी तक जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए है। इसे लेकर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में भी सुनवाई हुई। हालांकि, कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी।

## सार संक्षेप

### तमिलनाडु में कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ेगी चुनाव



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई में डीएमके मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागई के साथ सीट समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार, कांग्रेस तमिलनाडु में इंडिया ब्लॉक से नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इतनी ही सीटों पर उसने 2019 में डीएमके के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था।

### जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही बीजेपी : राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद भ्रष्टाचार में डूबी है, विपक्ष के सत्ता में आने पर इसकी जांच कराई जाएगी। राउत ने कहा कि उन्होंने कुछ हफ्ते पहले भाजपा के महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को एक पत्र लिखकर ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। ये कंपनियां समाज, विशेष रूप से युवाओं को बर्बाद कर रही हैं।

### राजनाथ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ बातचीत की



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन के साथ टेलीफोन पर द्विपक्षीय संबंधों , क्षेत्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। दोनों रक्षा मंत्रियों ने गत महीने दिल्ली में हुए 'इंडस एक्स' सम्मेलन तथा भारत में आज से शुरू हुए तीनों सेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास ' टाइगर ट्राइम्फ' की भी समीक्षा की। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिन्द महासागर क्षेत्र में 'एंटी पायरेसी' अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### जमशेदपुर के पास ट्रक से टकराई कार, चार की मौत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पास चांडिल थाना क्षेत्र के कांदरबेड़ा में सोमवार को दिन में चार बजे एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार चारों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चारों मृतक जमशेदपुर के बताए जा रहे हैं।

# डूंगरपुर मामले में आजम को सात साल की सजा

**रामपुर,** 18 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की एमपी-एमएलए अदालत ने डूंगरपुर प्रकरण की सुनवाई करते हुए सोमवार को वरिष्ठ सपा नेता आजम खान को सात साल की सजा सुनाई। जबकि, अन्य दोषियों को पांच साल की सजा सुनाई गई है। शनिवार को ही कोर्ट ने आजम खान समेत सभी को दोषी करार दिया था। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चार मार्च को मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी थी। शनिवार को कोर्ट ने आजम खान समेत उक्त चारों को दोषी करार दिया था। सोमवार को न्यायमूर्ति ने सुनवाई करते हुए आजम खान को सात साल तथा अन्य तीन को पांच साल की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के दौरान वर्ष 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें से एक केस इसी बस्ती के रहने वाले एहतेशाम ने दर्ज कराया था। आजम खान को आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनाया गया था, जबकि अन्य पर घर में घुसकर मारपीट करने, धमकाने, डकैती आदि जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। अधिवक्ता ने बताया कि सपा नेता आजम खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खान, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन दोषी पाए गए हैं। आज चारों को सज़ा हुई। इस दौरान आजम खान की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीतापुर जेल से पेशी हुई।



■ अन्य दोषियों को पांच साल की सजा सुनाई गई
■ आजम को आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनाया था

## बिहार में एनडीए के सीट बंटवारे का ऐलान

# भाजपा 17, जदयू 16 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक-एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में एक साथ इसका ऐलान किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। सभी नेताओं ने सीट बंटवारे पर संतोष व्यक्त किया। श्री तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे।




■ लोजपा रामविलास को मिली 5 सीटें

### केंद्रीय मंत्री पद से पारस देंगे इस्तीफा

एनडीए गठबंधन में एक भी सीट न पाने के बाद राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति कुमार पारस भाजपा से खफा हैं और इंडिया गठबंधन के संपर्क में चले गए हैं। एक-दो दिन में वे केंद्रीय मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे सकते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि राजद प्रमुख लाल प्रसाद व तेजस्वी यादव से उनकी बातचीत शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि पारस हाजीपुर से चिराग पासवान के खिलाफ लोकसभा चुनाव लडने के लिए उतर सकतें हैं। बताया जा रहा है कि इससे पशुपति कुमार राजद नेताओं के साथ बातचीत कर खुद की पार्टी को इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनाने का प्रस्ताव दिया है। लेकिन राजद मुखिया लालू प्रसाद चाहते हैं कि पशुपति कुमार पारस अपनी पार्टी का विलय राजद के साथ कर दें।

**इंडिया गठबंधन में होंगे शामिल**

# मोदी के अधर्म की शक्ति के खिलाफ लड़ रहे : राहुल

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए अधर्म, भ्रष्टाचार और झूठ की शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं और कांग्रेस इसी शक्ति के खिलाफ लड़ रही है।

श्री गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। वह एक ऐसी शक्ति है जिसने आज भारत की आवाज़ को, भारत की संस्थाओं को, सीबीआई, आईटी, ईडी, चुनाव आयोग को, मीडिया को, भारत के उद्योग जगत को, और भारत के समूचे संवैधानिक ढांचे को ही अपने चंगुल में दबोच लिया है।



■ मोदी ने भारत के समूचे संवैधानिक ढांचे को अपने चंगुल में दबोचा

### भाजपा आरएसएस की संविधान बदलने की है मंशा : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला करते हुए कहा है कि उनकी विचारधारा समाज के लिए घातक है और उनकी मंशा बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को बदलने की है। श्री खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार इसी विचारधारा से शक्ति पाती है और वह लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत हासिल कर देश के संविधान को बदलना चाहते हैं। इस चुनाव में लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी है।

## चुनाव आयोग का चला डंडा

# उप्र समेत पांच राज्यों के गृहसचिव बदले

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों के ऐलान के बाद चुनाव आयोग ने बडी कार्रवाई की हैं। सोमवार को बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया। इसके तहत चुनाव आयोग ने उत्तरप्रदेश सहित पांच राज्यों के प्रमुख गृहसचिवों को हटा दिया है, जो राज्य में मुख्यमंत्री कार्यालय में भी पदभार संभाल रहे थे। इसके अलावा आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी हटाने का आदेश जारी किया है। उत्तर प्रदेश में अभी प्रमुख सचिव गृह के पद पर संजय प्रसाद की तैनाती थी। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खास अधिकारियों की सूची में शुमार थे। हालांकि अभी यह तय नहीं हो सका है कि उनकी जगह कौन लेगा। चुनाव आयोग ने यूपी के साथ बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के भी प्रमुख सचिव गृह कों हटाने का आदेश दिया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को भी हटाया गया है।




■ पश्चिम बंगाल के डीजीपी को भी हटाया गया

# पुतिन राष्ट्रपति चुनाव में रिकॉर्ड जीत की हासिल

**मॉस्को,** 18 मार्च (एजेंसियां)। रूस में नए राष्ट्रपति के लिए तीन दिन तक चले चुनाव में व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की तथा इसी के साथ रूस की सत्ता पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि श्री पुतिन को चुनाव में 87.8 प्रतिशत मत मिले। इस बार राष्ट्रव्यापी मतदान 74.22 प्रतिशत रहा, जो 2018 के मतदान प्रतिशत 67.5 के स्तर से बहुत अधिक है।

आंशिक नतीजों के अनुसार, कम्युनिस्ट उम्मीदवार निकोलाई खारितोनोव चार प्रतिशत से कम वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, चुनाव में पहली बार हिस्सा लेने वाले व्लादिस्लाव दावानकोव तीसरे स्थान पर रहे।



**पुतिन को चुनाव में 87.8 प्रतिशत मत मिले**

## चुनाव — राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर महिला मतदाताओं ने स्थापित किया वर्चस्व

# झारखंड में महिला मतदाताओं का दबदबा बढ़ा

**रांची, 18 मार्च ( एजेंसियां )। आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की राजनीतिक दिशा और दशा तय करने में पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। प्रदेश की कुल 14 लोकसभा सीटों पर महिला मतदाताओं का दबदबा बढ़ा है। पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने जा रहे वोटरों में भी महिलाएं ही शीर्ष पर हैं। पुरुष और महिला मतदाताओं के बीच खाई भी पटी है। दोनों के बीच का फासला 50 से 60 फीसद कम हुआ है।**

16 मार्च की तारीख तक अपडेटेड वोटर लिस्ट के आंकड़ों के मुताबिक, राजमहल, खूंटी, सिंहभूम और लोहरदगा में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की तुलना में ज्यादा है।

राजमहल में महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 41 हजार 217 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 8 लाख 40 हजार 995 है। इसी तरह खूंटी में 6 लाख 67 हजार 946 महिलाओं के मुकाबले पुरुष मतदाताओं की संख्या 6 लाख 44 हजार 311 है। लोहरदगा में 7 लाख 19 हजार 616 महिला और 7 लाख 7 हजार 402 पुरुष मतदाता हैं।



**पुरुष और महिला मतदाताओं के बीच खाई भी पटी**

सिंहभूम में 7 लाख 27 हजार 734 महिलाओं के मुकाबले 7 लाख 5 हजार 167 पुरुष मतदाता हैं। इस बार रिकॉर्ड संख्या में जुड़े नए मतदाताओं की संख्या 22 लाख 33 हजार 738 है।

इनमें 11 लाख 39 हजार 960 महिलाएं हैं, जबकि उनके मुकाबले पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 93 हजार 718 है। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में झारखंड में पुरुष की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या करीब 10 लाख कम थी। इस बार महिलाओं की तुलना में पुरुष मतदाताओं की संख्या मात्र 4.77 लाख ज्यादा है।

# देश

**उवाच** "

पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी और कांग्रेस के चार बार के मुख्यमंत्री दिवंगतके करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल को मेरी तरह ही कांग्रेस पार्टी में लौटना होगा। फिलिप लंबे समय तक वरिष्ठ कांग्रेसी एके एंटनी के सबसे करीबी सहयोगियों में से एक थे:-

**चेरियन फिलिप, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.6 | 12.2 |
| मुंबई | 32.0 | 22.6 |
| कोलकाता | 30.9 | 23.4 |
| चेन्नई | 34.0 | 23.4 |

## बसपा को उत्तर प्रदेश में लगा बड़ा झटका, भाजपा में शामिल हुईं सांसद संगीता आजाद

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। उत्तर प्रदेश के लालगंज संसदीय क्षेत्र से बसपा की लोकसभा सांसद संगीता आजाद, उनके पति और बसपा से विधायक रह चुके अरिमर्दन आजाद ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। संगीता आजाद के ससुर स्वर्गीय गांधी आजाद बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं और बसपा के राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुके हैं। प्रसिद्ध महिला अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने भी इन दोनों नेताओं के साथ सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में बसपा की लोकसभा सांसद संगीता आजाद, उनके पति अरिमर्दन आजाद और प्रसिद्ध महिला अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने पार्टी राष्ट्रीय मुख्यालय में भाजपा का दामन थाम लिया।




भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, ब्रजेश पाठक और भूपेंद्र चौधरी ने बसपा सांसद संगीता आजाद सहित इन नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए दावा किया कि सब लोग मिलकर 400 पार का संकल्प हासिल करेंगे। वहीं, भाजपा में शामिल होने के बाद संगीता आजाद ने कहा कि आज उनके राजनीतिक जीवन का नया अध्याय शुरू हुआ है। बाबा साहेब अंबेडकर की विरासत और धरोहर को संजोने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो काम किया है और जिस तरह से लोगों के कल्याण के लिए उन्होंने काम किया है, उससे प्रभावित होकर वह भाजपा में शामिल हुई हैं और 400 पार का लक्ष्य हासिल करने के लिए वह पूरी मेहनत करेंगी।

# झारखंड में इंडिया गठबंधन में सीटों की शेयरिंग पर अब तक नहीं बनी बात

**रांची,** 18 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड में इंडिया गठबंधन की पार्टियों की कई दौर की बैठकों के बाद भी सीटों के बंटवारे पर सर्वसम्मत फॉर्मूला अब तक नहीं बन पाया है। राज्य में गठबंधन के दो बड़े दल जेएमएम और कांग्रेस के नेता सहमति का दावा जरूर कर रहे हैं, लेकिन बाकी घटक दलों की दावेदारी को लेकर फैसला नहीं हो पा रहा है। झारखंड में लोकसभा की कुल 14 सीटें हैं। प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का कहना है कि कांग्रेस के हिस्से में सात, जेएमएम के लिए पांच और राजद एवं सीपीआई-एमएल के लिए एक-एक सीट के फॉर्मूले का आधिकारिक तौर पर जल्द ही ऐलान कर दिया जाएगा। उनके मुताबिक रांची, हजारीबाग, गोड्डा, खूंटी, धनबाद, जमशेदपुर और लोहरदगा की सीटों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशी देगी, जबकि सिंहभूम, दुमका, राजमहल, गिरिडीह और




चतरा सीट पर जेएमएम के प्रत्याशी होंगे। राजद को पलामू और सीपीआई (एमएल) को कोडरमा सीट देने पर सहमति बनी है। दूसरी तरफ, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विनोद कुमार पांडेय कहते हैं कि गठबंधन में सहमति को लेकर किसी तरह की दिक्कत नहीं है। लेकिन, सीट शेयरिंग पर अब तक अंतिम तौर पर मुहर नहीं लगी है। कौन सी सीट किसके हिस्से में जाएगी, इस पर विचार के लिए बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट नेतृत्व को सौंप दी है और आखिरी फैसला इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेता ही करेंगे। दरअसल, कांग्रेस और

- राज्य में गठबंधन के दो बड़े दल जेएमएम और कांग्रेस के नेता सहमति का दावा जरूर कर रहे
- घटक दलों की दावेदारी को लेकर फैसला नहीं हो पा रहा

जेएमएम दोनों भले सहमति बन जाने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन उनके प्रस्तावित फॉर्मूले पर राजद और सीपीआई जैसे घटक दलों ने अब तक हामी नहीं भरी है। राजद दो सीटों पलामू और चतरा पर दावेदारी कर रहा है, जबकि कांग्रेस-झामुमो उसे सिर्फ एक सीट देना चाहती हैं। 2019 के चुनाव में भी राजद को सिर्फ पलामू सीट दी गई थी, लेकिन उसने इससे इनकार करते हुए चतरा सीट पर भी प्रत्याशी उतार दिया था। नतीजतन, चतरा में कांग्रेस और राजद दोनों के प्रत्याशी मैदान में थे।

## छिंदवाड़ा में 'नाथ' परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर



लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है और राजनीतिक दलों ने उम्मीदवारों के नाम तय करने के साथ ही प्रचार की भी शुरुआत कर दी है। मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा संसदीय सीट राज्य की चर्चित सीटों में से एक है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। यह चुनाव 'नाथ' परिवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा है। राज्य में छिंदवाड़ा वह संसदीय सीट है, जहां आजादी के बाद से सिर्फ एक चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। वर्ष 1980 के बाद से इस संसदीय क्षेत्र पर एक अवसर को छोड़कर कमलनाथ और उनके परिवार के सदस्य निर्वाचित होते आए हैं। कमलनाथ को 1997 के उपचुनाव में भाजपा के सुंदरलाल पटवा के हाथों हार का करना पड़ा था। राज्य में चार चरणों में चुनाव होने वाले हैं।

## सीटों के बंटवारे के बाद अब कांग्रेस और सपा तालमेल बनाने में जुटीं




**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने एक साझा रूपरेखा तैयार की है। चुनाव के लिए दोनों पार्टी के नेता एक-दूसरे के वॉर रूम में बैठकर सत्तारूढ़ दल भाजपा से निपटने की रणनीति बनाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आपस में बेहतर तालमेल करके लोकसभा चुनाव में काम करेगी, ताकि, उत्तर प्रदेश से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा जिताया जा सके। संवाद और समन्वय स्थापित करने के लिए रणनीति बनी है। इसके लिए कांग्रेस और सपा के वरिष्ठ नेताओं की प्रदेश स्तर पर समन्वय समिति बनेगी, जिसमें पांच कांग्रेस नेता और पांच सपा के नेता रहेंगे, जो गठबंधन प्रत्याशियों से संवाद स्थापित कर उन्हें निर्देशित करेंगे।

## निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए गोवा सरकार को चाहिए केंद्रीय बलों की 14 कंपनियां



**पणजी,** 18 मार्च (एजेंसियां)। गोवा में निष्पक्ष और स्वतंत्र लोकसभा चुनाव के लिए राज्य सरकार ने अर्धसैनिक बलों की 14 कंपनियों की मांग की है। अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी दी है। प्रदेश में लोकसभा की दो सीटें हैं। इन दो सीटों पर सात मई को वोटिंग होगी। गोवा को अर्धसैनिकों बलों की दो कंपनियां पहले ही मुहैया कराई जा चुकी हैं। गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) रमेश वर्मा ने बताया, 'हमने अर्धसैनिकों बलों की 14 कंपनियों की मांग की है, जिसमें से हमें दो दी जा चुकी हैं' सूत्रों ने हमें जानकारी दी है कि केंद्रीय बलों के अलावा गोवा सरकार की ओर से 8 हजार स्थानीय पुलिस बलों की तैनाती मतदान के दिन की जाएगी। इस संदर्भ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कई बैठकें कीं। बैठक में महाराष्ट्र और कर्नाटक के अधिकारी भी शामिल हुए। इस बार प्रदेश में 25,209 मतदाता पहली बार वोट करेंगे, जिसमें उत्तरी गोवा में 12,070 और दक्षिणी गोवा में 13,139 फर्स्ट टाइम वोटर्स हैं। गोवा में कुल 11,73,016 मतदाता हैं, जिनमें उत्तरी गोवा में 5,77,958 और दक्षिण गोवा में 5,95,058 मतदाता हैं। इनमें 5,68,501 पुरुष और 6,04,515 महिला मतदाता हैं। राज्य में कुल 1,725 मतदान केंद्र होंगे, जिनमें उत्तरी गोवा में 863 और दक्षिण गोवा में 862 मतदान केंद्र होंगे।

### सार संक्षेप

## पूर्व सांसद लवली आनंद जदयू में हुईं शामिल

**पटना।** लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के बाद सोमवार को राजद को बड़ा झटका लगा। पूर्व सांसद लवली आनंद अपने समर्थकों के साथ राजद को छोड़कर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में शामिल हो गईं। जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पूर्व सांसद लवली आनंद को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर ललन सिंह में पूर्व सांसद का स्वागत करते हुए कहा कि समता पार्टी के गठन के समय भी ये हमलोगों के साथ थीं और अब फिर से अच्छी जगह आ गई हैं। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद लवली आनंद ने कहा कि पार्टी उन्हें जो जिम्मेदारी देगी, उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि समाज पर कुठाराघात नहीं सहा जा सकता है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि जदयू पूर्व सांसद लवली आनंद को शिवहर से उम्मीदवार बना सकती है।

## बिहार विधान पार्षद के सीएए पर बयान को जदयू प्रवक्ता ने बताया 'निजी'

**पटना।** बिहार में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर जदयू के विधान पार्षद खालिद अनवर के बयान पर जदयू के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने सफाई दी है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह एक विधान पार्षद का निजी बयान हो सकता है। जदयू के विधान पार्षद खालिद अनवर ने कहा था कि बिहार में सीएए लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के बिहार में रहते चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा था कि बिहार में सीएए और एनआरसी की जरूरत नहीं है। विधान पार्षद के इस बयान पर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने सफाई देते हुए खालिद अनवर की भूमिका पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी में उनकी क्या भूमिका है।

## मतदाताओं की शिकायतों के समाधान के लिए शुरू किया नया पोर्टल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने सोमवार को राजभवन में राज्य के आम मतदाताओं से सीधे बातचीत करने और लोकसभा चुनाव से पहले उनकी शिकायतों का समाधान करने के लिए एक नया पोर्टल शुरू करने की घोषणा की। राज्यपाल के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पोर्टल में एक ईमेल होगा। इसके माध्यम से राज्य का कोई भी मतदाता सीधे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेगा। बयान के मुताबिक, कोई भी मतदाता 'logsabha.rajbhavankolkata@gmail.com' के जरिए अपनी शिकायत दर्ज कराने के अलावा जरूरी सुझाव भी दे सकता है।

## ईवीएम को लेकर लोगों के मन में शंका का भावः डिंपल यादव

**मैनपुरी,** 18 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान हो चुके हैं। इसी बीच मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने एक बार फिर ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर लोगों में बहुत असमंजस है। लोगों के मन में शंका का भाव है। सपा सांसद डिंपल यादव ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बहुत सारे लोग इसे लेकर सवाल कर रहे हैं। पिछले चुनाव में लोगों ने यह बात बोली है कि हमने वोट इस पार्टी को दिया था, लेकिन हमारा वोट निकला नहीं है। एक तरह की स्पष्टता होनी चाहिए। भले ही ईवीएम सही हो तो भी गांव और शहर के लोग चाहते हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव हो। दूसरी तरफ अपर्णा यादव की सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद मैनपुरी से भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चाओं पर डिंपल यादव ने कहा कि मुझे इस बात का संज्ञान नहीं है। मैं क्षेत्र में हूं। मैं समझती हूं कि सपा बहुत



ईवीएम को लेकर लोगों में बहुत असमंजस है, पिछले चुनाव में लोगों ने यह बात बोली है कि हमने वोट इस पार्टी को दिया था, लेकिन हमारा वोट निकला नहीं : **डिंपल यादव, सपा सांसद**

मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। लोगों का सहयोग-प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड की सच्चाई सामने आनी चाहिए। चुनावी बॉन्ड का सिस्टम पहले कौन लेकर आया था, यह सवाल भी है। सुप्रीम कोर्ट इस तरह से फैसले करेगा तो बहुत सारी चीजें लाइन पर आ जाएंगी।

## जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर होगा दिलचस्प मुकाबला

**श्रीनगर,** 18 मार्च (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में सबसे दिलचस्प मुकाबला दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र में होगा। यह जम्मू-कश्मीर का ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं और यह क्षेत्र जम्मू संभाग व कश्मीर दोनों में फैला हुआ है। इस निर्वाचन क्षेत्र में कश्मीर के दो जिले, अनंतनाग व कुलगाम और जम्मू संभाग के दो जिले राजौरी और पुंछ शामिल हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र कश्मीर के धान के कटोरे के रूप में पहचाने जाने वाले अनंतनाग जिले के मैदानी इलाकों से लेकर पहलगाम, कुलगाम के पहाड़ी इलाकों और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के करीब पुंछ व राजौरी तक फैला हुआ है। इस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का एक अलग वर्ग है। इसमें अनंतनाग और कुलगाम के कश्मीरी भाषी मुसलमान, पहलगाम के प्रभावशाली गुज्जरी भाषी मुसलमान, कोकेरनाग के ऊंचे इलाकों से लेकर डकसुम तक और कुलगाम जिले की तलहटी वाले इलाके शामिल हैं। गुज्जर और पहाड़ी समुदायों की बहुत बड़ी संख्या वाले राजौरी और पुंछ के दो जिले इस निर्वाचन क्षेत्र में जीत और हार का




- अनंतनाग-राजौरी में विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं
- गुज्जर व पहाड़ी समुदायों के लोग जीत और हार का फैसला करेंगे

फैसला करेंगे। निर्वाचन क्षेत्र मे नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), कांग्रेस और गुलाम नबी आज़ाद के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रभाव के बावजूद कोई भी एक ऐसा नेता है, जिस पर जीत का दांव लगाया जा सके। इनमें से प्रत्येक दल की क्षेत्र में प्रभावशाली उपस्थिति है, लेकिन ऐसी उपस्थिति नहीं है, जिससे उनकी जीत तय मानी जा सके। इसी पृष्ठभूमि में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने सबसे शक्तिशाली गुज्जर/बकरवाल नेता मियां अल्ताफ अहमद को मैदान में उतारने का फैसला किया है। मियां अल्ताफ अहमद न केवल इस निर्वाचन क्षेत्र के चार जिलों में गुज्जर/बकरवाल समुदायों के राजनीतिक नेता हैं, बल्कि वह इस समुदाय के सबसे सम्मानित धार्मिक नेता भी हैं।

पिछली चार पीढ़ियों से, अपने परदादा से लेकर उनके पिता स्वर्गीय मियां बशीर अहमद तक, जिन्हें आदरपूर्वक 'बाबा साहब' कहा जाता है, मियां अल्ताफ अपने विरोधियों के खिलाफ एक ताकतवर विरासत से लैस हैं। हर साल उत्तरी कश्मीर के गांदरबल जिले के वांगट गांव में उनकी पैतृक मजार पर आयोजित वार्षिक उर्स पर, पुंछ और राजौरी जिलों के कोने-कोने और केंद्र शासित प्रदेश के अन्य हिस्सों से हजारों गुज्जर/बकरवाल मत्था टेकने के लिए जुटते हैं। वांगट मजार पर चढ़ाए जाने वाले 'नजराना' (भक्ति प्रसाद) में नकदी, मवेशी, भेड़ और बकरियां शामिल हैं, जिनकी कीमत हर साल करोड़ों रुपए में होती है।

## केरल में सत्ता विरोधी लहर पर होगा विपक्ष का फोकस

**तिरुवनंतपुरम,** 18 मार्च (एजेंसियां)। केरल में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में छह सप्ताह से भी कम का समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ और भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए अपने-अपने अभियानों में पिनाराई विजयन सरकार के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर पर फोकस कर सकते हैं। वहीं, माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा राज्य में अपने लगभग आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

केरल में लोकसभा की 20 सीटें हैं और 2019 के चुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीती थीं। माकपा के नेतृत्व वाले वामपंथियों की झोली में सिर्फ एक सीट गई थी। एनडीए केवल एक सीट पर दूसरे स्थान पर रहा था। शेष सीटों पर उसके उम्मीदवार तीसरे स्थान पर थे। पिछले लोकसभा चुनाव में यूडीएफ ने 47.48 प्रतिशत, वाम मोर्चा ने 36.29 प्रतिशत और एनडीए ने 15.64 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की। वामपंथियों ने सबसे पहले अभियान शुरू किया और सबसे पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा की - यूडीएफ ने जल्द ही इसका अनुसरण किया, जबकि



- कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ और भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए अपने-अपने अभियानों में सत्ता-विरोधी लहर पर कर सकते है फोकस

एनडीए को अभी भी चार और निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों की घोषणा करनी है। उम्मीदवारों के लिए सबसे बड़ी बाधा निश्चित रूप से प्रचंड गर्मी होने वाली है। भाकपा के सचिव और राज्यसभा सदस्य बिनॉय विश्वम का कहना है कि गर्मी ऐसी है कि सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चुनाव प्रचार करना उन लोगों के लिए कठिन है जो सड़कों पर निकल रहे हैं। माकपा सचिव एम.वी. गोविंदन और विश्वम पहले ही इस बात पर सहमति जता चुके हैं कि मुख्य अभियान बिंदु विजयन सरकार का प्रदर्शन है। कांग्रेस अध्यक्ष और कन्नूर सीट से मौजूदा लोकसभा सांसद के. सुधाकरन ने, जो अपनी सीट का बचाव कर रहे हैं, कहा कि विजयन का अयोग्य शासन ही कॉंग्रेस का सबसे बड़ा फायदा होगा। सुधाकरन ने कहा, 'विजयन के वर्षों के भ्रष्ट और अक्षम शासन पर चर्चा होने वाली है और हम मतदाताओं को बताएँगे कि लोगों को कॉंग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ उम्मीदवारों को वोट देने की आवश्यकता क्यों है। इसके अलावा, अब तक, कई लोगों को एहसास हो गया है कि मोदी सरकार को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सभी प्रयास करने होंगे।' भले ही वाम दल इस अभियान में सबसे आगे थे, लेकिन इसके दिग्गज पूर्व माकपा विधायक और एलडीएफ के संयोजक ई.पी. जयराजन की एक गलती, जिन्होंने कहा था कि राज्य में लड़ाई वामपंथियों और भाजपा के बीच है, ने उन्हें परेशान कर दिया है। अब तक, विजयन, गोविंदन और भाकपा सहित सभी ने इसका खंडन किया है। उनका कहना है कि लड़ाई लेफ्ट और यूडीएफ के बीच है। हालांकि 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में भाजपा के पास एक भी विधायक नहीं है, लेकिन वे मोदी और पार्टी के स्टार प्रचारकों की रैलियों पर भरोसा कर रहे हैं।

राहुल गांधी के 'शक्ति से लड़ रहे हैं' वाले बयान के समर्थन में उतरे पवन खेड़ा, कहा

## चुनाव दैवी शक्ति और आसुरी शक्ति के बीच होगा

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के शक्ति पर दिए बयान पर मचे घमासान के बीच अब पार्टी उनके बचाव में आ गई है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह चुनाव दैवी शक्ति और आसुरी शक्ति के बीच होगा और जीत दैवी शक्ति की होगी। राहुल गांधी की भी जीत होगी। इसके अलावा पवन खेड़ा ने कठुआ, उन्नाव, हाथरस कांड का जिक्र कर केंद्र सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो भी शेयर किया है। दरअसल, 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के मौके पर मुंबई में



हिंदू धर्म में एक शब्द होता है 'शक्ति', और हम एक शक्ति से लड़ रहे हैं। पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा, 'अब यह देश आसुरी शक्ति से नहीं, दैवी शक्ति से चलेगा : **पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता**

राहुल गांधी ने कहा था कि हिंदू धर्म में एक शब्द होता है 'शक्ति', और हम एक शक्ति से लड़ रहे हैं। पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा, 'अब यह देश आसुरी शक्ति से नहीं, दैवी शक्ति से चलेगा। 10 साल जब कठुआ, उन्नाव, हाथरस में आपकी पार्टी बलात्कारियों के पक्ष में मोर्चे निकाल रही थी, तब शक्ति की उपासना याद नहीं आई?, जब मणिपुर में महिलाओं को नंगा दौड़ाया जा रहा था, तब कौन सी शक्ति आपको चुप रख रही थी?, जब महिला पहलवान सड़क पर थी और बृजभूषण शरण सिंह भीतर आपके घर में, तब कौन सी शक्ति की उपासना कर रहे थे?, यह चुनाव दैवी शक्ति और आसुरी शक्ति के बीच होगा और जीत दैवी शक्ति की होगी। जीत राहुल गांधी की होगी। जीत इंडिया गठबंधन की होगी। जीत इस देश के नौजवान की होगी। जीत इस देश के किसान की होगी। जीत भारत मां की होगी।'

**चुनाव** | *इस चुनाव में पिछले विधानसभा चुनाव की तरह भाजपा व सपा आमने सामने*

# उत्तर प्रदेश के छोटे दल भी देख रहे बड़े सपने

**लखनऊ, 18 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में इस बार उत्तर प्रदेश के छोटे दल बड़े सपने देख रहे हैं। इस चुनाव में पिछले विधानसभा चुनाव की तरह भाजपा व सपा आमने सामने हैं। दोनों दलों ने अपने-अपने नेतृत्व में सहयोगी तलाशे हैं। छोटे दल भी इनके साथ गठबंधन कर बड़ी जीत का सपना संजोय हुए हैं। हालांकि यह कितना सफल होगा, यह आने वाला परिणाम बताएगा। एनडीए में अनुप्रिया पटेल का अपना दल (एस) और मंत्री संजय निषाद की निषाद पार्टी पहले की तरह शामिल हैं।**

अब रालोद भी शामिल हो गया है। सपा के साथ सत्ता के खिलाफ मुखर आवाज ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को भी भाजपा ने अपने पाले में ले लिया है। लोकसभा चुनाव में रालोद को दो सीटें मिली हैं जिसमें बागपत और बिजनौर शामिल हैं। वहीं राजभर ने मऊ से अपने बेटे को उम्मीदवार बनाया है। जबकि निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद के बेटे को भाजपा के सिंबल पर उतारा गया है।अपना दल की सीटें जल्द घोषित होने की संभावना है।

राजनीतिक जानकर बताते हैं कि विपक्ष की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में सपा, कांग्रेस, अपना दल (कमेरावादी) शामिल हैं। आम आदमी पार्टी इस चुनाव में भाग न लेकर गठबंधन का सहयोग करेगी। हालांकि चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी को इंडिया गठबंधन में अभी तक कोई सीट नहीं मिली है। उनके आने की संभावना अब बहुत कम है। बसपा को जोड़ने का प्रयास फिलहाल सफल होता नजर नहीं आ रहा है।

अपना दल (कमेरावादी) सपा के साथ है। बसपा मुखिया मायावती लगातार अकेले चुनाव लड़ने की बात दोहरा रही हैं। अभी तक इंडिया गठबंधन के तहत सपा को 63 और



कांग्रेस को 17 सीटें मिली है, जिनमें तकरीबन 40 सीटों पर सपा ने अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। एक सीट सपा ने अपने कोटे से टीएमसी को दी है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

वरिष्ठ राजनीतिक कहते हैं कि छोटे दलों की भूमिका और पकड़ अपने क्षेत्र और जातियों के बीच काफी महत्वपूर्ण होती है। छोटे दलों के लिए बड़ों का सहारा राजनीति में काफी फायदेमंद है। भाजपा के साथ अपना दल का प्रभाव काफी बढ़ गया है। वह राज्य स्तर की पार्टी बन गई है। इसके अलावा दो लोकसभा सीटों पर भी वह काबिज है, जबकि पार्टी के संस्थापक सोनेलाल पटेल कभी चुनाव नहीं जीते। उन्होंने बताया कि लोकसभा में पार्टियां कभी कभी लाखों में वोट पाने के बावजूद भी चुनाव हार जाती हैं। उस दौरान यह दल काफी अहम भूमिका अदा करते हैं। सिर्फ अपने जातियों की राजनीति करने वाले छोटे दल चुनाव जीतने वाला आधार तो पैदा नहीं कर पाते। पर यह कई लोकसभा सीटों पर आबादी के हिसाब से वोट का आधार बनाने में सक्षम होती हैं।

जैसा कि 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिला कि छोटे दल जिस बड़े दल के साथ जुड़ जाते हैं, उनका समर्थक वोटर उनके साथ चला जाता है। बड़े दलों की कुछ वोटों से हारने की स्थिति वाली सीटें पक्की हो जाती हैं। बदले में छोटे दल अपने बड़े आधार वाले क्षेत्रों में बड़ी पार्टियों से कुछ सीटें मांगकर अपना आधार बढ़ाने का प्रयास करते हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा ?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा ?
मरीज : क्यूंकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है ?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

### केजरीवाल को मिले नोटिस पर गोपाल राय बोले

# कानून में विश्वास है तो फैसले का इंतजार करे भाजपा

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की तरफ से फिर से समन भेजे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने ईडी के समन को बीजेपी की तानाशाही बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार ही करना चाहती है तो नोटिस की क्या जरूरत है। बिना नोटिस के भाजपा उनको गिरफ्तार कर ले। यदि भाजपा को कानून में विश्वास है तो कोर्ट के फैसले का इंतजार करें।

**'आप' ने ईडी के समन को बताया बीजेपी की तानाशाही**

इलेक्टोरल बॉन्ड मामले पर मंत्री गोपाल राय ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी ने जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर चंदा इकट्ठा किया है। इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर भारत के इतिहास में सबसे बड़ी लूट की है। भाजपा ने गुंडागर्दी कर इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर हफ्ता वसूला है। कोर्ट में एसबीआई ने कहा था कि हम इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी चुनाव के बाद दे पाएंगे। इसके लिए बहुत समय चाहिए। कोर्ट सख्त हुआ तो एसबीआई की एक ब्रांच बाहर निकल आई और इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी सार्वजनिक की।

गोपाल राय ने कहा कि भाजपा का जितना काला चिट्ठा है शायद भारत के इतिहास में एजेंसियों का दुरुपयोग करके पैसा बनाकर कितनी बड़ी लूट और हफ्ता वसूली आज तक किसी ने नहीं किया होगा। इसका काला चिट्ठा देश के सामने आ रहा है। अभी और पूरी तरह सामने आएगा। इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने वसूली का धंधा किया है। सारे गलत हथकंडे अपना करके पूरे देश में वसूली की गई है। इसका हिसाब देश की जनता करेगी। भाजपा नेताओं को बंद करवा सकती है, लेकिन जनता को नहीं, वे जवाब मांगेंगे।



**बीजेपी केजरीवाल को गिरफ्तार ही करना चाहती है तो नोटिस की क्या जरूरत है : गोपाल राय**

गोपाल राय ने कहा कि ईडी बार-बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेज रही थी। हम इस नोटिस को गैर कानूनी बता रहे हैं और नोटिस को गैर कानूनी बता रही है। खुद ईडी इस संबंध में कोर्ट गई जहां से अरविंद केजरीवाल को राहत मिली। ईडी ने कोर्ट के फैसले का इंतजार नहीं किया। इससे पहले फिर से नोटिस भेज दिया। इसमें दिल्ली जल बोर्ड का एक और नया मामला जोड़ दिया है। मुझे लगता है कि यह भारतीय जनता पार्टी का खेल है। वहीं, सत्येंद्र जैन के मामले में कहा कि कोर्ट का जो फैसला आया है इसका अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद लीगल एडवाइस लेकर पार्टी आगे कदम बढ़ाएगी।

## भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे 'आप' नेता संतुलन खो चुके : वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने जांच एजेंसियों और दिल्लीवासियों के सवालों का जवाब देने के बजाय मीडिया के माध्यम से बेशर्मी से अप्रासंगिक मुद्दों को उछालने के लिए मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित आम आदमी पार्टी के नेताओं की कड़ी निंदा की है। समाचारों में चर्चा है कि तेलंगाना नेता श्रीमती के. कविता ने शराब घोटाले की जांच में दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ नेता के खिलाफ गवाही दी है। सचदेवा ने कहा है कि ईडी की पूछताछ में केजरीवाल की भ्रष्टाचार गाथा उजागर होने के बाद आप नेतृत्व को भाजपा के सामने सवाल उठाने के बजाय दिल्लीवासियों के सवालों का जवाब देना चाहिए। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी आम आदमी पार्टी के नेता अपना राजनीतिक संतुलन खो चुके हैं और फालतू मुद्दे उठा रहे हैं। आज सौरभ भारद्वाज को दिल्लीवासियों को बताना चाहिए कि यदि उनके दावे के अनुसार उनके खिलाफ शराब घोटाला और अन्य भ्रष्टाचार के आरोप मनगढ़ंत हैं तो उनकी गिरफ्तारी के एक साल से अधिक समय बाद भी विभिन्न अदालतों ने आज सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका क्यों खारिज कर दी।

## मोदी सरकार में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार बढ़ी : वीरेन्द्र सचदेवा



**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता के माध्यम से सभी सातों भाजपा सांसद प्रत्याशियों का औपचारिक परिचय दिल्ली वालों से करवाया जिसमें प्रत्येक सांसद प्रत्याशियों ने अपने-अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों के विकास कार्यों के लक्ष्य को मीडिया के सामने रखा।

**भाजपा के सातों प्रत्याशियों ने जीत के बाद के अपने पहले 100 दिन के विकास कार्यों की वरीयता बताई**

मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित संवाददाता सम्मेलन में सांसद एवं उत्तर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी, दक्षिणी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत, उत्तर पश्चिमी लोकसभा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया, चांदनी चौक लोकसभा प्रत्साशी प्रवीन खंडेलवाल, नई दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज और मीडिया रिलेशन विभाग के प्रमुख विक्रम मित्तल उपस्थित थे। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की भाजपा प्रत्याशियों का नए दायित्व अवसर के प्रति उत्साह अभूतपूर्व है और दिल्लीवालों की शुभकामनाओं से यह बेस्ट सेवीन साबित होंगे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि विकास कार्य एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इसकी रफ्तार मोदी सरकार में लगातार बढ़ रही है। लेकिन दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य विस्तार के नाम पर झूठ बोलकर दिल्ली के लोगों के साथ छलावा किया है। इसलिए भाजपा सांसद जीत के बाद अपने विकास कार्यों में पहली वरीयता में प्रयास करेंगे कि दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व एवं पश्चिम कैंपस बने ताकि दिल्ली में पढ़ने वाले छात्रों को और अधिक सुविधा मिल सके। सचदेवा ने कहा कि नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में जैसे केन्द्रीय अस्पताल हैं वैसे ही अस्पताल उत्तर पश्चिम एवं पूर्वी लोकसभा क्षेत्रों में खुलवाने का प्रयास किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### देश में एसएमबी सेक्टर में बढ़े रोजगार के अवसर

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था पर लघु एवं मध्यम उद्यमों एसएमबी का व्यापक प्रभाव देखने को मिला है। अंतरिम बजट 2024 में किए गए 22,137.95 करोड़ रुपए के आवंटन से इस सेक्टर में आगे और तेज विकास की संभावना है। ज्यादा क्लस्टर्स और नए टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित होने की भी उम्मीद है। इन आंकड़ों को लेकर वर्कइंडिया के सह-संस्थापक एवं सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा, 'भारत के आर्थिक उभार में एसएमबी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। ये आंकड़े न केवल इस सेक्टर में बढ़ती डिजिटल मैच्योरिटी दिखा रहे हैं, बल्कि इनसे कंपनियों एवं विभिन्न सरकारी पहल के बीच मजबूत गठजोड़ भी दिखता है। ब्लू कॉलर कर्मियों की नियुक्ति के लिए टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित अग्रणी प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने एसएमबी सेक्टर से निकलने वाले रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय बदलाव देखा है। एसएमबी की तरफ से पेड जॉब पोस्टिंग 11 प्रतिशत बढ़ी है, जो इस सेक्टर में रोजगार के बढ़ते अवसर की झलक दिखाती है। अलग-अलग सेक्टर्स में पिछले साल एसएमबी ने 20 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित किए।

### चुनाव को लेकर दिल्ली कांग्रेस की सोशल मीडिया कमेटी का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग द्वारा दिल्ली प्रदेश की सोशल मीडिया की कमेटी का पुनर्गठन किया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग हिदायतुल्लाह की अध्यक्षता में 114 सदस्यों (कमेटी की सूची संलग्न) की लोगों की कमेटी कांग्रेस पार्टी की आगामी लोक सभा चुनाव में पांच न्याय गारंटी के बारे में विस्तृत जानकारी पहुचाऐंगे, जिसका वायदा राहुल ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान किया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस की सोशल मीडिया कमेटी के सदस्य लोकसभा चुनावों में संगठन को मजबूत करने के साथ साथ भाजपा के केन्द्र में 10 वर्षों के कुशासन और अस्तित्वहीन विकास कार्यों का भ्रम और झूठे प्रचार को कांग्रेस की सोशल मीडिया कमेटी के पदाधिकारी जनता को उजागर करेंगे। लवली ने कहा भाजपा की केंद्र सरकार की जमीनी हकीकत से दिल्ली वालों को अवगत कराएंगे तथा भाजपा के सातों सांसदों की निष्क्रियता और अक्षमता और पिछले 10 वर्षों की नाकामियों को उजागर करने के साथ जनता की समस्याओं को मज़बूती से उठाएंगे।

### बसपा ने दक्षिणी दिल्ली से कर्नल देवेंद्र सहरावत को उतारा



**नई दिल्ली।** दिल्ली लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी दोनों ही दक्षिणी दिल्ली सीट पर से गुर्जर समाज का प्रत्याशी उतार दिया है तो बहुजन समाज पार्टी ने जाट समाज से अपना प्रत्याशी उतारकर लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रही है। यह कोई और नहीं बिजवासन विधानसभा क्षेत्र से आप के पूर्व व बागी विधायक कर्नल देवेंद्र सहरावत है जो जाट समाज की भावना को देखते हुए बसपा की टिकट पर दक्षिणी लोकसभा सीट से ताल ठोंक दिया है। कर्नल देवेंद्र सहरावत इस 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा के रामवीर सिंह बिधुड़ी और आप के सहीराम पहलवान के सामने मैदान में होंगे। हालांकि, अभी से यह कहना मुश्किल है कि इसमें किसकी हार होगी और किसकी जीत लेकिन दो गुर्जर समाज के प्रत्याशियों के सामने जाट समाज से बसपा प्रत्याशी का उतारने से त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता। अगर मुकाबला त्रिकोणीय नहीं भी हुआ तो समीकरण बिगड़ ही सकता है। इससे इंकार भी नहीं किया जा रहा है।

## भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का ख्याल रखना जरूरी : मतीन अहमद

**योग गुरु ने शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए किया प्रोत्साहित**

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस यूनानी उपचार जनता के द्वार मिशन 2025 के तहत 80वां नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर शहीद अशफाक उल्लाह खान पार्क, न्यू सीलमपुर दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद ने विशेष रूप से शिरकत की और शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर मतीन अहमद ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

ऐसे शिविर लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं, तथा समय-समय पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने के लिए ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के लोग बधाई के पात्र हैं, और यह लोग एक मिशन के तहत काम कर रहे हैं। यूनानी चिकित्सा पद्धति के बारे में मतीन अहमद ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौर में हम सभी ने अपनी आंखों से देखा कि लोग इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए वर्षों से प्रयोग किए जा रहे जड़ी बूटी से बने जोशांदे पी रहे थे। उन्होनें कहा कि हमारे वैध और हकीमों के पास जो जड़ी बूटियां और जो हकीमी दवाएं है वो हर दौर में कारगर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि यूनानी दवाएं बिना किसी नुकसान के शरीर को फायदा पहुंचाती हैं और शरीर को नई ऊर्जा देती है। इसलिए मैं एक बार फिर यूनानी से जुड़े सभी लोगों को इस पैथी को घर पहुंचने की महान सेवा करने के लिए बधाई देता हूं।

## पार्टियों द्वारा सफाई कर्मियों को रैली प्रदर्शन में जबरन ले जाने पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। अपने निजी स्वार्थों के चलते विभिन्न राजनीतिक पार्टियां सफाई कर्मचारियों को कभी धन्यवाद देने के तौर पर कभी अपनी उपलब्धि गिनवाने हेतु जबरन बसों में भरकर सभा स्थलों पर ले जाया करती है जो कि विधि सम्मत नही है अपितु सरकारी बाधा में रुकावट डालने का कार्य है।

दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग में आज आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि ऐसा संज्ञान में आया है एवं कर्मचारियो ने आयोग में बताया कि उनके निगम अधिकारियों के डराने धमकाने के कारण जबरन कर्मचारियों को बस में भरकर स्टेडियम में ले जाया जाता है।



- **निगम कमिश्नर और 12 जोनों के उपायुक्तों को दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा जारी किया नोटिस**

इसी सन्दर्म में चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि कुछ निगम अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके सम्बंधित निगम पार्षदों ने उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया जिसके चलते मजबूरीवश उन्हें ऐसा करने हेतु बाध्य होना पड़ा। सफाई कर्मचारियों ने अपनी शिकायत में बताया कि सुबह से शाम तक भूखे प्यासे बंधुआ मजदूरों की तरह उन्हें वहां रखा गया जबकि उनके विषय मे किसी प्रकार की कोई बात ही नही थी।

चेयरमैन संजय गहलोत ने इस व्यवस्था पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि अपने स्वार्थ के प्रति इस तरह कर्मचारियो को परेशान करना बेहद अपमानितजनक है, जो क़ानूनसम्मत भी सरासर गलत है इस पर तत्काल रोक लगाने की

## वोट मांगने का अधिकार खो चुकी है भाजपा : जलील

**इंडिया गेट पर दी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि**



**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। नवरंग कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख जलील ने सोमवार को इंडिया गेट पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मैं उन सभी शहीदों को सलाम करता हूं जिन्होंने भारत को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि आजादी के 77 साल बाद भी आजादी केवल अमीरों की बपौती बनकर रह गई है। हर गरीब को भोजन, आश्रय, शिक्षा, चिकित्सा और काम की जरूरत है, लेकिन उद्योगों और रोजगार की कमी है। इस देश में भाजपा के सत्ता में आने के बाद लोगों की बीच दरारें बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री सिर्फ हिंदुओं के नहीं बल्कि भारत के हर नागरिक के हैं। ऐसे में क्या देश में जाति और धर्म का सम्मान किए बिना मुसलमानों पर सीएए, एनआरसी, यूसीसी थोपना मूर्खता है ? उन्होंने कहा कि भाजपा इस देश में वोट मांगने का अधिकार खो चुकी है। एससी, एसटी, बीसी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों को राज्य की सत्ता में आनुपातिक रूप से समान हिस्सेदारी नहीं दी गई है।

आरएसएस, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद आने वाले चुनाव में बीजेपी को समर्थन नहीं देंगे। जलील ने बताया कि नवरंग कांग्रेस पार्टी 543 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मैं चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हूं और मेरा चुनाव चिन्ह कांच का गिलास है।

अगर मैं जीतूंगा तो दिल्ली की जनता को विकास दिखाऊंगा। दिल्ली के मास्टर प्लान में राष्ट्रीय राजमार्ग, आउटर रिंग रोड, मेट्रो डबल लाइन तोड़ेंगे, देश में रेलवे जोन 4 लाइन होंगे, ड्रेनेज सिस्टम के तहत सडकें 6 लाइन होंगी।

## यौन उत्पीड़न के खिलाफ अंबेडकर अस्पताल के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। रोहिणी स्थित बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की छात्राओं के साथ हुए यौन शोषण के खिलाफ सोमवार को कई संगठनों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर सलीम शेख ने छात्राओं के साथ यौन शोषण किया है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर सलीम शेख को नोटिस जारी कर दिया है। वहीं मेडिकल कॉलेज ने भी कार्रवाई करते हुए उसे 10 दिनों की छुट्टी पर भेज दिया। साथ ही परीक्षा की ड्यूटी से हटा दिया है। बताया जा रहा है कि छात्राओं ने मेडिकल कॉलेज के निदेशक प्राचार्य को पत्र लिखकर शिकायत की थी। इसी के विरोध में सोमवार को भारी संख्या में हिंदू व सामाजिक संगठनों के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं अस्पताल के बाहर जमा हुए और दिल्ली सरकार व अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे हिंदू जागरण मंच (दिल्ली प्रांत) के पदाधिकारी राम किशन ने कहा कि कुछ दिन पहले मेडिकल कालेज की छात्रा ने कालेज के ही प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहायक प्रोफेसर सलीम शेख पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी कालेज प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस आयुक्त से भी मिले हैं। वहीं विरोध प्रदर्शन करने वाली महिलाओं ने कहा कि दिल्ली को संदेशखाली नहीं बनने देंगे।



- **पुलिस ने मामला दर्ज कर भेजा नोटिस**
- **छुट्टी पर भेजे गए सहायक प्रोफेसर**
- **मेडिकल कॉलेज कर रहा जांच, हो सकती है कार्रवाई**

### यह है मामला

पुलिस ने दर्ज की एफआईआर के मुताबिक सहायक प्रोफेसर सलीम शेख ने 31 जनवरी को फार्माकोलॉजी विभाग में दोपहर करीब सवा एक बजे वाइवा के दौरान एमबीबीएस की छात्राओं के साथ शारीरिक शोषण किया था। इसमें कहा गया कि कॉलेज में शिकायत देने के दो सप्ताह बाद भी इसपर कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना के विरोध में पीड़ित मेडिकल छात्रों ने 22 फरवरी को रोहिणी नॉर्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी।

### चल रही है जांच

मेडिकल कॉलेज के निदेशक प्राचार्य डॉ. ईश्वर सिंह ने कहा कि छात्राओं के आरोप पर कार्रवाई शुरू हो गई है। सहायक प्रोफेसर को सभी सेवाओं से हटाकर छुट्टी पर भेज दिया गया है। यौन उत्पीड़न के खिलाफ समिति मामले की जांच करते हुए सभी के बयान दर्ज कर रही है। जांच के बाद जो दोषी होगा उसपर नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।





**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 100/2023-2024 दिनांक 08.03.2024. क्र.सं. 04
निविदा संख्या 10240052 खुलने की तिथि 08.04.2024

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 08.04.2024 से बढ़ाकर 15.04.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

नोट: उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। दिनांक: 15.03.2024 872/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-35-T-R1-23-24-E3, रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2021/ईईएम/180/11 दिनांक 09.11.2021 के अनुसार एसएसई/पीएस/एसएसबी के अधिकार क्षेत्र में रेलवे क्वार्टर की रीवायरिंग के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 159.53 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 229800 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 01.04.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 01.04.2024 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 875/24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/वर्क्स नई दिल्ली में वीडीसी फर्श के साथ सिकलाइन एप्रोच रोड का पुनर्निमाण जिसमें जल निकासी प्रणाली में सुधार और दिव्यांग सुविधाओं सहित पुरुष/महिला शौचालय परिसर का निर्माण, कोच केयर सेंटर के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रावधान, ईओजी शेड, लेथ मशीन शेड आदि शामिल हैं ताकि एनजीटी दिशानिर्देशों के अनुसार जल स्तर को रिचार्ज किया जा सके, चारदीवारी पर क्रश एंटीना बाड़ लगाने के प्रावधान सहित आरसीसी के साथ सिकलाइन सीमा दीवार की मरम्मत और अन्य संबद्ध कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.2,28,03,565.05/- (मात्र दो करोड़ अटठाईस लाख तीन हजार पांच सौ पैंसठ रुपये और पांच पैसे) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,64,000/- (दो लाख चौसठ हजार रुपये) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.04.2024 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 20426203 |

- ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128-डब्लू/280/ई-निविदा सूचना/89-2023-24/डब्यू-3
दिनांक : 18.03.2024 865/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 976/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 11.10.2023 श्री नत्थी स्व0 श्री जेतू नि0 ग्राम अट्टा गुजरान परगना-दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 24.03.2023 को हो चुकी है मृतक के सीन पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित हैं

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 654, 657, 658, 659, 660, 661, 662, 663, 745, 782, 783, 784, 779 | श्री नत्थी स्व0 श्री जेतू नि0 ग्राम अट्टा गूजरान परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री डालचन्द | पुत्र | 64 वर्ष | |
| | | | श्री वीरसिंह | पुत्र | 59 वर्ष | |
| | | | श्री अतर सिंह | पुत्र | 61 वर्ष | |
| | | | श्री कन्हैया | पुत्र | 50 वर्ष | |
| | | | श्रीमती परसन्दी | पुत्री | 65 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती राजबाला | पुत्री | 45 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती शकुन्तला | पुत्री | 47 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री चरन सिंह | पौत्र | 37 वर्ष | |
| | | | श्री जयवीर | पौत्र | 30 वर्ष | |
| | | | श्रीमती कृष्णा देवी | पौत्री | 43 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती प्रमिला | पौत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सीमा | पौत्री | 43 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती रीना | पौत्री | 30 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती मीनू | पौत्री | 29 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगी।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी, जि0-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी0एच0एस011 योजना में भवन संख्या-633एसएफ, BLOCK-E, SECTOR-XU-01, AREA-30 SQM, ALLOTMENT NO.-BHS1191862, SH. TAIYAB HUSSAIN ANSARI S/O SH. ALI RAZA ANSARI के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। SH. TAIYAB HUSSAIN ANSARI S/O SH. ALI RAZA ANSARI की मृत्यु दिनांक 03.08.2017 को हो गयी है। उक्त भवन को मृतक आवंटी SH. TAIYAB HUSSAIN ANSARI S/O SH. ALI RAZA ANSARI के स्थान पर उनकी पत्नी SMT. RABEYA KHATOON W/O LATE SH. TAIYAB HUSSAIN R/O-QUARTER NO.1436, SECTOR-1/B, BOKARO STEEL CITY, MARAFARI COLONY, BOKARO, JHARKHAND, PIN-827012 ने वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय है। SH. TAIYAB HUSSAIN ANSARI S/O SH. ALI RAZA ANSARI के स्थान पर उनकी पत्नी SMT. RABEYA KHATOON W/O LATE SH. TAIYAB HUSSAIN R/O-QUARTER NO. 1436, SECTOR-1/B, BOKARO STEEL CITY, MARAFARI COLONY, BOKARO, JHARKHAND, PIN-827012 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कर्याधिकारी सम्पत्ति
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक हो गई है, उन मतदेय स्थलों पर सहायक मतदेय स्थल बनाये जाने होंगे।

**इन्द्र विक्रम सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी**

## नए वित्तीय वर्ष की तिमाही में पास होगा नोएडा का बजट

**नोएडा,** 18 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा का बजट इस बार नए वित्तीय वर्ष की अगली तिमाही में ही आएगा। आचार संहिता लगने की वजह से वित्तीय बैठक नहीं हो सकी। इसलिए कोई भी नए प्रोजेक्ट पर काम नहीं होगा। हालांकि ग्रेटरनोएडा, यमुना विकास प्राधिकरण का वित्तीय बजट पास हो चुका है। प्राधिकरण ने वित्तीय रिव्यू बैठक की थी। जिसके तहत नए वित्तीय वर्ष का बजट करीब 7 हजार करोड़ के आसपास रहने वाला था। इसमें ग्रामीण विकास पर सिविल में 80 करोड़ और अन्य विभागों के अलग-अलग बजट रखे गए थे। इसका कच्चा खाका तैयार किया गया था। फाइनल मुहर वित्तीय बैठक में लगनी थी। कयास लगाए जा रहे थे कि 10 या 11 में वित्तीय बजट बैठक हो सकती है। लेकिन ऐसा हुआ नहीं इसके बाद 16 को आचार संहिता लग गई। ऐसे में अब चुनाव परिणाम के बाद ही वित्तीय बैठक होगी। यानी नोएडा के विकास का बजट जून में पास किया जाएगा। ऐसे में अनुरक्षण से लेकर जिन परियोजनाओं के टेंडर हो चुके है उनके लिए थोड़ी वित्तीय समस्या आ सकती है। हालांकि विगत वित्तीय वर्ष की प्राप्तियों से ही मौजूद समय में चल रहे निर्माण कार्य, अनुरक्षण कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश अनुरक्षण कार्य के टेंडर पहले ही किए जा चुके है। इसलिए कोई दिक्कत नहीं है। वहीं नई योजनाओं में एक्सप्रेस वे पर दो अंडरपास, चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाईओवर के बीच के पेच को चौड़ा करना, थीम बेस्ड पार्क के अलावा उद्योग मार्ग का मॉडल रोड में तब्दील करने, शहर में 82 हजार वाटर मीटर लगाने जैसे कार्य अब चुनाव के बाद ही किए जाएंगे।

## अधिक मतदाता होने पर मुरादनगर में बढ़ा एक मतदेय स्थल : सिंह

**गाजियाबाद,** 18 मार्च (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराया और उनका पालन करने को कहा।

■ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक हो गई है, उन मतदेय स्थलों पर सहायक मतदेय स्थल बनाये जाने होंगे। इस सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को बताया गया कि दिनांक 24 जनवरी के पश्चात् विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरन्तर पुनरीक्षण-2024 की अवधि के दौरान मतदाताओं से प्राप्त दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त 54-मुरादनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मतदेय स्थल संख्या-501 में 1523 मतदाता होने के कारण निम्न विवरण के अनुसार एक सहायक मतदेय स्थल 501अ बनाया गया है।

बैठक में मुख्य रूप से सुभाष चन्द्र शर्मा (जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा) ओमवीर सिंह (जिला महासचिव बसपा), दयाराम सैन (जिलाध्यक्ष बसपा), राजन कश्यप (महासचिव महानगर सपा) राजेन्द्र शर्मा (जिला महासचिव कांग्रेस), फैसल हुसैन (जिलाध्यक्ष सपा), गम्भीर सिंह (अपर जिलाधिकारी नगर) योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों सहित किया मतदान पार्टियों के रवानगी स्थलों का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 18 मार्च (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चयनित मतदान पार्टियों की रवानगी स्थलों दिल्ली पब्लिक स्कूल साहिबाबाद, टीला शहबाजपुर, लोनी उक्त स्थल से लोनी-53 के लिए, रामलीला मैदान कविनगर, गाजियाबाद स्थल से मुरादनगर-54, मोदीनगर-57 के लिए व केन्द्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर का ग्राउण्ड स्थल से साहिबाबाद-55, गाजियाबाद-56, धौलाना 58 के लिए रवानगी होगी, जिनका जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों संग स्थलीय निरीक्षण किया गया। इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा उक्त तीनों रवानगी स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि रवानगी के लिए चयनित वाहनों का समय से अधिग्रहण कर, रख-रखाव का ध्यान रखा जाए, उक्त स्थलों पर जहां भी गड्ढ़े हैं। उन्हें तुरन्त भरवाया जाए। वाहनों की रवानगी के लिए क्रमवार तरीके से सूची बनाई जाए, जिससे की रवानगी में कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही रूट चार्ट भी सावधानी से तैयार कर लिया जाए, जिससे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय से वाहन अपने स्थान पर पहुंच जाए। इसके साथ ही रवानगी स्थलों पर निर्वाचनकर्मियों की सुविधा हेतु आवश्यक सुविधाएं जैसे खाना, पानी, लाईट, शौच सहित अन्य की व्यवस्था की जाएं। जिससे कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को आदेश दिए कि वे रूट चार्ट के अनुसार अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाएं और जांच करें कि बस सहित अन्य वाहनों को मतदान केन्द्रों पर पहुंचने पर कोई समस्या ना हो, साथ ही मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों पर निर्वाचन कर्मियों एवं मतदाताओं की सुविधाओं हेतु जरूरी संसाधनों एवं आने-जाने के रास्तों सहित अन्य की जांच करें, यदि कहीं कोई समस्या हो तो उसका त्वरित कार्रवाई कर निस्तारण किया जाए।



**वाहनों का किया जाए समय से अधिग्रहण, रख-रखाव का रखे ध्यान : जिला निर्वाचन अधिकारी**

स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ सीडीओ, अपर नगरायुक्त, एडीएम ई, एडीएम सिटी, एडीएम एल/ए, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला युवक का शव

**बुलंदशहर।** चोला क्षेत्र के गांव धमैड़ा नारा निवासी विकास 25 वर्ष पुत्र राजन सिंह का सोमवार सुबह गांव से बाहर जंगल में पेड़ से फांसी से लटका हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से बाहर जंगल में युवक का पेड़ से फांसी पर लटका हुआ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा। बताया जाता है कि मृतक विकास का तीन वर्ष पहले ही विवाह हुआ था। जिस पर एक वर्ष का पुत्र है। बीते चार -पांच महीने से पत्नी से अनवन के चलते पत्नी लक्ष्मी अपने मायके में रह रही है। मृतक के पिता की दस वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। मृतक इकलौता पुत्र था। वृद्ध मां सावित्री देवी का रो रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि पृथम दृष्टया मामला गृहक्लेश के चलते खुदकुशी का प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के लगी गोली, गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस रविवार देररात भंगेल कट पर जांच कर रही थी।



इस बीच बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पास आने पर उसको रूकने का संकेत दिया। इस दौरान मोटर साइकिल सवार व्यक्ति पीछे मुड़कर नाले की तरफ भागने लगा। भंगेल के पीछे नाले वाले रास्ते पर पुलिस द्वारा करीब 200 मीटर तक पीछा किया गया। अपने को घिरता देख उसने पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश की पहचान आदित्य खारी पुत्र विजेन्द्र खारी निवासी सलेमपुर, जिला सहारनपुर हुई। इसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, 2 लूटे गए मोबाइल सैमसंग कंपनी को फोन, 1 तमंचा 315 बोर का बरामद किया गया। एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का है। ये राह चलते लोगों को तमंचा दिखाकर उनसे लूटपाट की घटना करता था। इसका एक लंबा आपराधिक रिकार्ड है। अब तक छह मुकदमे सामने आए है। जिसमें राह चलते लूटपाट की घटना को किया गया। इससे पूछताछ की जा रही है।

### युवक का मोबाइल लेकर भागे आरोपियों ने खाते से निकाले 1.11 लाख

**नोएडा।** घर पर कॉल करने के लिए निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी का मोबाइल मांगने के बाद दो आरोपी फोन लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने पीड़ित के खाते से एक लाख 11 हजार रुपए भी निकाल लिए। काफी प्रयास के बाद भी जब मोबाइल नहीं मिला तो पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-20 पुलिस से की। शिकायत में हरौला निवासी सत्येंद्र ने बताया कि वह हरियाणा में जूते बनाने वाली कंपनी में काम करते हैं।

## लोकसभा चुनाव-2024 के लिए इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया में आचार संहिता के अनुपालन हेतु दिशा-निर्देश जारी

**गाजियाबाद,** 18 मार्च (देशबन्धु)। महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता के सम्बंध में शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से मीडिया व रविवार को प्रिंटिंग प्रेस के प्रतिनिधियों/प्रबंधकों/संचालकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के सम्बंध में जारी दिशा निर्देशों में पढ़कर बताया कि प्रेस का यह कर्तव्य होगा कि वह चुनावों और उम्मीदवारों के बारे में वस्तुनिष्ठ रिपोर्ट दें। समाचार पत्रों से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वे, चुनाव के दौरान किसी भी उम्मीदवार/पार्टी या घटना के बारे में दिगभ्रमित चुनाव अभियान, अतिश्योक्तिपूर्ण रिपोर्ट न दें। सामान्य तौर पर, दो या तीन करीबी उम्मीदवार सभी मीडिया का ध्यान आकर्षित करते हैं। वास्तविक अभियान पर रिपोर्टिंग करते समय, एक समाचार पत्र उम्मीदवार द्वारा उठाए गए किसी भी महत्वपूर्ण बिंदु को बिना छोड़े उम्मीदवार के प्रतिद्वंद्वी पर टीका टिप्पणी नहीं कर सकता है। चुनाव नियमों के तहत सांप्रदायिक या जाति के आधार पर चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसलिए, प्रेस को उन रिपोर्टों से बचना चाहिए, जो धर्म, जाति, सम्प्रदाय, समुदाय या भाषा के आधार पर लोगों के बीच शत्रुता या घृणा की भावनाओं को बढ़ावा देती हैं। किसी भी तरह से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य मीडिया द्वारा किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एक्जिट पोल के परिणाम को प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित नहीं किया जाएगा। इसके सहित अन्य दिशा निर्देशों के पत्रों को जारी किया। इसके साथ प्रिंटिंग प्रेस वालों को बताया कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न हो। सभी होर्डिंग, विज्ञापन इत्यादि संबंधित प्राधिकारियों द्वारा तुरन्त हटा दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्ति, अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित अन्य मीडिया पर सरकारी राजकोष के खर्चे पर कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में सभी मीडिया बंधुओं/ प्रिंटिंग प्रेस वालों को भारत निर्वाचन आयोजन द्वारा भेजी गई दिशा-निर्देशों की सूची उपलब्ध कराई गई।

■ **जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की मीडिया व प्रिंटिंग प्रेस के साथ की बैठक**



## आओ मिलकर लोकतंत्र का पर्व मनाएं वोट डालकर हम अपना दायित्व निभाएं

**गाजियाबाद,** 18 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होते ही मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नगर निगम भी एक्शन मोड में आ गया है। सोमवार को नगर निगम ने पांचों जोन में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के माध्यम से भी शहर वासियों को मतदान के लिए गाजियाबाद नगर निगम जागरुक व प्रेरित करना शुरू कर दिया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि कूड़ा कलेक्शन वाहनों में भी मतदान जागरूकता के लिए प्रचार किया जा रहा है। लगभग 415 वाहनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से मतदान के लिए शहर को जागरूक किया जा रहा है। शहर के 5 जोन में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से मतदान अवश्य करने के लिए अपील की जा रही है। जिसमें वोट डालना हम सभी की जिम्मेदारी है। दायित्व को याद दिलाते हुए अपना वोट इस्तेमाल करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम कूड़ा कलेक्शन वाहनों के माध्यम से अपील जारी है। नगर आयुक्त ने बताया कि सफाई व्यवस्था से लेकर बूथों की तैयारी पर विभाग अनुसार गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है। अधिकारियों के साथ-साथ अन्य टीम भी लोकतंत्र के पर्व को सफल मनाने में जुटा हुआ है। नगर स्वास्थ्य डॉ. मिथलेश कुमार ने बताया कि विभाग टीम बढ़-चढ़कर मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है जहां कूड़ा कलेक्शन वाहन कूड़ा इकट्ठा कर रहे हैं, कचरा पृथक्करण के साथ-साथ मतदान के लिए भी जागरूक कर रहे हैं।



■ **कूड़ा कलेक्शन वाहनों से मतदान के लिए जागरूक कर रहा है नगर निगम**

## 28.07 करोड़ की धोखाधड़ी में बैंक के दो कर्मी गिरफ्तार

**नोएडा,** 18 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-22 स्थित साउथ इंडियन बैंक के सहायक प्रबंधक द्वारा 28.07 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच और सेक्टर-24 पुलिस की टीम ने दो बैंक कर्मचारियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि सहायक प्रबंधक द्वारा की गई धोखाधड़ी की दोनों को जानकारी थी और जांच के दौरान इसमें इनकी संलिप्तता भी मिली। दोनों के पास से बरामद दो मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।



**फर्जी बैंक खाते खोलकर दिल्ली-एनसीआर के लोगों से करते थे ठगी**

मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। उसके विदेश में होने की आशंका जाहिर की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने कुछ दिन पहले ही ठगी की चार करोड़ की रकम फ्रीज करा दी थी। ठगी की शेष रकम को भी फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है। एडिशनल डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्त में आए कर्मचारियों की पहचान सेक्टर-34 स्थित अरावली अपार्टमेंट निवासी 23 वर्षीय जैरी जैशन और दिल्ली के दिलशाद गॉर्डन निवासी बिबिन सैब्सटैन के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी सूरजपुर के पास से हुई है। आरोपियों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी बैंक खाते खोलकर दिल्ली-एनसीआर के लोगों के साथ ठगी की जाती थी। करोड़ों की धोखाधड़ी और गबन के मामले में साउथ इंडियन बैंक के डीजीएम रिजनल ने आरोपी सहायक प्रबंधक, उसकी मां और पत्नी समेत अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में दो माह पहले केस दर्ज कराया था। शिकायत में रैनजीत आर नायक ने बताया था कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से सेक्टर-22 स्थित शाखा से गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। जिस पर विभाग ने अपनी विजिलेंस टीम से यहां की जांच कराई। जांच में पता चला कि सेक्टर-48 स्थित एसोसिएट इलेक्ट्रानिक्स रिसर्च फाउंडेशन नामक कंपनी के खाते से सहायक बैंक प्रबंधक राहुल शर्मा ने 28.07 करोड़ रुपए पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा समेत अन्य के खातों में ट्रांसफर कर कंपनी व बैंक के साथ धोखाधड़ी की है। इस मामले में एसोसिएट इलेक्ट्रानिक्स रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने तीन, चार और छह दिसम्बर को ईमेल से शिकायत दर्ज कराते हुए खाते से रुपये बिना अनुमति व जानकारी के ट्रांसफर करने के आरोप लगाए थे।

## भनक लगती तो एल्विश खड़ी कर देता वकीलों की फौज

**नोएडा,** 18 मार्च (देशबन्धु)। एल्विश यादव की गिरफ्तारी की स्क्रिप्ट काफी पहले तैयार की गई। बस नोएडा पुलिस को सीधा कोई लिंक नहीं मिल रहा था। एफएसएल की रिपोर्ट और फाजिलपुरिया के साथ बनाए गए वीडियो को नोएडा पुलिस ने आधार बनाया और एनडीपीएस की धाराओं में बढ़ोतरी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब हम आपको गिरफ्तारी से पहले लेकर चलते है। नोएडा पुलिस को मालूम था कि यदि एल्विश को जरा सी भी भनक लगी कि उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा तो वो नोएडा नहीं आता। इसलिए एक प्लान बनाया गया। जिसकी पूरी जानकारी पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को थी। पुलिस ने उसे नोएडा ये कहकहर बुलाया कि काफी दिनों से मीडिया में चर्चा का माहौल बना हुआ है। दो चार सवाल पूछे जाएंगे आप आए और अपना बयान दर्ज कराकर वापस जा सकते है। लेकिन यहां तो पूरी स्क्रिप्ट ही तैयार थी। पुलिस ने आठ नवंबर को एल्विश को जारी किए गए एक नोटिस के आधार पर ही उसे बुलाया। एल्विश सेक्टर-113 स्थित अपने दोस्त के फार्म हाउस पर आया। वहां पुलिस पहुंची।

■ **वीडियो को बनाया आधार, फाजिल पुरिया को जारी हो सकता है समन, पिता के सामने हुआ भावुक**

**पहले मोबाइल बंद करवाया फिर, सवा दो घंटे में पूछे 200 सवाल**

नोएडा पुलिस ने पहले एल्विश का मोबाइल फोन बंद करवाया। इसके बाद महज सवा दो घंटे में दो सौ से ज्यादा सवाल पूछे। कई प्रश्नों का उत्तर दिया। तब तक उसे नहीं पता था कि इन सवालों का मक्सद क्या है। जवाब हां में मिलते ही पुलिस ने मौजूदा एफआईआर में एनडीपीएस की धारा 8/20 के अलावा धारा-27, धारा-27ए, धारा 29 व धारा-30 और धारा-32 में बढ़ोतरी की गई। जाहिर है इन धाराओं में बढ़ोतरी का मतलब भी यही बनता है पार्टी में वेनम का प्रयोग नशे के लिए किया जाता था। जिसमें उसे अधिकतम 20 साल तक की सजा हो सकती है। एल्विश को नहीं पता था कि उसे गिरफ्तार किया जा सकता है इसलिए वकीलो की फौज तक वो अपने साथ नहीं लाया। बता दे इससे पहले जब पहली बार एल्विश को बुलाया गया था उस दौरान हायर कोर्ट के कई वकील उसके साथ आए थे। उसे दोबारा सवाल जवाब के लिए उसी समय एल्विश को नोटिस जारी कर दिया गया था। कोर्ट के अंदर भी वो चुप रहा जब उससे पूछा गया कि क्या आपका रेव पार्टी से क्या संबंध है इस पर उसने साफ कहा 'मैं इस बारे में नहीं जानता'।

### इस तरह के सवालों का एल्विश ने किया सामना

FSL की रिपोर्ट में करैत सांप का जहर होना बताया गया है आपको पता है ये किस स्तर का जरह है। इससे पैरालाइसेस और मौत भी सकती है। किन-किन पार्टियों में नशे के लिए इस तरह के खतरनाक सांपों के जहर का प्रयोग किया गया। राहुल के रिमांड पर दिए गए बयानों के आधार पर एल्विश यादव से सवाल-जवाब किया गया। पीएफआई ने कई वीडियो और ऑडियो जारी किए जिसमें आप साप को गले में दिख रहे है, ऑडियो में राहुल भी आपके नाम कर जिक्र कर रहा है साफ है आपके कहने पर ही पार्टी में वेनम सप्लाई किया जाता है। दिल्ली, फरीदाबाद और नोएडा के फार्म हाउसों में हुई पार्टी में आपका क्या रोल है। क्या ये जहर नशे के लिए वहां भी यूज किया गया। राहुल और आपके बीच कई बार फोन पर बातचीत हुई, इसमें क्या आप राहुल को सांप और वेनम लाने के लिए कहते थे ये डील कितने में होती थी?

**आज की रात भी जेल में ही कटी**

सोमवार को कोर्ट में एल्विश की जमानत पर सुनवाई होनी थी। लेकिन वकीलों की हड़ताल के चलते एल्विश की जमानत पर सुनवाई नहीं सकी। जेलर अरुण कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर एल्विश के पिता राम अवतार यादव अपने बेटे मिलने जेल आए थे। राम अवतार की उनके बेटे से मुलाकात कराई गई है। दोनों के बीच काफी देर तक बात होती रही। बताया जा रहा है कि इस दौरान एल्विश अपने पिता से मिलकर काफी इमोशनल हो गया। इस दौरान वकील भी उनके साथ थे। उसे लुक्सर जेल के क्वाराइंटान सेल में रखा गया है। वहां आम कैदियों की तरह ही उसे ओढ़ने और बिछाने के लिए कंबल दिए गए है।

## 10 लाख से अधिक के लेनदेन पर रहेगी नजर

**नोएडा,** 18 मार्च (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मनीष कुमार वर्मा ने आज बैंकर्स के साथ बैठक की। इस दौरान बैंकरो को निर्देश दिया कि बैंकों में हो रहे 10 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन की पूरी रिपोर्ट तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजेंगे। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी इस संबंध में जानकारी आगे आयकर विभाग को भेजेंगे। उन्होंने बैंकर्स को 10 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। ताकि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए धन के प्रयोग पर अंकुश लगाया जा सके।

■ **बैंकरो को निर्देश तैयार करेंगे सूची**
■ **जिला निर्वाचन अधिकारी आयकर विभाग को भेजेंगे**



जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि बाह्य स्रोत एजेंसियों व कंपनियों से नगदी ले जाने वाली गाड़ियां किसी भी परिस्थिति में बैंक की नगदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नगदी अपने साथ वाहन में नहीं रखेंगे।

बाह्य स्रोत एजेंसी व कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र व दस्तावेज इत्यादि होने चाहिए, जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गई नगदी का विवरण व किस प्रयोजन के लिए राशि उपलब्ध करायी गयी है (जैसे एटीएम मशीनों में भरने/अन्य शाखों अथवा बैंकों में रखने आदि) की पूरी जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नियुक्त किए गए उड़न दस्ता दल या स्टैटिक निगरानी दल के द्वारा इन गाड़ियों को रोका जाता है तो उनके द्वारा सत्यापन किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा E-SMS और C-VIGILऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई बताया कि इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम से किस प्रकार चुनाव में अनैतिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाई जा सकती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में सभी बैंकर्स से यह भी कहा कि आप बैंक कार्मिकों के माध्यम से बैंकों में आने वाले उपभोक्ताओं को जागरूक कराए। ताकि वोटर किस प्रकार से वोटर हेल्पलाइन पर जाकर वोटर लिस्ट में अपना नाम एवं बूथ चेक कर सकते हैं। साथ ही उनको मतदान के लिए प्रेरित भी किया जाए, ताकि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके।

## उद्योग विशेषज्ञों ने बताया इंटर्नशिप का महत्व

**नोएडा,** 18 मार्च (देशबन्धु)। एमिटी में 'एक्स कनेक्ट' नामक इंटर्नशिप फेयर 2024 का आयोजन किया गया। इस इंटर्नशिप फेयर 2024 में यूएसए के ओपन हेल्थ सिस्टम लैबोरेटरी के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, एरिक्सन के भारत व साउथ इस्ट एशिया के प्रतिभा अधिग्रहण के प्रमुख धीरज मोदी के अलावा कई अन्य मौजूद रहे। अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उद्योगों को बड़ी संख्या में कुशल मानव संसाधन प्रदान कर रहा है। अन्य क्षेत्रों में कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न खंडों का उपयोग होता है। लेकिन मेडिकल के क्षेत्र में सभी खंडों का साझा उपयोग किया जाता है। आज भी मेडिकल सांइस ने प्रौद्योगिकी के सामने बहुत सारी चुनौतियां खड़ी कर रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि आपको मेडिकल क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए तकनीकी को आसान बनाना होगा। इंटर्नशिप आपके व्यवसायिक जीवन का पहला कदम है इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। धीरज मोदी ने कहा कि हम जब भी कोई वस्तु ऑनलाइन खरीदते है तो उसकी प्रस्तुती से प्रभावित होकर उसके बारे में सारी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही उसका आर्डर देते है। इसलिए स्वयं को इंटर्नशिप में प्रस्तुत करने के लिए तैयार रखें। अपने संचार कौशल, ज्ञान कौशल और व्यवहार कौशल को बेहतरीन बनाये। हम प्रशिक्षुओं के चयन में समूह में कार्य करने, नेतृत्व करने जैसे गुणों को प्रमुखता देते है।



उवाच

यही एक ऐसा पर्व है, जिसमें अपनी आंतरिक एवं बाह्य देशों को अग्नि को समर्पण करके स्वच्छ एवं निर्मल मन से अपने आपको भगवान के चरणों में समर्पण करना चाहिए जिससे हमारे भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति संभव हो सके।

श्रीनिवास आचार्य महाराज



# नोएडा एयरपोर्ट का रनवे उड़ान भरने को तैयार

■ नियाल की बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की गई प्रगाति रिपोर्ट ■ ओवरऑल 80 फीसदी काम हो गया है पूरा ■ 10,056 करोड़ में से 7371 करोड़ रुपए हुए खर्च ■ उड़ानों से संबंधित ज्यादातर उपकरण अगस्त तक कर दिए जाएंगे स्थापित



**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का रनवे बनकर तैयार हो गया है। इसके साथ ही प्रथम चरण का ओवरऑल 80 फीसदी काम लगभग पूरा हो चुका है। ऐसे में हवाई जहाजों की उड़ानों का ट्रायल कभी भी हो सकता है। रनवे व एटीसी टावर पर उड़ानों से संबंधित उपकरण अप्रैल माह में स्थापित कर दिए जाएंगे। वहीं कुल बजट 10,056 करोड़ में से 7371.51 करोड़ रुपए अब तक खर्च हो चुके हैं। निर्माणाधीन एयरपोर्ट की प्रगाति रिपोर्ट तीन दिन पहले लखनऊ में हुई नोएडा इंटरनेशन एयरपोर्ट अथॉरिटी लिमिटेड (नियाल) की बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की गई।

बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की गई प्रगाति रिपोर्ट के मुताबिक निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के 3900 मीटर लंबे रनवे का काम पूरा हो गया है। रनवे पर रिफ्लेक्टर सहित उड़ानों से संबंधित अन्य उपकरण लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। टर्मिनल बिल्डिंग काम काम भी अंतिम चरण में है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टॉवर के सिविल का काम पूरा हो चुका है। फिनिशिंग का काम भी आखिरी दौर में है। बिल्डिंग में शीशे लगाने का काम चल रहा है। साथ ही टावर के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद कर ली गई है। नियाल के अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के प्रथम चरण को पूरा करने के लिए 10,056 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है, जिसमें से 7371 करोड़ रुपए अब तक खर्च किए जा चुके हैं, जो कुल धनराशि का 73 फीसदी है। बता दें कि एयरपोर्ट के निर्माण में खर्च होने वाली धनराशि में उत्तर प्रदेश सरकार और नोएडा प्राधिकरण की 37.5 फीसदी और यमुना और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 12.5 फीसदी हिस्सेदारी है। प्रगति रिपोर्ट के मुताबिक एयरपोर्ट सर्विलांस रडार (एआरएस) नार्थ और एयरपोर्ट सर्विलांस रडार (एआरएस) साउथ का काम अक्टूबर 2024 तक पूरा होगा। 29 सितम्बर 2024 को उड़ान शुरू होना प्रस्तावित है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि बिना रडार के भी 50-60 उड़ान शुरू की जा सकती है। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

## मौसम संबंधी जानकारी देने का उपकरण हुआ क्रियाशील

वहीं नोएडा एयरपोर्ट की साइट पर मौसम संबंधी जानकारी देने के लिए लगाया गया उपकरण विंटर फाग एक्सपेरिमेंट क्रियाशील हो गया है। इसे भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से स्थापित किया गया है। उड़ानों का ट्रायल शुरू होने से पहले ही दृश्यता संबंधी आंकड़े मिलने शुरू हो गए हैं। इससे एयरपोर्ट पर उतरने व उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स को दृश्यता की जानकारी दी जाएगी।



वहीं ऑटोमेटिक डेपेंडेंट सर्विलांस ब्रॉडकास्ट (एडीएस-बी), एडवांस सरफेस मूवमेंट गाइडेंट्स एंड कंट्रोल सिस्टम (एएसएमजीसीएस), ऑटोमेशन सिस्टम और सरफेस मूवमेंट रडार (एसएमआर) का काम 30 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा रनवे पर उड़ानों से संबंधित उपकरण लगाने का काम शुरू कर दिया है। इससे हवाई जहाज के उड़ान भरने और उतरने का संकेत मिलेगा।



रिफ्लेक्टर और साइनेज जैसे ये उपकरण हवाई जहाज की उड़ान और लैंडिंग के वक्त पायलट की मदद करते हैं।

# लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान



**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरुकता अभियान पूरे जिले में जलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला उप क्रीडा अधिकारी अनीता नागर, संबंधित अधिकारी गण एवं खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को मताधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जी.एल. बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकता के लिए जनपद स्तरीय कार्यक्रम हमारा आंगन हमारे बच्चे आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं प्राथमिक शिक्षकों को स्वीप ऑर्डिनेटर हरेंद्र शर्मा, दिशा चौधरी एवं शबनम अधाना ने मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता की शपथ दिलाई। जिला समन्वयक अर्चना शिरोमणि की अध्यक्षता में ब्लॉक संसाधन केंद्र जेवर में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसमें मताधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए जन सामान्य को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

# प्रचार सामग्री प्रिंट करने वालों को प्रिंटर को देनी होगी सूचना

**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन पैम्फलेटों, पोस्टरों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के द्वारा उपबंधित करता है कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवाएगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता नहीं लिखा हो, प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हो, द्वारा सत्यापित न हो, किसी भी प्रकाशक द्वारा धर्म, वंश, जाति, समुदाय, भाषा या विरोधी के चरित्र हनन इत्यादि के आधार पर अपील संबंधी पैम्फलेट व पोस्टर नहीं छापे जाएंगे। मुद्रक एवं प्रकाशक मुद्रित सामग्री के प्रकाशित होने के 3 दिनों के अंदर इसकी चार प्रतियां परिशिष्ट 'क' व 'ख' सहित प्रकाशक से प्राप्त घोषणा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति उप धारा-1 अथवा उप धारा-2 के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है तो उसको 6 महीने तक कारावास अथवा जुर्माना, जिसे 2000 रूपए तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा।

**नियमों का उल्लंघन करने वालों को छह महीने का कारावास व देना होगा जुर्माना**

# धूमधाम से मनाया गया जाट समाज का होली मिलन समारोह

**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर जीटा स्थित उत्सव ग्रैंड में जाट समाज ग्रेटर नोएडा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

समाज के अध्यक्ष आर.बी. सिंह ने सभी आगंतुकों का हार्दिक अभिनंदन किया एवं बताया कि इस बार होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बच्चू सिंह (ए.डी.एम) एवं अमित चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध लोक गायक नरदेव बेनीवाल ने होली के रसिया के माध्यम से समा बांधा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के सफल



आयोजन में एच.पी.एस परिहार, शेर सिंह अत्री, राजीव चौधरी, उदयवीर सिंह, जगदीश पाल सिंह, जुगेंद्र तालान, कैप्टन लोकेंद्र सिंह एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# गुरुकुल में आयोजित होली मिलन समारोह, बताया गया होली का महत्व

**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर ईटा-एक में संचालित महर्षि पाणिनि वेद-वेदांग विद्यापीठ गुरुकुल में होली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। आयोजन में वृंदावन से आए कलाकारों ने संगीत और होली के गीतों को गाकर सभी उपस्थित सज्जनों का मन मोह लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीनिवास आचार्य महाराज ने होलिका पर्व के लौकिक एवं सांस्कृतिक महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि यही एक ऐसा पर्व है, जिसमें अपनी आंतरिक एवं बाह्य देशों को अग्नि को समर्पण करके स्वच्छ एवं निर्मल मन से अपने आपको भगवान के चरणों में समर्पण करना चाहिए जिससे हमारे भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति संभव हो सके। इस अवसर पर गुरुकुल के संस्थापक आचार्य रविकान्त दीक्षित ने



समारोह में होलिका दहन एवं उससे संबंधित पौराणिक कथाओं को बताते हुए कहा कि प्रहलाद के समान ही अपने आप को भगवत भक्ति में लगाना जीवन का उद्देश्य है। गुरुकुल में नियमित रूप से उनसे संबंधित क्रियाकलापों का आयोजन एवं संचालन होता है उन्होंने आग्रह किया कि आप सभी लोग यथासंभव सम्मिलित होकर के इस पुनीत कार्य को और आगे लेकर के चलें इसी से हमारी भारतीय संस्कृति का पुनः उधर होगा। अंत में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन का समापन गुरुकुल संचालन समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# बैनर लगाने को लेकर मारपीट, दो घायल

**रबूपुरा,** 18 मार्च(देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत के गांव तिरथली में मंदिर के सामने गली में रमजान मुबारक का पोस्टर लगाने को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में एक महिला व एक युवक मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम करीब 8 बजे कुछ युवक मंदिर के सामने रमजान मुबारक का बैनर लगा रहे थे। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। मारपीट में एक महिला विमलेश व एक युवक अंकित घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पुलिस ने बैनर को हटवा कर दोनों पक्षों को समझाबुझाकर शांत कराया। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसे शांत कर दिया गया है।

# नहाते समय मोबाइल से महिला का बनाया वीडियो, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र के निजी अस्पताल में काम करने वाली महिला नर्स का बाथरूम में नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। महिला नर्स ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि हल्दौनी गांव में एक युवती किराए के मकान में रहती है। युवती यहां के एक निजी अस्पताल में नर्स का काम करती है। पीड़िता के मुताबिक रविवार की सुबह अस्पताल जाने के लिए वह बॉथरूम में नहा रही थी। इस बीच उसकी नजर खिड़की में रखे एक मोबाइल पर पड़ी। महिला ने नहाने के बाद जैसे ही दरवाजा खोला उसी मकान में किराए पर रहने वाला युवक भानू प्रताप मोबाइल लेकर भाग गया। पीड़िता ने आरोपी की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिता में उत्साह के साथ लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर के 15 शिक्षण संस्थानों के 450 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी अनीता नागर और विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी वेद प्रकाश पांडेय ने भाग लिया। इन दोनों अधिकारियों का स्वागत कॉलेज ऑफ ग्रुप के निदेशक के.के. पालीवाल ने किया। प्रतियोगिता में गली क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, फन रेस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए खेल अधिकारी अनीता नागर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को किसी न किसी खेल में रूचि होनी चाहिए।



एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग होता है। खेल से छात्रों में जीत की ललक पैदा होती है और आपसी भाईचारा पैदा होता है। वहीं दूसरी तरफ उपजिलाधिकारी वेद प्रकाश पांडेय ने जीतने वाले छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट दिए। इस दौरान उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। इस मौके पर आईआईएमटी कॉलेज ऑफपॉलिटेक्निक के डॉयरेक्टर उमेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

# घर से दुकान के लिए निकली महिला गायब

**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र स्थित कोंडली बांगर में रहने वाली महिला संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गई। महिला के पति अमित पांडेय ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमित का कहना है कि 14 मार्च की दोपहर उनकी पत्नी प्रिया घर से दुकान जाने के लिए निकली थी। उसके बाद से वह वापस नहीं लौटी। मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में वह कैद हुई है। नालेज पार्क कोतवाली प्रभारी डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि महिला का मोबाइल स्विच आफ है। महिला को सकुशल बरामद करने की कोशिश की जा रही है।


**NAME CHANGE**

I, Ajay Kumar S/o Surendra Singh R/o C-156, Sector-36, Greater Noida G.B. Nagar U.P. have changed my daughter name from Anui to Ojasvi Tyagi for all future purposes.



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# दीक्षांत समारोह में तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को दी गई उपाधि




**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। गलगोटिया विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अतनु चक्रवर्ती, एचडीएफसी बैंक के अध्यक्ष और सम्मानित अतिथि, क्लेमेंटे पेड्रो फ्रांसिस्को, भारत में अंगोला के राजदूत शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से 3906 के स्नातकों को 2023 डिग्रियां प्रदान की गयी। गलगोटिया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुनील गलगोटिया ने अतिथियों, स्नातक छात्रों और उनके माता-पिता का स्वागत किया। उन्होंने स्नातक छात्रों को विश्व में शांति और सद्भाव लाने के लिए विश्वविद्यालय में प्राप्त मूल्य आधारित शिक्षा का उपयोग करने का कार्य सौंपा। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें हमारे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित भारत-सबका साथ और सबका विकास की विकास गाथा का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि गलगोटिया विश्वविद्यालय में हम युवा पुरुषों और महिलाओं को उन दक्षताओं से लैस करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं जो कार्य प्रोफाइल और प्रथाओं को विकसित करने के लिए आवश्यक हैं। हम डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं जो शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक बल गुणक है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. केएम बाबू ने अतिथियों का स्वागत किया और वर्ष 2022-23 के लिए विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने स्नातकों से आग्रह किया कि जब वे अपने जीवन के अगले अध्याय में प्रवेश कर रहे हैं, तो उन्हें सीखे गए सबक, की गई मित्रता और उन सपनों को याद रखना चाहिए जिन्होंने उनकी अब तक की यात्रा को गति दी है। भारत में अंगोला के राजदूत क्लेमेंटे पेड्रो फ्रांसिस्को ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के प्रति गलगोटिया विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना की और बैच 2023 के स्नातकों को भी बधाई दी। उन्होंने उनके आगे के जीवन में बड़ी सफलता की कामना की। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यार्थी परिषद के निवर्तमान सदस्यों को सम्मानित किया। डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में सभी गतिविधियों में छात्र प्रमुख शक्ति हैं।

# उत्तराखंड प्रवासी निराला मंच द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**18 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट निराला एसपायर सोसाइटी में उत्तराखंड प्रवासी निराला मंच द्वारा 'देवभूमि उत्तराखंड मेरो पहाड़' के अंतर्गत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निराला एसपायर सोसाइटी में रहने वाले 100 से अधिक उत्तराखंड प्रवासीय परिवारों ने भागीदारी की। सोसाइटी में रहने वाली महिलाओं बच्चों और पुरुषों द्वारा उत्तराखंड की होली के लोकगीतों का गायन हुआ। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ सुरीली धुनों के साथ हुआ।

कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए इस टीम में शामिल मुख्य रूप से दीपक पंत, रंजनीश भंडारी, पारस जोशी, मनोज उप्रेती, सोमिल बेलवाल, विवेक डबराल, हरिश दुर्गापाल, राकेश मनराल, विकास भट्ट, पंकज उप्रेती, अरुल उपाध्याय, गोपाल बिष्ट, पंकज सिरोला, संजय, योगेन्द्र, सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम एवं अन्य लोग का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।





## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा
जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. B-911, 9th Floor, Tower-B, Ajnana Le Garden, Area-81.29 Sqm. Sector-16, Greater Noida जो कि Sh. Rahul Kumar Singh निवासी Flat No. B-911, 9th Floor, Tower-B, Ajnara Le Garden, Sector-16, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-10.01.2020 को पंजीकृत है। Sh. Rahul Kumar Singh की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी/पुत्र Mrs. Sujata Singh & Divyansh Singh (Minor 17 Year) & Shreyansh Singh (Minor 11 Year) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mrs. Sujata Singh W/o Late Sh. Rahul Kumar Singh & Divyansh Singh (Minor 17 Year) S/o Late Sh. Rahul Kumar Singh & Shreyansh Singh (Minor 11 Year) का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में कार्यालय उप निबन्धक, गौतमबुद्धनगर में बही सं0 3 जिल्द सं 821 पृष्ठ सं0 369 से 390 पर कमांक 2699 दिनांक 28.12.2018 को रजिस्ट्रीकृत की गई है, जो न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), गौतमबुद्धनगर में योजित वाद संख्या 1019/2022 आशुतोष चौहान बनाम श्रीमती संतोष चौहान आदि के सापेक्ष निर्गत आदेश दिनांक 20.02.2024 को द्वारा प्रोवेट की गई है, मृतक स्व0 फतेह सिंह पुत्र श्री भूले सिंह निवासी ग्राम मौ0 मिरधान कस्बा रबूपुरा, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाता है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | बसीयत के आधार पर हिस्सा | मृतक से संबंध | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 216/8म 223/4म 286, 287 291, 200म | स्व0 फतेह सिंह पुत्र श्री भूले सिंह निवासी ग्राम मौ0 मिरधान कस्बा रबूपुरा तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | संतोष चौहान | 1/2 | पत्नी | |
| | | | आशुतोष चौहान | 1/2 | पुत्र | |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-बिसरख जलालपुर की प्रस्तावित आबादी में आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल-1600 वर्ग मीटर श्री नानक चन्द पुत्र श्री रामपाल सिंह, निवासी-ग्राम-बिसरख जलालपुर, गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आरक्षित किया गया था। आवंटी श्री नानक चन्द पुत्र श्री रामपाल सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री सुदेश कुमार, संजय यादव, सुबे सिंह पुत्रगण स्व० श्री नानक चन्द व श्रीमती रेशम देवी पत्नी स्व० श्री नानक चन्द, श्रीमती सुरेश देवी (विवाहित), श्रीमती कुसुम देवी (विवाहित), श्रीमती सीमा (विवाहित), श्रीमती सविता (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री नानक चन्द, निवासी-ग्राम-बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री सुदेश कुमार, संजय यादव, सुबे सिंह पुत्रगण स्व० श्री नानक चन्द व श्रीमती रेशम देवी पत्नी स्व० श्री नानक चन्द, निवासी-ग्राम-बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस सर्वश्री सुदेश कुमार, संजय यादव, सुबे सिंह पुत्रगण स्व० श्री नानक चन्द व श्रीमती रेशम देवी पत्नी स्व० श्री नानक चन्द, निवासी-ग्राम-बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 19 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन*

# संयुक्त प्रतिपक्ष की तस्वीर और पैगाम

कई-कई अवरोधों को पार करते हुए आखिरकार एक संयुक्त प्रतिपक्ष का वह चेहरा मतदाताओं के सामने आ ही गया है जिसके बारे में सत्ता पक्ष यानी भारतीय जनता पार्टी और उसके समर्थक यह उम्मीद लगाये बैठे थे कि उसे (भाजपा को) चुनौती देने वाली कोई ताकत खड़ी हो ही नहीं सकती। पिछले लगभग डेढ़ वर्षों के प्रयासों के बाद देश के सियासी परिदृश्य में एक ऐसा मजबूत प्रतिपक्ष अंततः खड़ा नज़र आ रहा है जो अपने बुलन्द हौसलों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के साथ मतदाताओं के समक्ष उपस्थित है, कि जिसे देखकर कहा जा सकता है कि हां, यह भाजपा का विकल्प है और दो दर्जन से ज्यादा दमदार सियासी दलों में ही कई ऐसे नाम हैं जो नरेन्द्र मोदी के स्थान पर चुने जा सकते हैं। कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की 6300 किलोमीटर दूरी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित 'इंडिया' गठबन्धन की विशाल सभा में ऐसे विपक्ष की तस्वीर उभरी है जो भाजपा से लोकसभा चुनाव में दो-दो हाथ करने को तैयार है, जिसकी घोषणा इसी शनिवार को हुई थी।

पक्षपातपूर्ण तरीके से बनाये गये चुनावी कार्यक्रम, ईवीएम के अनसुलझे सवाल, केन्द्रीय जांच एजेंसियों की विरोधी दल के नेताओं पर छापेमारी, समर्थक मीडिया, प्रचार में माहिर आईटी सेल, संसाधनों की कमी जैसे तमाम अवरोधों की चिंता किये बिना एक ऐसा एकजुट विपक्ष सामने आया है जो भयमुक्त है। यही इसकी ताकत है। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व में उसने राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक न्याय का जो विमर्श रचा है, वही उसका संदेश है। दो दर्जन से अधिक राजनैतिक संगठनों से बने संयुक्त प्रतिपक्ष की जो ताकत है उसमें देश के 60 प्रतिशत मतदाताओं का समावेश है। देखना यह होगा कि क्या कार्यकर्ताओं व समर्थकों की सामूहिक ताकत इस संदेश को लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंचा सकेगी और उसे वोटों में तब्दील कर सकेगी। 18वीं लोकसभा में बैठने की व्यवस्था कैसी होगी- यह सारा कुछ इसी प्रयत्न पर निर्भर करेगा।

मुंबई की रैली न केवल संयुक्त विपक्ष का आभास देती है वरन वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाला मंच भी दिखलाई देता है। इसका विस्तार धुर उत्तर के जम्मू-कश्मीर से लेकर दक्षिण भारत के अंतिम छोर यानी तमिलनाडु तक और पूर्वी राज्य बिहार व झारखंड से लेकर पश्चिम के महाराष्ट्र तक का है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घायल होने के कारण अनुपस्थित थीं तो वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव बीमार होने के कारण नहीं आये। दिल्ली व पंजाब में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के झंझटों में फंसे हैं इसलिये नहीं आये लेकिन उनके प्रतिनिधि के रूप में सौरभ भारद्वाज मौजूद थे जो खुद भी एक वरिष्ठ नेता हैं। कई दल वैसे अपने राज्यों में परस्पर विरोधी हैं लेकिन वे अपने विवादों को किनारे रखकर इसमें शामिल हुए थे। नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला एवं पीडीपी की महबूबा मुफ्ती चाहे अपने राज्य कश्मीर में परस्पर विरोधी हों पर यहां वे साथ बैठे नज़र आये। जिस गठबन्धन के बारे में प्रचारित किया जाता रहा कि वह साथ नहीं चल सकता, उसने वे सारी भ्रांतियां खत्म कर दीं।

विभिन्न नेताओं के दिये भाषणों में यह बात उभरकर आई कि वे सभी तीसरी बार मोदी के चुनकर आने और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद उत्पन्न होने वाले खतरों से पूर्णतः वाकिफ़ हैं। लोकतंत्र एवं संविधान पर मंडराते बड़े खतरे को सभी महसूस करते दिखाई दिये। भाजपा के 'अबकी बार 400 पार' के नारे के पीछे की मंशा को भी वे जान चुके हैं। देश भर में इस मंच के माध्यम से संदेश गया है कि भाजपा संविधान को बदलकर मनुस्मृति का शासन लाना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी लोगों को इस खतरे के प्रति आगाह किया कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को किस प्रकार से संविधान के खत्म होने से नुकसान होगा। वहीं राहुल ने अपने भाषण में उस शक्ति के बारे में बतलाया जिसके कारण लोगों के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार छीने गये हैं। लगभग सम्पूर्ण विपक्ष न सिर्फ कांग्रेस के आधिपत्य को स्वीकारता नज़र आया बल्कि वह उसी विमर्श को उच्चारित कर रहा था जिसे राहुल व कांग्रेस ने पिछले कुछ समय में गढ़ा है और जिसके ईर्द-गिर्द देश की सियासत सिमटी हुई है।

वैसे तो इस मंच पर मल्लिकार्जुन खरगे व फारुख अब्दुल्ला के अलावा शरद पवार (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक) जैसे बुजुर्ग नेता थे लेकिन उसी मंच पर युवा नेतृत्व का उभरना भी देखा गया। राष्ट्रीय जनता दल के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (जो जेल में हैं) हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन जैसे कई नेता भी थे जो उम्मीद जगाते हैं कि निरंकुशता एवं मनमानी का प्रतिरोध कभी खत्म नहीं होगा। इनमें वे लोग भी थे जिनकी सरकारों को अनैतिक तरीकों से कथित 'ऑपरेशन लोटस' के तहत या जांच एजेंसियों के जरिये गिराया गया। विपक्षी नेताओं को जेलों में डालने, निर्वाचित प्रतिनिधियों को संसद में बोलने से रोकने, उनकी गैर मौजूदगी में या बगैर चर्चा के कानून पास कराने जैसे अलोकतांत्रिक कृत्यों के कारण देश भर में उपजे रोष व असंतोष की अभिव्यक्ति के रूप में इस मंच और सभा से जो आवाज़ उठी है वही शिवाजी पार्क का संदेश है। इसे लोगों तक पहुंचाना एक सामूहिक जिम्मेदारी होगी। केवल अपने नहीं, बल्कि गठबन्धन के प्रत्याशियों के लिये प्रचार किया जाएगा तभी विपक्ष कामयाब होगा।

# बांड घोटाला क्या रंग नहीं दिखाएगा ?

**क्या** चुनावी बांड से संबंधित रहस्योद्घाटनों का, अगले 19 अप्रैल से शुरू होने जा रहे आम चुनाव के सिलसिले पर कोई असर नहीं पड़ेगा ? कारोबारी दुनिया के कर्णधारों की राय का प्रतिनिधित्व करने वाले, बिजनस स्टेंडर्ड में प्रकाशित एक सर्वे के अनुसार तो, इस सब का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दस बड़ी कंपनियों के सीईओ की राय को दिखाने वाले सर्वे के हिसाब से, चुनावी चंदे के इस गड़बड़ घोटाले से न तो मतदाता प्रभावित होंगे और न ही चुनाव के नतीजों पर इसका असर पड़ेगा। वैसे यही सर्वे एक और दिलचस्प चीज भी बताता है, जो भारत में व्हाइट कारपोरेट चंदे में पारदर्शिता के स्वांग को तार-तार कर देती है। उक्त दावा करने वाले बड़ी कंपनियों के सीईओ में से, पूरे 50 फीसद ने यह स्वीकार किया था कि उनके यहां राजनीतिक चंदा देने की 'मैनेजिंग बोर्ड द्वारा अनुमोदित' कोई नीति है ही नहीं। दूसरी ओर, 40 फीसदी ने ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऐसी किसी नीति की मौजूदगी की बात कही, जबकि 10 फीसदी इस मामले में 'मैं ना जानूं' ही थे। साफ है कि भारत में शीर्ष कारपोरेट स्तर पर भी, राजनीतिक चंदे का मामला सबसे बढ़कर सत्ता-प्रतिष्ठान से, चंदे के बदले में अतिरिक्त लाभ बटोरने की जुगाड़ का ही मामला है, जिसमें बोर्ड जैसे किसी वृहत्तर निकाय द्वारा अनुमोदित किसी तरह की नीति को, मददगार के बजाय, बोझ ही समझा जाता है। इसके बजाय, 'न खाता न बही, जम जाए सो जुगाड़ सही' ही कारगर नीति है।

चुनावी बांड के महाघोटाले का भी चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ने का यह 'भरोसा' सिर्फ उस कारपोरेट जगत तक ही सीमित नहीं है, जो इस घोटाले का एक सक्रिय पक्ष है। एक प्रकार से, इस घोटाले के दूसरे पक्ष यानी संघ परिवार की भी कथनियों में, कुछ ऐसा ही विश्वास दिखाई देता है। हां ! इतना जरूर है कि बांड के मामले में भाजपा की संलिप्तता, बांडों के लेन-देन की सिर्फ शुरूआती जानकारियां आने के बाद से ही इतना स्पष्ट है कि संघ परिवारियों को कारपोरेटों की तरह, यह सुविधा हासिल नहीं है कि बांड से चंदा पाने वाले के सवाल पर चुप ही लगा जाते। इसलिए, उन्हें किसी न किसी तरह से भाजपा का बचाव तो करना ही था। लेकिन, यह बचाव जिस तरह के तर्कों से तथा जिस तरह से पेश किया गया है, उसे बचाव की रस्म-अदायगी ही समझा जाना चाहिए। बचाव की रस्म अदायगी पर ही यह संतुष्टि इसीलिए है कि उनके मन में यह 'भरोसा' है कि संघ-भाजपा द्वारा वोट बटोरे जाने पर, ऐसे मुद्दों का कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

मिसाल के तौर पर भाजपा की ओर से 'बचाव' के अभियान की कमान संभाली, खुद मौजूदा निजाम में नंबर-दो पर मजबूती से कायम, गृहमंत्री अमित शाह ने। इंडिया टुडे की कॉनक्लेव में चुनावी बांड के मामले में पूछे गए बहुत ही भोंथरे सवालों के जवाब में, अमित शाह ने अर्द्ध-सत्य तथा असत्य के मिश्रण से लेकर, सरासर बेतुकी दलीलों तक का सहारा लिया, जिनसे कम से कम कोई तर्कशील व्यक्ति तो प्रभावित होने से रहा। शाह ने अर्द्ध-सत्य बोला कि भाजपा को करीब 6,000 करोड़ रुपए बांड से मिले थे, जबकि उसे 6,986 करोड़ यानी करीब 7,000 करोड़ रुपए मिले थे। दूसरी ओर, शाह ने बांड से दिया गया कुल चंदा फुलाकर 20 हजार करोड़ रुपए बता दिया, जबकि यह आंकड़ा 13,000 करोड़ रुपए के करीब ही बनता है। इसके बाद, उन्होंने एक तरफ भाजपा और दूसरी ओर बाकी सब को करते हुए, यह झूठा दावा कर दिया कि भाजपा की तुलना में दोगुने से ज्यादा तो, दूसरी पार्टियों को मिला है। फिर भाजपा के बांड से पैसा लेने का इतना हल्ला क्यों ? पहली बात तो यह कि अकेले भाजपा को,



राजेंद्र शर्मा

> **यह सब इसके बावजूद है कि हर गुजरने वाले दिन के साथ इसके साक्ष्य पर साक्ष्य सामने आ रहे हैं कि किस तरह केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के बाद, कंपनियों ने बांड खरीदे थे; कैसे 1000 करोड़ रुपए के बांड खरीदने वाली बड़ी दवा कंपनियों में 7 ऐसी कंपनियां भी शामिल थीं, जिनकी दवाएं मानकों पर परीक्षा में खरी नहीं उतरी थीं; कैसे ठेके मिलने के फौरन बाद बांड खरीदे गए थे।**

बांड के जरिए दी गयी रकम का, आधे से जरा सा ही कम मिला है। दूसरे, शाह ने बड़ी चतुराई से यह छुपा लिया कि भाजपा के अलावा दूसरी पार्टियों को बांड से जो चंदा दिया गया है, उसमें से भी एक तिहाई से ज्यादा चंदा भाजपा की सहयोगी पार्टियों को गया है। दूसरी ओर, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को, जो 2014 तक सत्ता में रही थी, बांड से आए चंदे का मुश्किल से 12 फीसदी मिला है।

तथ्यों की इस काट-छांट के अलावा जो बहुत आसानी से पकड़ी जाने वाली थी, अमित शाह ने और ज्यादा चतुराई, एक पूरी तरह से बेतुकी दलील का सहारा लेने में दिखाई। वैसे हम यहां इसका जिक्र जरूर करना चाहेंगे यह दलील भी कोई शाह की मौलिक खोज नहीं थी बल्कि संघ परिवारी व्हाट्सएप ग्रुपों में यह दलील पहले ही प्रकट हो चुकी थी। दलील यह थी कि भाजपा को अगर 6,000 करोड़ रुपए मिले भी हैं, तो उसके लोकसभा सदस्यों की ही संख्या 303 की है। बाकी सारी पार्टियों के 241 लोकसभा सदस्य ही हैं, फिर भी उन्हें 14,000 करोड़ रुपए मिले हैं। इसी प्रकार उन्होंने भाजपा की राज्य सरकारों की संख्या की भी दलील दी। और आखिर में, प्रति लोकसभा सदस्य, चुनावी बांड चंदे का हिसाब निकालकर, उन्होंने दिखा दिया कि भाजपा को प्रति लोकसभा सदस्य जितना पैसा मिला है, उससे कहीं ज्यादा पैसा तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक आदि पार्टियों और यहां तक कि कांग्रेस को भी मिला है ! प्रति लोकसभा सदस्य या प्रति विधानसभा सदस्य के औसत की दलील से तो भाजपाइयों के किसी भी गुनाह को मामूली ठहराया जा सकता है, औरतों, दलितों आदि के खिलाफ अपराधों को भी !

इंडिया टुडे के उसी कॉन्क्लेव के एक और सत्र में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ईडी-सीबीआई की कार्रवाइयों से धमकाकर, चुनावी बांड के जरिए चौथ वसूली के आरोपों से, अपनी पार्टी और सरकार को बचाने की कोशिश की। इसके बावजूद कि बांड के जरिए राजनीतिक चंदा देने वाले पांच सबसे बड़े दानदाताओं में से तीन ने, केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई के निशाने पर रहते हुए चंदे दिए थे, वित्त मंत्री ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई और बांड खरीदे तथा दिए जाने के संबंध को नकारने की सभी संभव कोशिशें कीं। वह यह कहने तक चली गयीं कि कोई जरूरी नहीं है कि छापे के बाद, सत्ताधारी पार्टी को ही चंदा दिया गया हो ! और यह भी कि यह भी तो देखना चाहिए कि बांड देने के बाद भी, कुछ मामलों में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई चलती रही यानी बांड दिया भी गया, तो भी उसका सरकार की कार्रवाई पर असर नहीं हुआ !

बेशक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अपने परिवार का वचाव करने से पीछे नहीं रहा है। आरएसएस के नये-नये पुनर्निर्वाचित सरकार्यवाह, दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि बांड व्यवस्था 'एक प्रयोग' थी और 'वक्त आने पर पता चलेगा कि यह व्यवस्था कितनी फायदेमंद और प्रभावी रही'! उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई नयी व्यवस्था आती है, तो उसका विरोध होता ही है, जैसे ईवीएम का भी विरोध हुआ। इसे प्रयोग के लिए ही छोड़ देना चाहिए। यानी संविधान पीठ के चुनावी बांड व्यवस्था को असंवैधानिक करार देकर खारिज कर देने और इसमें घूसखोरी के तमाम साक्ष्य सामने आने के बाद भी, उन्हें इसके फायदे दिखाई देना बंद नहीं हुए हैं।

यह सब इसके बावजूद है कि हर गुजरने वाले दिन के साथ इसके साक्ष्य पर साक्ष्य सामने आ रहे हैं कि किस तरह केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के बाद, कंपनियों ने बांड खरीदे थे; कैसे 1000 करोड़ रुपए के बांड खरीदने वाली बड़ी दवा कंपनियों में 7 ऐसी कंपनियां भी शामिल थीं, जिनकी दवाएं मानकों पर परीक्षा में खरी नहीं उतरी थीं; कैसे ठेके मिलने के फौरन बाद बांड खरीदे गए थे; कैसे बांड खरीदने के बाद, छापे पड़े और फिर और ज्यादा बांड खरीदे गए, आदि, आदि। भाजपा राज्यसभा सदस्य, सीएम रमेश की कंपनी आरपीपीएल के 45 करोड़ रुपए के बांड खरीदने का प्रकरण, बांड के खेल को पूरी तरह से बेनकाब कर देता है। रमेश की कंपनी को, 14 जनवरी 2023 को हिमाचल प्रदेश में सुन्नी हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट का 1098 करोड़ रुपए का इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट तथा निर्माण का ठेका मिला और उसके दो हफ्ते से भी कम में उसने 5 करोड़ रुपए का बांड खरीदा। अप्रैल के महीने में, कर्नाटक के चुनाव के समय इस कंपनी ने 40 करोड़ रुपए के बांड और खरीदे। इस कंपनी को ठेका इसके बावजूद दिया गया था कि इससे चंद रोज पहले ही, जोशी मठ के भूधंसाव का प्रकरण सामने आया था, जिसके लिए इसी कंपनी से जुड़ी विष्णुगाड़ परियोजना को जिम्मेदार माना गया था। दरअसल, रमेश के भाजपा तक पहुंचने की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। 2014 और 2018 में रमेश को दो बार, तेलुगू देशम पार्टी ने राज्यसभा में भेजा था। लेकिन, 2019 में वह भाजपा में आ गए, जिसका सीधा संबंध 2018 में ईडी और आयकर विभाग द्वारा उनके खिलाफ मारे गए छापों से माना जाता है। तेलुगू देशम् के संरक्षण में रमेश, चंद करोड़ के सरकारी उप-ठेकेदार से, हजारों करोड़ के कारोबारी बन गए, जिसके संबंध में वाईआरसीपी के नेताओं ने अदालत में शिकायत भी की थी। तेलुगू देशम् के भाजपा से अलग होने के बाद, ईडी-आयकर के सहारे भाजपा ने उसका अपहरण कर लिया और उसके बाद से धंधा लो और चंदा दो का रिश्ता आगे बढ़ाया जा रहा है।

ऐसे तमाम घपलों-घोटालों के उजागर होने के बावजूद, अगर मोदी के परिवार को इसका भरोसा है कि इससे उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा, तो इसलिए नहीं कि उन्हें लगता है कि ये मुद्दे छोटे हैं, बल्कि उन्हें भरोसा है कि कारपोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ की ताकत, हर तूफान में से उनकी नैया पार करा देगी। कारपोरेटों का सहारा, बांड के घपले के उजागर होने के बावजूद अडिग बना हुआ है, जैसाकि शीर्ष कंपनियों के सीईओ कह रहे हैं। और सांप्रदायिक तुरुप के तौर पर, राम मंदिर के बाद अब, नियम बनाए जाने के बहाने सीएए को, चुनाव से ठीक पहले आगे किया जा चुका है। लेकिन, जब 2004 में 'इंडिया शाइनिंग' का 'भरोसा' काम नहीं आया, तो उसके बीस साल बाद, 2024 का यह खुल्लमखुल्ला सनकभरा 'भरोसा' कैसे काम कर जाएगा !

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# घोटाले के साये में हो रहा लोक सभा चुनाव, आगे की डगर में झंझावात संभव

■ सुशील कुट्टी

**भा**जपा से नफरत करने वाले दक्षिणी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हर उस चीज से पहचानते हैं जिसके बिना उनका मानना है कि भारतीय रह सकते हैं,जैसे चुनावी बॉन्ड, अयोध्या राम मंदिर, नागरिक संशोधन अधिनियम, भाजपा नेताओं की दबंगई, कानून के शासन नष्ट होना, आपे से बाहर हुए बुलडोजर आदि। सबसे बढ़कर, बड़ी संख्या में भारतीयों का मानना है कि वे नरेंद्र मोदी के लिए तीसरे कार्यकाल के बिना काम कर सकते हैं, जो आजकल '400 पार' की इतनी लापरवाही से बात करते हैं कि अधिकांश दक्षिणी लोग उनके पुतलों के साथ सड़कों पर उतरने को उत्सुक हैं।

16 मार्च, 2024 को लोक सभा के आम चुनावों के लिए मतदान कार्यक्रम की घोषणा की गई और बताया गया कि चुनाव की तारीखें क्या होंगी और चुनाव कितने चरणों में संपन्न होंगे। जब दिल्ली में यह घोषणा हो रही थी तब चुनावी बॉन्ड की तूफान से जूझ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दक्षिण दौरे पर थे, जिसमें तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना की रैलियां शामिल थीं। आंध्र प्रदेश में भी एक रैली की तैयारी थी। प्रधानमंत्री इस बात को गहराई से महसूस करते हैं कि दक्षिण ने भाजपा को खारिज कर दिया है और यह एक ऐसा गढ़ है जो उनकी पकड़ से ऐसे दूर है जैसे पानी उनकी मुट्ठी से निकल जाता है।

> **'370' लोकसभा सीटें जीतने के लिए भाजपा को दक्षिण भारत से भी जीत हासिल करनी होगी। एनडीए के लिए तीसरा कार्यकाल दक्षिण से जीत पर निर्भर करता है। हम जो सुन रहे हैं वह यह है कि भाजपा के पास दक्षिण जीतने का फॉर्मूला है और एक योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री मोदी 19 मार्च तक दक्षिण भारत में रहेंगे और मोदी का दक्षिण अभियान जोरों पर है।**

15 मार्च को मोदी ने केरल में एक और तमिलनाडु में एक रैली को संबोधित किया। फिर, तेलंगाना में उनका एक रोड शो हुआ, यह सब काम में व्यस्त प्रधानमंत्री के लिए एक दिन का काम था। प्रधानमंत्री को उम्मीद है कि दक्षिण इस बार नरम पड़ जायेगा और यह बात उनके दिमाग में बैठ गई है कि हाल के कई राजनीतिक और सामाजिक घटनाक्रमों ने दक्षिण के लोगों का भारतीय जनता पार्टी और विशेष रूप से उनके प्रति दृष्टिकोण बदल दिया है।

यदि पूछो तो दक्षिणवासी मोदी की कीमत पर हँस भी सकते हैं। दक्षिण के लोगों ने, उत्तर के अपने असंबंधित चचेरे भाइयों के विपरीत, निर्धारित तरीके और श्रेष्ठता की भावना विकसित की है जिसका कोई इलाज नहीं है। देखिए वे मूंछों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। दक्षिण के लगभग हर हीरो मूंछों वाले हैं। यह कहना पर्याप्त है कि दक्षिण अलग तरह से सोचता है, कार्य करता है और वोट देता है, यहां तक कि उत्तर जिस तरह से वोट करता है उससे बिल्कुल विपरीत भी। क्या राहुल गांधी ने इस ओर ध्यान नहीं दिलाया ?

और, जैसा कि कहा जाता है, दक्षिण के मतदाताओं को 'मोदी का नंबर मिल गया है'। वे उसके इरादों को जानते हैं। और वे मूर्ख नहीं बनेंगे। पिछली बार भी नहीं बने; अगली बार नहीं बनेंगे। उद्देश्य का सामंजस्य स्पष्ट रूप से देखा जाता है। उदाहरण के लिए, केरलवासी सांप्रदायिक प्रवृत्तियों से निपटने में असाधारण गर्व महसूस करते हैं, एक होकर कार्य करते हैं – चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो या ईसाई हो – जो 'सांप्रदायिक सद्भाव' और 'धर्मनिरपेक्षता' की व्यंजना से जाना जाता है।

दक्षिण भी उत्तर को अपने कंधों पर लेकर स्वयं को एटलस मानता है। केरल उपहास करता है और तमिलनाडु भी अक्सर उत्तर का उपहास करता है। क्या एक डीएमके सांसद ने उत्तर के हिंदी भाषी राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' का नाम नहीं दिया ? गौमूत्र का इशारा सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आरएसएस के ही व्यक्ति रहे हैं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दक्षिण में आरएसएस जैसे लोगों की कोई कमी नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में मुट्ठी भर लोकसभा सीटें जीतना एक नई प्रवृत्ति की शुरुआत होगी जो भाजपा के उत्तर से दक्षिण और पूर्व और पश्चिम तक वास्तव में एक अखिल भारतीय पार्टी होने के सपने को पूरा करेगी। यदि लोगों ने ध्यान नहीं दिया है, तो भाजपा को '400 पार' का पूरा भरोसा है और विपक्षी दल इसे अपने नुकसान की जोखिम पर हल्के में ले रहे होंगे।

ध्यान रखें, यह एक चेतावनी है। '370' लोकसभा सीटें जीतने के लिए भाजपा को दक्षिण भारत से भी जीत हासिल करनी होगी। एनडीए के लिए तीसरा कार्यकाल दक्षिण से जीत पर निर्भर करता है। हम जो सुन रहे हैं वह यह है कि भाजपा के पास दक्षिण जीतने का फॉर्मूला है और एक योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री मोदी 19 मार्च तक दक्षिण भारत में रहेंगे और मोदी का दक्षिण अभियान जोरों पर है।

केरल के मतदाताओं के लिए मलयालम में चार/पांच शब्द और तमिलनाडु के मतदाताओं के लिए तमिल में इतनी ही संख्या जोड़ने से दोनों में से किसी भी राज्य में मतदाता एकजुट नहीं होंगे। मोदी का मानना है कि मलयाली और तमिल दोनों आज नहीं तो कल-परसों भाजपा को वोट देंगे। परन्तु अभी उनकी यह आशा पूरी होती नहीं दिख रही।

## पावन प्रसंग

# परीक्षाओं में रखें धैर्य

परीक्षा का नाम सुनते ही लोगों के मन में घबराहट पैदा होती ही है क्योंकि यह होती ही ऐसी है, जिसमें हमारी कोई इच्छा जुड़ी नहीं होती, दूसरों की इच्छा से परीक्षा होती है (पर-इच्छा-परीक्षा) परीक्षा की घड़ियां बहुत मुश्किल से कटती हैं। बहुत मेहनत करनी पड़ती है, तभी इससे सरलता से गुजरा जा सकता है, अन्यथा इसमें असफल होने पर आगे प्रवेश वर्जित हो जाता है। वैसे तो जीवन में ऐसी कई तरह की परिस्थितियां बनती हैं, जो परीक्षा की तरह होती हैं, लेकिन यहां पर जिस परीक्षा की बात की जा रही है, वे विद्यार्थियों की परीक्षाएं हैं। ये भी एक चुनौती की तरह होती है, जिनमें विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होना होता है।

जैसे बच्चों की परीक्षाओं के दिन नजदीक आते जाते हैं, बच्चे अधिक पढ़ते हैं, दिन-रात इसके लिए एक कर देते हैं और जब परीक्षा की तैयारी के लिए समय ज्यादा नहीं बचता तो बच्चे यह कोशिश करते हैं कि समझने के बजाय ज्यादा से ज्यादा रट्टा मारकर पेपर दे दिया जाए। इसके साथ ही बच्चों के अभिभावक भी उतने ही परेशान होते हैं, जितने कि बच्चे। उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि परीक्षा बच्चों की नहीं, उनकी है। कम समय और पाठ्यक्रम ज्यादा होने पर परीक्षा के समय अक्सर बच्चों में तनाव बढ़ता है। इससे कई तरह की मानसिक बीमारियां भी उनमें पैदा होने लगती हैं, जो उनके सम्पूर्ण विकास के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो सकती हैं। परीक्षा की तैयारी के बारे में जानने से पूर्व यह जानना ज्यादा जरूरी है कि परीक्षा का मकसद क्या है ? परीक्षा का मकसद क्या अधिक से अधिक नंबर है ? या फिर किसी विषय पर बच्चे के ज्ञान की परीक्षा है ? क्या परीक्षा में असफल होने वाला बच्चा, जीवन में और कहीं सफल नहीं हो सकता ? क्या उत्तीर्ण ही किसी बच्चे की सम्पूर्ण ज्ञान की परीक्षा है ? बच्चे ऐसा क्या करें कि परीक्षा रूपी तनाव से सहजता के साथ बाहर आ सकें ? क्या परीक्षा आज हमारे लिए जीवन से भी ज्यादा महत्वपूर्ण बन गई है ? ऐसे बहुत से प्रश्न हैं जिन पर हमारी सामाजिक व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था दोनों को सोचने की जररत है; क्योंकि वर्तमान जीवन व्यवस्था में कभी-कभी ये परीक्षाएं बच्चे के लिए इतनी महत्वपूर्ण बन जाती है कि उनके लिए वह अपने बचपन का बलितान कर देता है, परीक्षा के लिए अपनी सहजता गंवा देता है और इस परीक्षा का सबसे दुखद पहलू तब देखने को मिलता है जब कोई बालक परीक्षा में असफल हो जाता है और इस असफलता को सहना व स्वीकृत न कर पाने के कारण कोई गंभीर व दुर्भाग्यपूर्ण कदम उठा लेता है।

माता-पिता को यह भी समझना होगा कि यदि उनके बच्चे के नंबर अन्य बच्चों से कम आते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि वह मूर्ख है, कुछ नहीं जानता। यदि माता-पिता ऐसा सोचते हैं तो वे अपने बच्चे के साथ अन्याय कर रहे हैं। परीक्षाएं हमारी बड़ी जिंदगी में पड़ने छोटे मोड़ों की तरह होती है, जिनसे हमें बहुत सावधानी से गुजरना पड़ता है। इनसे गुजरने पर हम जिदंगी की नई राहों में अपने कदम रखते हैं और यदि नहीं गुजर पाते तो ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि इन मोड़ों से न गुजर पाने पर जीवन के अन्य मोड़ों को हम पार नहीं कर पाएंगे। सबसे पहले यह निर्धारित कर लें कि परीक्षा के लिए कितने विषय और कितनी विषय सामग्री की तैयार करना है और समयानुसार विषय सामग्री को तैयार करने के लिए विभाजित कर लें और यह कोशिश करें कि विभाजित समय में विषयों की तैयारी की जा सके। परीक्षा की तैयारी तभी ज्यादा सही और सार्थक होती है, उन विषय को पहले से पढ़ा गया हो, उसके नोट्स बनाए गए हों और उसके बारे में सही समझ हो। यदि ऐसा नहीं है तो फिर परीक्षा के कम समय में उन्हें ठीक तरह से तैयार करना संभव नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति पैदा होने पर यह उचित रहता है कि उस विषय को समझने वाले पर यह उचित रहता है कि उस विषय को समझने वाले शिक्षक या विद्यार्थी से उसे पढ़ा जाए और उसके प्रति समझ विकसित की जाए। परीक्षा के समय अधिकतर बच्चों का स्वास्थ्य गड़बड़ाता है, क्योंकि पढ़ाई के कारण वे अपने खाने-पीने का सही तरह से ध्यान नहीं रख पाते। ऐसी स्थिति में माता-पिता व सहयोगियों का यह दायित्व है कि वे बच्चों के खान-पान पर भी ध्यान दें। परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को लिखकर उत्तरों को याद करने की कला सीखनी चाहिए। लिखकर याद करने व मुख्य बिंदुओं को लिखने से दिमाग में अधिक गहराई से विषय की समझ बढ़ती है और परीक्षा में उत्तरों को लिखने में आसानी होती है। इस प्रक्रिया से जहां लिखने का अभ्यास होता है, वहीं प्रश्नों का जवाब देने में ठहराव नहीं होता, बल्कि सरलता होती है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# धर्मनिरपेक्षता की व्यापक सवैधानिक मीमांसा

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत हैद्य धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व हैद्य जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है। धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। भारत में धर्मनिरपेक्षता संविधान की लकीरों तक सीमित होकर रह गया है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में धर्म विशेष के आपसी झगड़ों के कारण धर्मनिरपेक्षता की आत्मा को गहरी चोट लगी है और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक अस्तित्व में प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। धर्मनिरपेक्षता एक व्यापक अवधारणा है इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है। इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं।

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है। इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति को धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग रखने की हमेशा कोशिश की गई है। भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है। भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें। भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है। धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है। भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है। हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 31,645 हुई

**नई दिल्ली।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 31,645 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इजराइली बमबारी की जद में 61 फिलिस्तीनी मारे गए, जिसके बाद मृतकों का आंकड़ा 31,645 हो गया। इजराइली मीडिया ने बताया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दोहा पहुंचेगा। जिसके बाद हम संघर्ष विराम सहित कैदियों की रिहाई पर विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे, जो कि फिलहाल हमास के कैद में हैं।



# रूस-चीन संबंध गहरे व विकसित होते रहेंगे : पुतिन

**बीजिंग,** 18 मार्च (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि रूस-चीन संबंध गहरे और विकसित होते रहेंगे, नई उपलब्धियां हासिल करेंगे और दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा।

पुतिन ने चुनाव के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाषण दिया और मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों के विकास के बाद, रूस-चीन संबंध बहुत स्थिर और अत्यधिक पूरक हैं।

पुतिन ने बताया कि रूस और चीन के बीच आर्थिक, कूटनीतिक और अन्य क्षेत्रों में अभिसरण के कई बिंदु हैं। जहां तक यूरेशियाई क्षेत्र के विकास का सवाल है, रूस-चीन संबंध एक महत्वपूर्ण स्थिर कारक हैं, और चीन द्वारा प्रस्तावित 'बेल्ट एंड रोड' के सह- निर्माण वाली पहल बहुत महत्वपूर्ण है।



**वर्षों के विकास के बाद, रूस-चीन संबंध बहुत स्थिर और अत्यधिक पूरक हैं : पुतिन**

पुतिन ने चीन की विकास उपलब्धियों पर सकारात्मक बात की। उनका मानना है कि चीन बड़े आत्मविश्वास के साथ तेजी से विकास हासिल कर रहा है और अभिनव अर्थव्यवस्था में तब्दील हो रहा है।

### पुतिन ने नाटो को दी विश्व युद्ध की चेतावनी

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में सैनिकों की तैनाती के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो सैन्य गठबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि उनके इस कदम से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है।

राष्ट्रपति चुनाव में अपनी जीत के बाद सोमवार तड़के अपने समर्थकों और मीडिया से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि यह कोई रहस्य नहीं है कि नाटो देशों के लड़ाके यूक्रेन में मौजूद हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को अमेरिका के नेतृत्व में नाटो द्वारा यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजने से अच्छी तरह वाकिफ है।

### अमेरिका व पश्चिमी देशों ने रूस में हुए चुनाव पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** अमेरिका और कई पश्चिमी देशों ने मौजूदा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक बार फिर से चुने जाने की खबरों के बीच सवाल खड़ा किया है। इन देशों ने रूसी राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता व स्वतंत्रता का अभाव है। पुतिन ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया है और कई को चुनाव लड़ने से रोका है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने भी अपने रूसी समकक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए सब कुछ कर रहे हैं।

## रूसी सेना में शामिल होने वाले नेपाली नागरिकों के अनुबंध रद्द करेगा रूस : श्रेष्ठ

■ नेपाल ने रूस से अपने नागरिकों को रूसी सेना में शामिल करने से परहेज करने का किया था अनुरोध



**नेपाली नागरिकों को रूसी सेना में शामिल होने के लिए धोखा दिया गया था : श्रेष्ठ**

**काठमांडू,** 18 मार्च (आईएएनएस)। नेपाल के उपप्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा है कि मॉस्को ने रूसी सेना में शामिल हुए नेपाली नागरिकों के साथ अनुबंध रद्द करने पर सहमति व्यक्त की है और उन्हें देश में वापस लाने के प्रयास जारी हैं। यह बयान पिछले हफ्ते रूसी सेना में सेवारत सात और नेपाली नागरिकों की कथित तौर पर मौत के कुछ ही दिनों बाद आया है, जिससे हताहतों की कुल संख्या 19 हो गई है।

माइ रिपब्लिका अखबार की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिनिधि सभा की बैठक में उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए श्रेष्ठ ने कहा कि रूस ने नेपाली नागरिकों के साथ अनुबंध रद्द करने के लिए अपनी 'सैद्धांतिक सहमति' दे दी है। श्रेष्ठ नेपाल के विदेश मंत्री भी हैं, उन्होंने कहा कि रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह सेना में शामिल होने वालों को उनके अनुबंध रद्द करने में मदद के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। हालांकि, इसकी रूपरेखा अभी तय नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि मास्को में नेपाली दूतावास लगातार इस पर नजर रख रहा है। यूक्रेन में बंधक बनाए गए लोगों की तस्वीरें जारी की गई हैं। उन्हें वापस नेपाल लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हिमालयी राष्ट्र के सैकड़ों युवा अवैध चैनलों के जरिए रूसी सेना में शामिल हो गए हैं, जिनमें से कई लोगों की जान चली गई और कई अन्य के लापता होने या संपर्क से बाहर होने की सूचना मिली है।

## सुडोकू 6500

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | 7 | 6 | 4 |
| | | | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 8 | | | 2 | |
| | | 4 | | 3 | | | | 9 |
| | | | 5 | | 7 | | | |
| 2 | | | | 6 | | 5 | | |
| | 4 | | | 2 | | | | 7 |
| 1 | 3 | | | | | | | |
| 7 | 8 | 6 | | | 5 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 19 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें। स्वजनों, स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है।

वृषभ - आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मिथुन - आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। आज खर्च अधिक न हो, इस पर नियंत्रण रखें। आर्थिक लाभ होगा।

कर्क - आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें। किसी बात को लेकर उलझन मे रह सकते हैं।

सिंह - आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

कन्या - आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं। परिवार में भी आनंद का वातावरण रहेगा।

तुला - आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे। पदोन्नति होगी। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। सामाजिक दृष्टिकोण से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक - आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है। संतान के लिए चिंता रह सकती है। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा।

धनु - आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा। संतान के विषय में चिंता सताएगी।

मकर - आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा। दोपहर के बाद आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। धन अधिक खर्च होगा।

कुंभ - आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दोपहर के बाद आप मनोरंजन और शॉपिंग आदि में रुचि रखेंगे।

मीन - आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी। दोस्तों या रिश्तेदारों से कोई उपहार मिल सकता है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आईडीएफ ने गाजा के अल-शिफा अस्पताल में शुरू किया मिलिट्री ऑपरेशन

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोमवार को कहा कि उसने गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा में एक मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि उसके सैनिक फिलहाल शिफा अस्पताल के इलाके में ऑपरेशन चला रहे हैं। आईडीएफ ने कहा कि यह ऑपरेशन हमास के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा अस्पताल का इस्तेमाल करने की खुफिया जानकारी पर आधारित है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले में इजरायल के कम से कम 1,200 नागरिक मारे गए, जबकि 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया। हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने 31,553 फिलिस्तीनियों को मार डाला है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

## युद्धविराम वार्ता के लिए इजराइली प्रतिनिधिमंडल पहुंचेगा दोहा

**तेल अवीव,** 18 मार्च (एजेंसियां)। इजराइल से एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को संघर्षविराम पर वार्ता के लिए दोहा पहुंचेगा। सूत्रों के मुताबिक, इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने रविवार रात अपने प्रतिनिधिमंडल को दोहा भेजने का फैसला किया, ताकि गाजा में अस्थायी संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई पर फैसला किया जा सके। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया के नेतृत्व में कतरी और मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से वार्ता की शुरुआत की जाएगी।



■ **रमजान की शुरुआत के बाद से पहली बार वार्ता में शामिल होंगे दोनो पक्ष**

युद्धविराम समझौते पर मुहर लगाने से पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्री सहित इजराइल के रक्षा मंत्री से सुझाव लिए जाएंगे। इसके बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा।

सोमवार से दोहा में शुरू होने जा रही वार्ता के माध्यम से इजराइल और हमास के बीच खाई को भरने का प्रयास किया जाएगा। इसमें फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या भी शामिल है, जिन्हें संभावित रूप से शेष इजरायली बंधकों के बदले में रिहा किया जा सकता है। मुस्लिमों के पवित्र महीने रमज़ान की शुरुआत के बाद से पहली बार इजरायली अधिकारी और हमास नेता वार्ता में शामिल होंगे।

## चीन में दक्षिण-से-उत्तर पानी भेजने की परियोजना से 17.6 करोड़ लोगों को लाभ

**बीजिंग,** 18 मार्च (एजेंसियां)। चीन में दक्षिण-से-उत्तर जल मोड़ परियोजना समूह से मिली खबर के अनुसार, इस परियोजना के पूर्व और मध्य लाइनों के पहले चरण में कुल 70 अरब घन मीटर पानी स्थानांतरित किया गया, जिससे 17.6 करोड़ लोगों को लाभ हुआ है। 12 दिसंबर 2014 को, दक्षिण-से-उत्तर जल मोड़ परियोजना के पूर्व और मध्य लाइनों का पहला चरण पूरी तरह से पानी के लिए खोल दिया गया था। 18 मार्च, 2024 के दोपहर बाद 2 बजे तक, 70 अरब घन मीटर पानी दक्षिण चीन से उत्तर चीन तक मोड़ा गया।

मध्य लाइन से पेइचिंग और थ्येनचिन दोनों शहरों, हनान और हपेई दोनों प्रांतों तक कुल 62.593 अरब घन मीटर पानी को पहुंचाया गया, जबकि, पूर्व लाइन से शानतोंग प्रांत तक 6.777 अरब घन मीटर पानी को मोड़ा गया। बता दें कि दक्षिण-से-उत्तर जल मोड़ परियोजना चीन में राष्ट्रीय जल नेटवर्क का मुख्य ढांचा है। इस परियोजना के माध्यम से देश के दक्षिण में पर्याप्त पानी को उत्तरी भागों में पहुंचाया जाता है, जिससे पानी प्राप्त क्षेत्रों में लोगों को पेयजल सुरक्षा की गारंटी मिली।

## उत्तर कोरिया ने जापान के समुद्र की ओर तीन मिसाइलें दागीं

**टोक्यो,** 18 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर 350 किलोमीटर तक उड़ान भरने वाली तीन मिसाइलें जापान के समुद्र की ओर दागीं है। क्योदो समाचार एजेंसी ने जापान के रक्षा मंत्रालय के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों मिसाइलें जापान के समुद्र में गिरीं। इससे पहले दिन में, योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि उत्तर कोरिया ने जापान के सागर की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इस साल यह बैलिस्टिक मिसाइल का दूसरा प्रक्षेपण था। पिछला 14 जनवरी को हुआ था। केसीएनए ने फरवरी के मध्य में बताया कि प्योंगयांग ने सतह से समुद्र तक मार करने वाली एक नई मिसाइल, पदासुरी-6 का परीक्षण किया था।

### अमेरिका-रूस संबंधों की कोई संभावना नहीं : पॉल क्रेग

**वाशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अगले कार्यकाल के दौरान अमेरिका-रूस संबंधों की कोई संभावना नहीं है। स्पुतनिक ने अमेरिका के पूर्व सहायक ट्रेजरी सचिव पॉल क्रेग रॉबर्ट्स के हवाले से यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि रूस अमेरिका का दुश्मन है, दशकों के शीत युद्ध से अमेरिकियों को यह प्रशिक्षण मिला था कि रूसी ख़तरा है। अमेरिका-रूस संबंधों के लिए कोई उम्मीद नहीं है।

## आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने से पीछे नहीं हटेंगे : जरदारी

**नई दिल्ली**, 18 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को कहा कि हम आतंकवादियों पर पलटवार करने से संकोच नहीं करेंगे। हम अपने सैनिकों की मौत का बदला किसी भी कीमत पर लेकर रहेंगे।

पाकिस्तानी न्यूजपेपर डॉन ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि यह महान बलिदान हमारे वीर सपूतों के दृढ़ संकल्प का एक और गौरवशाली प्रमाण है, जिन्होंने हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में कभी कोई संकोच नहीं किया। हमारी मातृभूमि अपनी एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ खड़ी है।

शनिवार को सात पाकिस्तानी सैनिक सहित दो अधिकारी उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में मारे गए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मोहमंद जिले में आतंकवादियों ने पुलिस चेकपोस्ट को निशाना बनाया। उन्होंने इसे निशाना बनाने के लिए हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति जरदारी लेफ्टिनेंट कर्नल सैयद काशिफ अली और कैप्टन मुहम्मद अहमद बदर के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए थे।



**हम अपने सैनिकों की मौत का बदला किसी भी कीमत पर लेकर रहेंगे : आसिफ अली जरदारी**

पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर कोई आतंकवादी हमारे सैनिकों पर हमला करेगा, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देने में किसी भी प्रकार से संकोच नहीं करेंगे। हमारी आवाम और सेना दोनों ही आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## वर्ग पहेली 6500

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. समय सारिणी (टाइम टेबल)
४. तकलीफदेह
६. किसी वस्तु का टूटा हुआ भाग
७. राजा, हुकूमत करने वाला
८. परखने वाला, जांचने वाला
१०. रवैया, रीति-रिवाज
११. शाश्वत, सत्य, नित्य अनादि, प्राचीन
१३. सुबह, भोर
१४. सशक्त, तीव्र
१५. दोष, ऐब, बुराई
१७. टिकना, ठहरना, स्थायी रूप से निवास करना
१९. समूह, संघ, दल, सभा, समिति, विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लि संघठित संस्था,
२१. पानी में पैदा होने वाला
२२. नकल उतारने वाला (उर्दू)
२४. नकार देने या इंकार करने योग्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वह स्थान जहां से यंत्रोंआदि की सहायता से ग्रहों आदि का पर्यवेक्षण किया जाता है
२. अशक्त, विवश होना (मुहावरा)
३. कड़वी और अप्रिय बात
४. कठोरता
५. आंखों के सामने
९. कतराना, बचकर किनारे से निकल जाना (मुहावरा)
११. प्राणवान, जानदार
१२. युवक, जवान
१३. मांग, इच्छा, चाह (उर्दू)
१४. मूर्ति
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अटल, अत्यावश्यक
१७. पूज्य पुरुष, बड़ा, बुजुर्ग
१८. कामयाब
१९. विहान, भोर
२०. जन्मदाता
२३. चित्कार (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6499

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | नैः | २ श | नै. | ■ | ■ | ३ वि | घ्न | ४ ह | र्ता |
| शि | ■ | शि | ■ | ५ प | थि | क | ■ | त्या | ■ |
| ६ क | टु | व | च | न | ■ | ७ ल | ह | रा | ८ ना |
| ला | ■ | द | ■ | ९ प | त | न | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० आ | ना | ११ जा | ना | ■ | ■ | १२ ई | ध | न |
| ■ | जा | ■ | र | ■ | १३ नि | प | ट | ■ | ख |
| १४ प | द | १५ र | ज | ■ | वि | ■ | ■ | १७ सा | रा |
| ल्ल | ■ | स | ■ | १८ आ | दा | १९ ता | ■ | ह | ■ |
| २० वि | द्रो | ही | ■ | र्थि | ■ | २१ मी | मां | स | २२ क |
| त | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ष्ट |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1873-जर्मन आधिपत्य संगीतकार मैक्स रियर का जन्म।
1877-ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 45 रनों से हराया।
1911-जैन साहित्य के विशेषज्ञ तथा अनुसन्धानपूर्ण लेखक अगरचन्द नाहटा का जन्म।
1939-हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध हास्य कलाकार जगदीप का जन्म।
1944-आजाद हिंद फौज ने पूर्वोत्तर भारत में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
1953-पहली बार एकेडमी अवार्ड का प्रसारण टेलीविजन पर हुआ।
1962-बॉब डायलान का पहला एलबम संयुक्त राज्य में जारी किया गया।
1972-भारत और बंगलादेश के बीच में मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किया।
1982-ब्रिटेन एवं बेटिकन में 400 वर्षों के अंतराल के बाद राजनयिक संबंध स्थापित।
1984-फिल्म अभिनेत्री तनुश्री दत्ता का जन्म।
1990-कनाडा की राजधानी ओटावा में महिलाओं की पहली विश्व आइस हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हुई।
1996-बोस्निया हर्जेगोविना की राजधानी सरायेवो का पुन- एकीकरण।
1998-अटल बिहारी वाजपेयी दूसरी बार प्रधानमंत्री बने।
1999-यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष जैकस सांटर का अपने पद से इस्तीफ़ा।
2001-ब्रिटेन के उच्च सदन ने संगीतकार नदीम के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव ठुकराया।
2004-अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में पहली बार चीन पर मुकदमा ठोका।
2005-पाकिस्तान ने शाहीन-द्वद्व प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
2007-पाकिस्तान की मुख्तारन माई को यूरोपीय परिषद का मानवाधिकार सम्मान प्रदान किया गया।

चुनाव | पीएम मोदी ने विपक्ष के वार को फिर बनाया हथियार, बोले

# मैं शक्ति के प्रत्येक रूप की रक्षा के लिए अपना जीवन खपा दूंगा

**नई दिल्ली, 18 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के जगतियाल में रैली में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है और मेरे लिए हर मां और बेटी शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि मैं भारत मां का पुजारी हूं, मैं शक्ति के प्रत्येक रूप की रक्षा के लिए अपना जीवन खपा दूंगा। पीएम मोदी ने इससे पहले कहा कि कल मुंबई में इंडी अलायंस की रैली थी। चुनाव घोषित होने के बाद इंडी अलायंस की ये पहली और उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। उस रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया।**

और उनके घोषणा पत्र का ऐलान है कि मेरी (इंडी अलायंस) लड़ाई शक्ति के खिलाफ है।

पीएम मोदी ने कहा कि इंडी अलाएंस ने कहा है कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए हर मां, बेटी, शक्ति का रूप है। मैं माताओं-बहनों को शक्ति का रूप मानता हूं। उनकी पूजा करता हूं। मैं माताओं-बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा, जीवन खपा दूंगा। यहां भारत की धरती पर कोई शक्ति के खिलाफ भी बात कर सकता है क्या? क्या शक्ति का विनाश हमें मंजूर है? हम सब शक्ति की अराधना करते हैं। हमने चंद्रयान की सफलता को भी शिव-शक्ति का नाम देकर शिव-शक्ति को समर्पित किया है। ये लोग शक्ति के विनाश का बिगुल फूंक रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं, दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं। मुकाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है।



उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र का उत्सव प्रारंभ हो चुका है और 13 मई को तेलंगाना के लोग नया इतिहास रचने वाले हैं। 13 मई को तेलंगाना में होने वाला मतदान विकसित भारत के लिए होगा।

### पीएम मोदी ने पुतिन को फिर राष्ट्रपति चुने जाने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी शानदार चुनावी जीत पर बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि वह दोनों देशों के बीच समय की कसौटी पर परखी हुई साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। व्लादिमीर पुतिन (71) लगभग 88 प्रतिशत वोट हासिल करके पाँचवीं बार राष्ट्रपति बने हैं, जो रूस में सोवियत-काल के बाद के इतिहास में सबसे अधिक है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर महामहिम श्री व्लादिमीर पुतिन को हार्दिक बधाई।

## दुनिया को जानें

### गूगल एआई एजेंट पर कर रहा काम इंसान की तरह वीडियो गेम खेल सकता है

**सेन फ्रांसिसको,** 18 मार्च (एजेंसियां)। गूगल ने एक अनोखा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल पेश किया। इसमें इंसान की तरह ही 3डी वीडियो गेम खेल सकता है। एआई मॉडल को स्केलेबल इंस्ट्रक्शनल मल्टीवर्ल्ड एजेंट या सिमा कहा जाता है।

सीमा गेमिंग के भविष्य की ओर इशारा करता है जहां एआई एजेंट अहम निभा सकते हैं। गूगल डीपमाइंड ने एक अनोखा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल पेश किया। इसमें इंसान की तरह ही 3डी वीडियो गेम खेल सकता है। एआई मॉडल को स्केलेबल इंस्ट्रक्शनल मल्टीवर्ल्ड एजेंट या सिमा कहा जाता है। सीमा गेमिंग के भविष्य की ओर इशारा करता है जहां एआई एजेंट अहम निभा सकते हैं। ये हमें एआई के एक कदम और करीब ले जाता है जो न केवल खेलों में बल्कि वास्तविक दुनिया के वातावरण में काम करने में भी इंसानों के साथ बुद्धिमानी से सहयोग कर सकता है। साथ ही ये बुजुर्गों को अकेलापन दूर करने में मदद करता है। सीमा एक दोस्त की तरह है जो रहस्यमय कालकोठरियों की खोज से लेकर भव्य महलों के निर्माण तक सभी प्रकार के आभासी निर्देशों को समझ सकता है।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल में रोहतांग समेत ऊंची चोटियों में हिमपात

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे सहित चोटियों में सोमवार को ताजा हिमपात हुआ। पर्यटन नगरी मनाली में दिन भर बादल छाए रहे। हालांकि सुबह धूप खिली। दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और चोटियों में हिमपात होना शुरू हो गया। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम, बारालाचा दर्रों में बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है। मनाली-केलांग मार्ग पर हालांकि हिमपात के बावजूद वाहनों की आवाजाही सुचारु है। कुल्लू के निचले इलाकों में हल्की बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया है। इस बीच ढालपुर में अंधड़ भी चली। राजधानी शिमला और आसपास हिस्सों में धूप खिली रही।

## प्रत्याशी नफरती भाषण से बचें : सिबिन सी

**चंडीगढ़,** 18 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने सोमवार को लोक सभा मतदान-2024 के ज़रूरी पहलुओं से अवगत करवाने के लिये राज्य की प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की। इस मौके पर उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के अलावा वोटरों की कुल संख्या (2,12,71,246), पुरुष वोटर (1,11,92,959), महिला वोटर ( 1,00,77,543), ट्रांसजेंडर वोटर (744), अपाहिज व्यक्ति (1,57,257), ओवरसीज वोटर (1597) और पोलिंग स्टेशनों की संख्या (24,433) जैसे मुख्य आंकड़ों को उजागर किया। इसके साथ ही उन्होंने अपाहिज मतदाताओं और 85 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को घर से वोट डालने के चुनाव करने के अधिकार के बारे बताया। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की उपलब्धता के बारे में सिबिन सी ने बताया कि राज्य में 150 प्रतिशत ईवीएम की उपलब्धता है, जो जरूरत से 50 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी पोलिंग स्टेशनों को ज़रूरी सहूलियतों जैसे कि रैंप, पानी की आपूर्ति, उचित रोशनी के प्रबंध और शौचालय आदि के साथ लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग स्टेशन वोटरों के पते से दो किलोमीटर के अंदर सुविधाजनक तौर पर स्थित होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया की अलग-अलग बातों के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए लोक सभा मतदान के लिए उम्मीदवार की योग्यता, अयोग्यता के उपबंध (संवैधानिक और वैधानिक), नामांकन प्रक्रियाओं, नामांकनों को रद्द करने के आधार और नामांकन वापिस लेने के नियमों के साथ-साथ चुनाव चिह्न अलाटमेंट नियमों के बारे पूरी जानकारी दी। इस दौरान सिबिन सी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के मुख्य उपबंधों की रूपरेखा के बारे भी बताया। उन्होंने अपील की कि राजनैतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को नफरत भरे भाषण, धार्मिक या जाति आधारित वोट मांगने, विरोधियों पर निजी हमलों या गैर- प्रमाणित रिपोर्टों के आधार पर आलोचना से बचना चाहिए।

# पौड़ी लोकसभा क्षेत्र के तीन और दिग्गजों ने छोड़ी कांग्रेस

### पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष केसर सिंह नेगी, नवल किशोर और दीपक ने कांग्रेस को बोला बाय-बाय




**देहरादून,** 18 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड कांग्रेस के नेता लगातार चुनाव के ऐन समय पार्टी का दामन छोड़ रहे है। जिससे कांग्रेस में हताशा और निराशा का माहोल है। साथ ही जहां एक ओर भाजपा ने अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। वहीं कांग्रेस बिखरते कुनबे को बचाने का प्रयास कर रही है। एक बार फिर गढवाल लोकसभा सीट से अब कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष केसर सिंह नेगी, नवल किशोर और दीपक ने कांग्रेस को बाय बोल दिया है। इसका प्रतिकूल प्रभाव न सिर्फ गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में देखने को मिल सकता है बल्कि पूरे प्रदेश के लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव के दौरान देखने को मिल सकता है।

जहां एक ओर केसर सिंह नेगी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके हैं। नवल किशोर 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर पौड़ी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। पौड़ी ब्लाक प्रमुख दीपक ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ दिया है। ऐसी चर्चाएं जोरों पर हैं कि अब कांग्रेस छोड़ने वाले ये तीनों बड़े नेता जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं।

इस मामले में पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी का कहना है कि तीनों ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हो रहे थे। जिस पर कांग्रेस से भी इन्हें 6 साल के निष्कासित करने के लिये एक पत्र उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा को भेजा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि हाल ही में पार्टी छोड़ चुके मनीष खंडूड़ी के ये तीनों करीबी थे। इनके पार्टी छोड़ने की ये भी एक वजह है तीनों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप और फिर सोशल मीडिया के जरिये कांग्रेस छोड़ने की सूचना इनके द्वारा दी गई।

**ब्यान**

**हाल ही में पार्टी छोड़ चुके मनीष खंडूड़ी के ये तीनों करीबी थे : कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी**

## राजनीतिक स्थिरता, मजबूत नेतृत्व और युवा जनसंख्या भारत का गौरव : संधू



**ट्रम्प तो मोदी के मुरीद रहे हैं, दूसरी ओर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी सार्वजानिक तौर पर भारत की विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रगति की तारीफ की है : पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू**

**अमृतसर,** 18 मार्च (एजेंसियां)। पंचनद शोध संस्थान, की ओर से 'भारत उभरती हुई वैश्विक शक्ति' विषय पर सोमवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत-अमेरिका के संबंधों ने एक दृढ़ साझेदारी का स्वरुप ले लिया है, जिसका मुख्य कारण भारत में राजनितिक स्थिरता, मजबूत नेतृत्व एवं जनसंख्या का स्वरुप है। अमेरिका के नेतृत्व का भारत के प्रति दृष्टिकोण असामान्य रूप से बदला है जिसका एक मुख्य कारण वहां रह रहे प्रवासी भारतीयों में श्री मोदी की लोकप्रियता की अहम भूमिका है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण अमेरिका में प्रवासी भारतीयों का वहां के हर क्षेत्र में श्रेष्ठ और प्रभावशाली योगदान अंतरिक्ष स्वास्थ्य सेवाओं, टेक्नोलॉजी से लेकर व्यापार तक भारतीयों का वर्चस्व हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय उद्योपतियों की ऐसी सकारात्मक छवि है कि अमेरिका में यदि किसी बोर्ड का सदस्य भारतीय होता है तो उसके शेयर मूल्य बढ़ जाते हैं। श्री संधू ने कहा कि श्री ट्रम्प तो मोदी के मुरीद रहे हैं, दूसरी ओर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी सार्वजानिक तौर पर भारत की विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रगति की तारीफ की है। जब दुनिया का सर्वाधिक विकसित देश भारत की प्रगति को मान्यता तो निश्चित से भारत एक वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित हो चुका है। आने वाले वर्षों में भारत विश्व की तीसरी बढ़ी अर्थव्यवस्था बनेगा यह निश्चित है। इसमें सबसे बड़ी ताकत हमारी जनसंख्या का युवा वर्ग है। आज जबकि समस्त युरोपीय देशो की जनसंख्या उम्रदराज हो चली है। भारत के 1.40 करोड़ में से 50 प्रतिशत से अधिक युवा है। पूर्व राजदूत ने कहा कि पंजाबी युवाओं में सामर्थ्य है, उनकी सोच बदलने और उनका मार्गदर्शन की आवश्यकता है। अमृतसर के कुटीर उद्योग, खेतीबाड़ी के उत्पादन, हस्तशिल्प, व्यंजन, इत्यादि को वैश्विक आधार पर मान्यता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। अमृतसर के राजासांसी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से कार्गो सुविधा उपयोग में लाना होगा।

**सार संक्षेप**

### लोकसभा चुनाव : उत्तराखंड में शराब एवं कैश सीजर की कार्रवाई लगातार जारी

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव को लेकर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने सोमवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आदर्श आचार संहिता और कानून-व्यवस्था को लेकर प्रेस ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रदेश के प्रत्येक जनपद में शराब एवं कैश सीजर की कार्रवाई जारी है। 16 से 17 मार्च तक 24 घंटे में लगभग 40000 भवनों से पोस्टर-बैनर हटाए गए हैं। 1 से 16 मार्च तक 7 करोड़ रुपए से अधिक नकद, अवैध शराब, मादक पदार्थ सीज किया गया है। स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) और क्यूआरटी गठित की जा चुकी है। प्रदेश में एसएसटी की संख्या 293 एवं क्यूआरटी की संख्या 158 है।

### बिक्रम मजीठिया के राजनीतिक सलाहकार एडवोकेट राकेश पाराशर भाजपा में शामिल

**अमृतसर।** पंजाब के पूर्व मंत्री एवं अकाली दल महासचिव बिक्रम सिंह मजीठिया के राजनीतिक सलाहकार एडवोकेट राकेश पराशर द्वारा पंजाब भाजपा के अध्यक्ष श्री सुनील जाखड़ की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।
पंजाब भाजपा के प्रवक्ता प्रो. सरचंद सिंह ने पराशर का स्वागत करते हुये कहा कि पंजाब में भाजपा परिवार दिन-ब-दिन बड़ा और मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि एडवोकेट पराशर, जो अकाली दल लीगल सेल के नेता और पंजाब ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष भी हैं, एक मेहनती और ईमानदार नेता हैं। भाजपा उनके अनुभव का पूरा फायदा उठाएगी। अधिवक्ता पराशर ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं।

### रोबोट से कराएं सीवर लाइन एवं हौद की सफाई : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने सोमवार को मांग की कि हरियाणा सरकार एसटीपी, सीवर लाइन आदि की सफाई के लिये रोबोट एवं मशीनरी का प्रयोग अनिवार्य करें ताकि गैस चढ़ने से मेहनतकश कर्मियों की जानें बचाई जा सकें। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि पलवल स्थित एशियन पेंट कंपनी में दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में प्रबंधन के खिलाफ हत्या का केस प्रदेश सरकार को दर्ज कराना चाहिये। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार मृतकों के परिजनों को तुरंत प्रभाव से 30-30 लाख रुपये मुआवजा देना चाहिए। कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि सीवर और एसटीपी में होने वाली मौतों के मामले में हरियाणा देश में तीसरे स्थान पर है।

### सुडोकू 6500 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 |

## भाजपा सरकार उड़ा रही आचार संहिता की धज्जियां : चौटाला



**चंडीगढ़,** 18 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को हरियाणा की भाजपा सरकार पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि आचार संहिता की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और मंत्री सरकारी गाडियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। मौजूदा मुख्य सचिव को छुट्टी पर भेज दिया गया है और उनकी जगह नया मुख्य सचिव बनाया गया है, जिसे यह समझ में नहीं आ रहा कि करना क्या है? वहीं प्रशासन की स्थिति भी डांवाडोल है और इस चिंता में है कि क्या करे, क्या न करे? नए मंत्रियों को शपथ दिलाने के लिये राजभवन बुला लिया गया, लेकिन उन्हें शपथ नहीं करवायी गई। इनेलो नेता ने चुनाव आयुक्त से हरियाणा में आचार संहिता को तुरंत अमल में लाने की मांग की और कहा कि सरकारी गाड़ियों और सरकारी सामान को जब्त किया जाए।

# भाजपा की वॉशिंग मशीन में सब धूल गएः महारा

### कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं पर करण का तंज



**देहरादून,** 18 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं की लिस्ट लंबी होती जा रही है, जिससे लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस की मुश्किले कम होने के बचाए बढ़ती हुई नजर आ रही है। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने वाले नेताओं पर उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने तंज कसा है। साथ ही उन्होंने बीजेपी को भी आड़े हाथों लिया है।

उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय देहरादून में सोमवार 18 मार्च को प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर उनके नेताओं को मुकदमों और जेल में जाने का डर दिखाकर अपनी पार्टी में शामिल कराने का आरोप लगाया।

करण माहरा ने तंज सकते हुए कहा कि भाजपा ने ऐसी वाशिंग मशीन बनाई है, जिसमें दल बदल करने वाले नेता मोदी वाशिंग मशीन में क्लीन होने के बाद पाक साफ हो जाते हैं। यही बीजेपी का चाल चरित्र और चेहरा है, जो सबके सामने जाहिर है। पूरे देश में ऑपरेशन लोटस फेमस हो रहा है।

करण माहरा का आरोप है कि बीजेपी जनता की चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। इस अभियान के तहत उत्तराखंड को भाजपा ने हाल ही में शरण स्थली बनाया, जहां हिमाचल के विधायकों को लाया गया और यहां के भाजपा विधायक उनकी मेहमान नवाजी में व्यस्त रहे।

करण माहरा ने कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री रहे और बड़कोट नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष के पार्टी छोड़ने व बीजेपी में शामिल होने पर कहा कि उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे है। उन आरोपों को आनंद असवाल और प्रवेश गौड़ ने उठाया था, लेकिन बीजेपी में जाते ही वह मोदी वाशिंग मशीन में क्लीन होकर निकल गए।

इसी तरह पार्टी छोड़ने वाले महेंद्र राणा पर भी अनियमितता के आरोप लगे और वह भी भाजपा की वाशिंग मशीन में चले गए। इसी प्रकार चौबट्टाखाल से पूर्व प्रत्याशी रहे केशर सिंह पर आबकारी से जुड़े गंभीर आरोप लगे, लेकिन वह भी भाजपा की वाशिंग मशीन में चले गए।

पार्टी छोड़ने वाले दिनेश घने के बेटे कनक घने पर दुष्कर्म और मारपीट के मुकदमे दर्ज हुए, लेकिन पार्टी छोड़ने के बाद वह भी वाशिंग मशीन में धूल गए। बीजेपी ज्वाइन करने से 12 घंटे पहले बदरीनाथ के विधायक रहे राजेंद्र भंडारी लगातार भाजपा पर आक्रामक थे, उन पर राज जात यात्रा के टेंडरों में अनियमितताएं बरतने के आरोप थे। वह भी बहुत तेजी से वाशिंग मशीन में घुस गए। करण माहरा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से सवाल किया है कि क्या अनियमितताएं बरतने वाले इन नेताओं पर मुकदमे चलाए जाएंगे।

## पूर्व आईएएस के पुत्र ने की खुदकुशी

**शिमला,** 18 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी के पुत्र ने आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व आईएएस अमिताभ अवस्थी का पुत्र मुदित अवस्थी (26) छोटा शिमला के ब्रॉकहास्ट स्थित अपने कमरे में मृत पाया गया। उसने फंदा लगाकर जान दी है। इस घटना की सूचना मिलने पर पहुंची छोटा शिमला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो पाई है। पुलिस की शुरुआती जांच में तनाव की वजह से खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है। उल्लेखनीय है कि श्री अवस्थी कांगड़ा जिला के मूल निवासी हैं। वह बीते साल 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए थे। वर्तमान सरकार ने उन्हें जल आयोग का अध्यक्ष बनाया है।

# अलर्ट जारी, कॉर्बेट पार्क होली पर रहेगा बंद




**नैनीताल,** 18 मार्च ( देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क होली के पर्व पर दो दिन बंद रहेगा। ऐसे में पार्क में दो दिन रात्रि विश्राम और एक दिन डे सफारी बंद रहेगी। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में हर वर्ष लाखों की तादाद में पर्यटक वनों और वन्यजीवों के दीदार के लिए पहुंचते है और कॉर्बेट प्रशासन भी लगातार अपने पार्क के वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा में मुस्तैद रहता है, उसी को लेकर पार्क प्रशासन ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पर्व पर अलर्ट जारी करने के साथ ही पार्क में 2 दिनों के लिए नाईट स्टे के साथ ही 25 मार्च को होली के दिन डे सफारी को भी बंद किया गया है। जिससे वन कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाएगी। बता दें कि होली समेत अन्य त्यौहारों पर शिकारी पार्क में घुसने की फिराक में रहते हैं। कॉर्बेट की यूपी से सटी सीमा सबसे अधिक संवेदनशील है। यहां आए दिन संदिग्ध लोगों के पार्क में घुसने की आशंका रहती है, कार्बेट पार्क में सुरक्षा की दृष्टि से यूपी से लगे सीमायें जो अतिसंवेदनशील क्षेत्र में है वहां ड्रोन व हाथियों से वन कर्मियों द्वारा लगातार गस्त कर पार्क में निगरानी की जा रही है। वही इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि कॉर्बेट पार्क में होली के पर्व पर शिकारी सक्रिय हो जाते हैं, जिसको लेकर हमारे द्वारा वन कर्मियों की छुट्टी रद्द करने के साथ ही कॉर्बेट पार्क में 2 दिन के लिए नाइट सफारी बंद की गई है, उसके साथ ही 25 मार्च होली के दिन डे सफारी बंद की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर 24 और 25 मार्च को रात्रि विश्राम नहीं होगा। 25 मार्च को डे सफारी भी नहीं होगी और पूर्ण रूप से कॉर्बेट पार्क में पर्यटन गतिविधियां बंद रहेगी। अलर्ट को देखते हुए वनकर्मियों की छुट्टियों को रद्द किया गया है।

## हिमाचल प्रदेश में धुंधी पुल के पास हिमस्खलन, मनाली-केलांग मार्ग बंद

**शिमला,** 18 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल के मनाली-केलांग मार्ग रविवार रात हिमस्खलन होने के कारण बंद रहने से सड़क के दोनों वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। लाहौल जिला आपदा प्रबंधन ने हिमस्खलन के बाद वाहनों की आवाजाही रोक दी। मनाली-केलांग मार्ग बंद होने की सूचना सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सड़क को बहाल करने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सड़क को डेढ़ घंटे के बाद बहाल किया गया। मनाली-केलांग मार्ग को बीआरओ ने रात 11:30 बजे बहाल कर दिया। अटल टनल रोहतांग के आसपास भारी बर्फबारी हुई है। ऐसे में कई जगहों पर हिमस्खलन का खतरा बना हुआ है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मार्ग को अब यातायात बहाल कर दिया है। सोमवार से पर्यटकों को भी फोर बाई फोर वाहनों में जाने की अनुमति दी गई। इधर, पर्यटन नगरी मनाली में सैर सपाटे का आनंद लेने आए पर्यटक अटल टनल का दीदार भी कर सकेंगे। प्रशासन ने पर्यटकों को फोर बाई फोर वाहनों में सोलंगनाला से आगे भेजना शुरू कर दिया है।

## आदर्श आचार संहिता के दौरान 24 घंटे सक्रिय रहेगी एमसीएमसी : कश्यप

**शिमला,** 18 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) की बैठक हुई, जिसमें समिति के सदस्य अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज, निदेशक प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) प्रीतम सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में एमसीएमसी द्वारा सभी समाचार पत्रों, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, बल्क संदेश और सोशल मीडिया पर प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाले विज्ञापनों तथा पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने इस संदर्भ में विज्ञापन देने के लिए उम्मीदवार की ओर से जिला स्तरीय एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करने का आग्रह किया ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि जो कोई भी उम्मीदवार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करना चाहता है, वह समय रहते एमसीएमसी समिति से प्री-स्टीफिकेशन के लिए आवेदन करें ताकि निर्धारित प्रक्रिया के तहत विज्ञापन को प्रसारित एवं प्रकाशित करने की अनुमति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई उम्मीदवार पेड न्यूज़ प्रकाशित एवं प्रसारित करवाता है, तो रिटर्निंग अधिकारी की ओर से संबंधित उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जाए, जिसका उम्मीदवार को निर्धारित अवधि के भीतर उत्तर देना अनिवार्य रहेगा। उम्मीदवार के उत्तर पर जिला स्तरीय एमसीएमसी निर्णय लेगी। पेड न्यूज़ घोषित होने पर उम्मीदवार के चुनाव खर्चे में भी इसे शामिल किया जाएगा।

**कार्रवाई**

### छात्रों के नाम पर करोड़ों रुपए की छात्रवृत्ति हड़पी

# ईडी ने जब्त की शैक्षिक संस्थान की एक करोड़ की संपत्ति




**हरिद्वार,** 18 मार्च (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक एजुकेशनल सोसाइटी की करीब एक करोड़ रुपए की संपत्ति (जमीन और भवन) को अस्थायी रूप से अटैच किया है। जिस एजुकेशनल सोसाइटी पर कार्रवाई हुई है, उसके रुड़की में दो संस्थान हैं।

आरोप है कि इन शैक्षिक संस्थानों ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एसटी-एसटी के छात्रों के फर्जी तरीके से अपने कॉलेज में दाखिल दिखाए और फिर उन छात्रों के नाम पर करोड़ों रुपए की छात्रवृत्ति हड़प ली। आरोप है कि इसी तरह घोटाला कर इन संस्थानों ने हरिद्वार जिले के रुड़की और आसपास के इलाके में कई चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। दरअसल, उत्तराखंड के चर्चित छात्रवृत्ति घोटाले की जांच राज्य पुलिस ने की थी। पुलिस की जांच में करोड़ों रुपए का छात्रवृत्ति घोटाला सामने आया था।

इतना बड़ा घोटाला सामने आने के बाद ईडी ने इस मामले में धन शोधन अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई की थी। उत्तराखंड के चर्चित छात्रवृत्ति घोटाले के तार राज्य के बाहर जैसे यूपी और हिमाचल से भी जुड़े हुए मिले थे। बताया जा रहा है कि ईडी ने उत्तराखंड समेत यूपी और हिमाचल के भी कई कॉलेजों को इस मामले में नोटिस भेजा था। वहीं अब इस मामले में ईडी ने रुड़की की एक एजुकेशनल सोसाइटी की अचल सपत्ति को अटैच किया है।

### क्या है छात्रवृत्ति घोटाला

**देहरादून।** दरअसल, साल 2017 में उत्तराखंड के समाज कल्याण विभाग का छात्रवृत्ति घोटाला सामने आया था। इस घोटाले की जांच के लिए उत्तराखंड सरकार ने साल 2019 में एसआईटी जांच के आदेश दिए थे। एसआईटी ने शुरुआत में हरिद्वार और देहरादून के कई शैक्षिक संस्थानों पर करीब 100 से ज्यादा मुकदमे दर्ज किए थे। शुरुआत में ये घोटाला बहुत छोटा घोटाला माना जा रहा था। लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि उत्तराखंड का छात्रवृत्ति घोटाला करीब 500 करोड़ रुपए का है। इस मामले में समाज कल्याण विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी अभी जेल में हैं।

## चुनाव के कारण हिमाचल में लटक गईं हजारों भर्तियां

**शिमला,** 18 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में अब लोकसभा चुनाव के बाद ही स्कूलों में हजारों शिक्षक नियुक्त होंगे। देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने से टीजीटी, जेबीटी, कंप्यूटर शिक्षकों की भर्तियां लटक गई हैं। दो दिन पहले 1023 टीजीटी का बैचवाइज भर्ती के माध्यम से चयन हुआ है।

इन शिक्षकों को नियुक्तियों के लिए अब जून तक इंतजार करना होगा। 1161 परों पर जेबीटी की बैचवाइज भर्ती का परिणाम भी जून में ही जारी होगा। कंप्यूटर साइंस प्रवक्ता के 985 पद भरने को विज्ञापन जारी करने पर भी रोक लग गई है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने विगत 13 मार्च को अक्तूबर-नंवबर 2023 के दौरान हुई बैचवाइज काउंसलिंग का परिणाम घोषित किया है। इसमें टीजीटी आर्ट्स में 496,

# प्रादेशिकी

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2022-2023 के अनुपालन में 18 मार्च को लिंग समानता व शिक्षा के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एंव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित किशोर अपचारीगण को लिंग समानता व शिक्षा के अधिकार विषय पर कानूनी जानकारी प्रदान की गयी। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित किशोर अपचारीगण को हरीराम, अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सतीश कुमार, प्रभारी अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) द्वारा सम्बोधित किया गया।

# अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल



**लखनऊ,** 18 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल यानी यूपी एसएसएफ को योगी सरकार अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से 23 करोड़ से ज्यादा की धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस राशि से यूपी एसएसएफ के लिए सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, सब मशीन गन, असॉल्ट राइफल समेत अन्य हथियार एवं साजो सामान की खरीद की जाएगी।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 14 मार्च को जारी शासनादेश के अनुसार यूपी एसएसएफ के लिए इन हथियारों और साजो सामान की खरीद के लिए 23,049,975 करोड़ (रुपए तेईस करोड चार लाख निन्यानवे हजार सात सौ पचास) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गई है। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत धनराशि से उपकरण/सेवाओं की खरीदारी 31 मार्च, 2024 तक सुनिश्चित कर ली जाए। यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे राजकोष में समर्पित किया जाए। बची धनराशि से कोई अन्य उपकरण/सेवाएं क्रय नहों की जा सकेंगी। निर्गत धनराशि से जिन हथियारों और साजो सामान की खरीदारी की जानी है

- **यूपी एसएसएफ के लिए हथियार और आवश्यक साजो सामान की खरीदारी के लिए शासन से मिली 23 करोड़ रुपए से ज्यादा की वित्तीय स्वीकृति**

उनमें 465 ऑटोमैटिक पिस्टल, 1113 सब मशीन गन, 330 असॉल्ट राइफल, 500 बी आर जैकेट, 500 बी आर हेलमेट, 1714 पाली कार्बोनेट शील्ड और 2025 पाली कार्बोनेट लाठी शामिल हैं। निर्देशित किया गया है कि सभी हथियारों और साजो सामान गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी होना चाहिए। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा कार्यात्मक आवश्यकता के दृष्टिगत प्रस्तावित उपकरणों के मेक/ मॉडल/ स्पेसिफिकेशन एवं संख्या के संबंध में विभागीय व्यवस्थाओं के अन्तर्गत संतुष्ट होने के उपरांत ही खरीदारी सुनिश्चित की जाए।

हाल ही में योगी सरकार द्वारा अयोध्या में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की छठी बटालियन स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया था। यूपीएसएसएफ का गठन सितंबर 2020 में प्रदेश के कोर्ट, प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए किया गया था। परिणामस्वरूप जून 2021 में यूपीएसएसएफ की पांच बटालियन गठित की गई थीं, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर की बटालियन शामिल हैं। यूपीएसएसएफ की प्रथम बटालियन लखनऊ में मेट्रो की सुरक्षा में भी तैनात है।

## बीसीए के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजित

**मेरठ,** 18 मार्च (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम में बीसीए के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' था। इस वर्कशाप में मुख्य वक्ता वीएम कॉडर टेक्नोलोजी के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास बर्मन, डाटा साइंस ट्रैनर प्रीति वर्मा एवं बिजनेस डेवलपर निशा सहगल रहे। जिनका स्वागत विद्यार्थियों द्वारा उनको चंदन का तिलक लगाकर किया। इस दौरान विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजीनियर विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, बीसीए विभाग अध्यक्ष विदुषी शर्मा, सहायक प्रोफेसर हिमांशु शर्मा, रंजीत सिंह एवं विशी तोमर मौजूद थे। तत्पश्चात वक्ता ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में जानकारी दी विद्यार्थियो को आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस क्या है, कितने प्रकार का होता है और ये कैसे काम करता है। उन्होंने विद्यार्थियो को लाइव प्रोजेक्ट पर प्रोग्रामिंग का महत्व बताया। प्रीति वर्मा ने विद्यार्थियो के साथ अपनी परिश्रमी यात्रा के अनुभव को सांझा किया जिसको विद्यार्थियो ने बड़े ध्यान से सुना, उन्होंने विद्यार्थियो को कठिन परिश्रम कर अपने मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने प्रीति वर्मा से विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी पूछे जिनका उन्होंने जवाब देकर विद्यार्थियों को संतुष्ट किया। इस वर्कशाप में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# वेंक्टेश्वरा संस्थान का वित्तीय कम्पनी 'ग्रेक्वेस्ट' के साथ अनुबंध

**मेरठ,** 18 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में देश के सभी बैंकों से सस्ता 'शैक्षणिक ऋण' (एजुकेशन लोन) प्रदान करने वाली भारत की प्रतिष्ठित एजुकेशन लोन प्रदाता कम्पनी 'ग्रेक्वेस्ट' के साथ अनुबंध हो गया है। इस एजुकेशन लोन अनुबंध के साथ ही जहाँ इससे एक ओर इस सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राऐं लाभान्वित होंगे, वहीं दूसरी ओर पहले से ही विभिन्न पाठ्यक्रमों में द्वितीय, तृतीय एवं अंतिम वर्ष में अध्यनरत छात्र-छात्राऐं भी इसका लाभ उठा सकेंगे। यह जानकारी आज दोनो संस्थानों के बीच हुई इस अनुबंध के बाद विश्वविद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी श्री विकास भाटिया एवं ग्रेक्वेस्ट कम्पनी के चीफ ऐसोसिएट निदेशक शिशिर पुरोहित सिंह ने संयुक्त रूप से दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, ग्रेक्वेस्ट के एसोसिएट निदेशक शिशिर पुरोहित, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला एवं सी.एफ.ओ. विकास भाटिया आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान की चीफ फाइनेंस ऑफीसर विकास भाटिया एवं ग्रेक्वेस्ट के एसोसिएट निदेशक शिशिर पुरोहित ने संयुक्त रूप से बताया कि इस शानदार योजना में देश के सभी 'बैंकिंग स्टूडेंट लोन' से कम ब्याज दर पर शैक्षणिक लोन/ऋण उपलबध है जो कि 1.99 प्रतिशत वार्षिक दर से शुरू होता है। यह नए सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट्स एवं पहले से ही अध्यनरत छात्र-छात्राओं दोनों के लिए लाभकारी है। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, कुलसचिव, डॉ. पीयूष पाण्डे, सलाहकार आर.एस. शर्मा, एफ.ओ. दशमीत सिंह, डी.एफ.ओ. सौरभ यादव, विवेक, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. योगेश्वर प्रसाद



- **अब गरीब बच्चों को भी मिल सकेगी उच्च एवं तकनीकी शिक्षा : डॉ. सुधीर गिरी**
- **आगामी सत्र में इस योजना से लाभान्वित होंगे छात्र-छात्राएं : डॉ. राजीव त्यागी**
- **वित्त विभाग व एडमीशन विभाग में कर सकते हैं आवेदन : विकास भाटिया**

शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. सर्बनन्द साहू, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल कुमार जैसवाल, डॉ. विश्वनाथ झा, एना ऐरिक ब्राउन, डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, विशाल शर्मा, अरूण गोस्वामी, मारूफ चौधरी, संजीव पाल, शरद चौधरी, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### डीएम ने किया बचत भवन में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी महोदय द्वारा बचत भवन में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। उन्होने वहां सीसीटीवी कैमरा, मीडिया सेल, सोशल मीडिया सेल, सी विजील ऐप, ड्यूटी चार्टध्रजिस्टर इत्यादि को देखते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की व्यवस्था का हाल जानने पहुंचे डीएम

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी महोदय द्वारा आईटीआई साकेत स्थित ईवीएमध्वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने को लेकर बैठक

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने डिस्कॉम मुख्यालय, ऊर्जा भवन मेरठ में वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की। डिस्कॉम के सभी 14 जनपदों के अधिकारियों को होली पर्व के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



विडियो कान्फ्रेन्सिंग में प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली के पर्व के दृष्टिगत सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने कहा इस सम्बन्ध में समस्त मेन्टेनेन्स के कार्य समय से पूर्व, पूर्ण करा लिये जायें। उपभोक्ताओं को कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये। प्रबन्ध निदेशक ने कहा विद्युत हेल्पलाईन नं0 1912 पर नो सप्लाई तथा क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के बदलने से सम्बन्धित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि होली पर्व पर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति किए जाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये सभी वितरण अधिकारी अपने अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करें कि स्थानीय स्तर पर विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित कोई समस्या आती है तो उसको तत्काल कम से कम समय में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# नए पुलों से नहीं हो रही निकासी, तीन बार पटरी टूटी

**मवाना,** 18 मार्च (देशबन्धु)। सिंचाई विभाग द्वारा गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए रजवाहों पर आठ करोड़ की लागत से करीब 62 नए पुलों का निर्माण स्वीकृत हुआ। इनमें से रजवाहों पर बनाये गये नये पुलों से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिस कारण सांधन गांव के पास से गुजर रहा राईट अकबरपुर रजवाहे की पटरी ओवरफ्लों होने के कारण 25 दिनों में तीन बार टूट चुकी है। किसानों की फसलें खराब हो गई है। यहीं आलम ढिकौली रजवाहे पर निर्माणाधीन पुल का है। छह माह से अभी तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया। इस बारे में सिंचाई विभाग के अफसर पुलों के निर्माण में देरी करने पर ठेकेदारों को नोटिस देने की बात कह रहे हैं।

- **एक पुल के निर्माण में छह माह से अधिक समय लगा**
- **निर्माण में देरी पर ठेकेदारों को नोटिस जारी**



अनूपशहर गंग नहर शाखा से 23 मई 2023 को 62 नये पुलों की निविदाएं आमंत्रित की गई थी। 62 पुलों के निर्माण पर करीब आठ करोड़ रुपये खर्च होने का इस्टीमेट शासन से स्वीकृत कराया गया। रजवाहों पर पुलों के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया कर ली गई और अक्टूबर 2023 में पुलों के निर्माण के ठेके छोड़ दिये गये। ठेकेदारों ने ठेके लेकर पुलों के निर्माण में मनमर्जी चलाई। सांधन गांव के पूर्व प्रधान हर्षवर्धन ने डीएम व अधिशासी अभिभयंता मनमोहन से शिकायत की कि उनके गांव में जो नया पुल दस लाख रुपए की लागत से बनाया गया है, वह नीचा बनाया गया। उससे बहता पानी रूक रहा है, जिस कारण रजवाहा ओवरफ्लो होकर 25 दिनों में तीन बार टूट चुका है, जबकि इससे पहले बने पुलों से रजवाहे का पानी दो फुट नीचे बहता था। पूर्व प्रधान हर्षवर्धन, कंवरपाल, रमन, सुभाष शर्मा, लोकेश शर्मा, जगन, पप्पन व यशवीर सिंह समेत अनेक ग्रामीणों ने बताया कि तीन बार पटरी टूटने से उनके खेतों में खड़ी सरसों व गेहूं की फसल में अधिक पानी भर जाने से खराब हो गई है। उनके गांव सांधन में बनने वाला दूसरा पुल का निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है। ऐसा ही हाल ढिकौली रजवाहे पर बनाये जाने पुल का है। करीब 15 गांवों को जोड़ने वाले पुल का निर्माण होते हुए छह माह बहत गये है लेकिन पुल का निर्माण पूरा नहीं हो सका। गांव ततीना, गांवड़ी, तोफापुर, धनपुर, दुर्वेशपुर समेत अनेक गांव के ग्रामीण परेशान है। करीब 11 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पुल का निर्माण नहीं होने से गन्ने से भरे वाहनों को ले जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मामले में अधिशासी अभियंता मनमोहन सिंह ने बताया कि रजवाहों पर पुलों का निर्माण लेवल से ही कराया जा रहा है, कहीं कोई परेशानी है तो उसे दिखवा लेंगे। पुलों के निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी किये जा रहे हैं। उधर सूबे के राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि रजवाहों पर पुलों के निर्माण पुराने बने पुलों के बराबर ऊचे बनने चाहिए। ग्रामीणों की शिकायत के मामले पर सिंचाई विभाग के अफसरों को कड़े आदेश दिये जायेंगे ताकि किसान व ग्रामीण परेशान नहीं हो।

# स्वयं सेवकों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया



**मवाना, 18 मार्च (देशबन्धु)।** एएस(पीजी) कालेज, मवाना की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1 व 2 के सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस सोमवार को डा. कुलदीप मलिक के नेतृत्व में प्रथम सत्र के अन्तर्गत प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार, संजीव कुमार, डा. प्रमोद कुमार व सभी स्वयं सेवकों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने सभी स्वयं सेवकों से पर्यावरण संरक्षण करने की अपील की व अपने आस-पास के क्षेत्रों में पौधारोपण करने की सलाह दी। समाज में चल रहे साईबर क्राइम से कैसे अपना बचाव करें, इसके बारे में स्वयं सेवकों को विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर के द्वितीय सत्र में इकाई-1 व 2 के मध्य कु. ईशा भूमिक व कु. छवि नागर ने सभी स्वयसेवको को आत्म संरक्षण का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. नीतू सिंह के नेतृत्व में सभी स्वयं सेवकों को तनाव रहित जीवन बिताने को 45 मिनट हैप्पी हावर कराया गया, जिसके अन्तर्गत सभी स्वयं सेवकों ने स्वेच्छा से लोकनृत्य व लोकगायन में प्रतिभाग किया। शिविर का समापन वन्दे मातरम् के साथ किया गया। वहां पर नवीन कुमार, विष्णु गुप्ता, संजू कुमार, गुलाब सिंह व निखिल का सहयोग रहा।




## विद्या के 15 छात्रों का एचडीएफसी लाईफ में चयन

**मेरठ,** 18 मार्च (देशबन्धु)। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में कैंपस प्लेसमेंट का आयेजन किया गया जिसमें एच.डी.एफ.सी. लाईफ कम्पनी कैंपस रिक्रूटमेन्ट के लिए आई। इस कैंपस प्लेसमेन्ट प्रक्रिया में कंपनी के एच.आर. अधिकारी ने सबसे पहले सभी छात्रों को एक सेमिनार में सम्बोधित किया और फिर सभी को कम्पनी की कार्य प्रणाली से अवगत कराया और उनके जॉब प्रोफाइल के बारे में जानकारी दी। उसके बाद अपनी चयन प्रक्रिया में 15 छात्रों का चयन किया जिनके नाम-आयुष राणा, अकार्श मदान, अक्षित कुमार, अनंत बंसल, अनिकेत चोपड़ा, अनुराधा, कार्तिक त्यागी, मुस्कान वर्मा, प्रिया यादव, राहुल पाल, शुभम अग्रवाल, शुभम पाल, विदुषी शर्मा, विशाखा चौधरी, विशाल सिंघल का सफल चयन किया, सभी छात्र इस अवसर को पाकर बहुत प्रोत्साहित है। विद्या ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप कुमार जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल जैन एवं प्लेसमेन्ट हेड बिमल नैयन सिंह जग्गी ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी।

# घटतौली की शिकायत करने पर किसान के खिलाफ रिपोर्ट

**मवाना,** 18 मार्च (देशबन्धु)। मवाना तहसील क्षेत्र के गांव अस्सा निवासी अवनीश कुमार ने आरोप लगाया कि उसने टिकौला शुगर मिल में हो रही गन्ना घटतौली की घटना को उजागर किया तो मिल प्रशासन ने उसके खिलाफ बहसूमा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। इतना ही नहीं, सम्बंधित गन्ना समिति से उसके परिवार के सट्टे बंद कराने का नोटिस जारी कर दिया गया। पीड़ित कृषक के पक्ष में अनेक किसान आ गए है। पीड़ित किसान ने इस मामले की शिकायत गन्ना आयुक्त, डीएम, एसएसपी व सीओ मवाना से की है।

कृषक अवनीश कुमार ने गन्ना आयुक्त को भेजी शिकायत में कहा कि 20 नवम्बर 23 को उसने घटतौली की शिकायत करते हुए एसडीएम मवाना को ज्ञापन सौंपा था। उसने 8 जनवरी 24 को मिल द्वारा की जा रही घटतौली की शिकायत मुख्यमंत्री, गन्ना

- **किसान हुए लामबंद, डीएम, एसएसपी से की शिकायत**
- **समिति सचिव ने जारी किया किसान को नोटिस**

आयुक्त व डीएम और उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर मंडल से की थी। इस शिकायत की जांच के सापेक्ष में एक मार्च 24 को विधिक माप विज्ञान के वरिष्ठ निरीक्षक ने जांच की। जांच में सभी आरोप सही पाये गये। चार मार्च 24 को गांव अस्सा के तौल केन्द्र पर नायब तहसीलदार आदेश कुमार पहुंचे थे। उस समय उस तौल केन्द्र की मशीन की सील मिल अफसरों ने तोड़ी थी। इसके बाद टिकौला मिल प्रशासन ने उसके खिलाफ बहसूमा थाने में पांच मार्च 24 को रिपोर्ट दर्ज करा दी।

# अंबेडकर शोभायात्रा के लिए हुई समाज की बैठक

**मवाना,** 18 मार्च (देशबन्धु)। मवाना थाने के पास अंबेडकर पार्क में रविवार देर शाम अंबेडकर शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकाले जाने के लिए सम्मानित समाज की बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र जाटव ने की और संचालन अंकित वर्मा ने किया। बैठक में अध्यक्ष बनाने को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं में पूर्व प्रधान सतपाल, गोपाल, तपन रामबाग, दिनेश रामबाग, किरण पाल, मोहित बादली, आदेश वर्मा, योगेश कुमार, जैकी, अभिषेक आदि रहे। बैठक में हर मौहल्ले से समाज के अनेक लोग इक्ट्ठा हुए। सभी ने पुरानी कमेटी को भंग करते हुए सुनीत कुमार उर्फ कोकी भैया को पुन: अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुनीत कुमार ने सर्वप्रथम सम्मानित समाज का आभार व्यक्त किया तथा बाबा साहेब आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। बैठक में तेजपाल, आशीष मेम्बर, सतीश, अमर, विक्की, चंद्रमुकूट, रवीश, पप्पू, शहेंद्र, रमेशचंद, संदीप, ब्रज कुमार, ब्रजानंद, बिरजू, राजाराम, सनी कुमार, सुशील कुमार, अभिषेक, सुन्दर, किरण, रामगोपाल, अनिल, भूपसिंह, सचिन, चुन्नीलाल, राजकुमार ऊंचा, अमित, अंकुर रामबाग, राहुल, मोनू, प्रभात, नीरज, सुशील आदि उपस्थित रहे।



**आस्था** नव्य व भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मंदिर में दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बढ़ता जा रहा

# बीते रविवार को रिकॉर्ड 5 लाख से अधिक भक्तों ने किया काशी विश्वनाथ का दर्शन

**लखनऊ/ वाराणसी,** 18 मार्च (देशबन्धु)। श्री काशी विश्वनाथ धाम अपने ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर रहा है। सावन व शिवरात्रि समेत पर्व-त्योहारों पर तो यहां लाखों भक्त दर्शन के लिए उमड़ते ही हैं, पर रविवार (17 मार्च) जैसे सामान्य दिन में भी यहां पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने दर्शन किया। यह संख्या सामान्यतः विशिष्ट पर्वों पर आने वाले दर्शनार्थियों के बराबर है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री जी के हाथों लोकार्पित होने के बाद श्री काशी विश्वनाथ धाम नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

काशी पुराधिपति देवाधिदेव महादेव के दर्शन के लिए निरंतर श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। योगी सरकार की तरफ से काशी में श्रद्धालुओं को

- **अपने ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर रहा काशी विश्वनाथ धाम**
- **सामान्य दिनों में आने वाले श्रद्धालुओं की सर्वाधिक संख्या दर्ज की गई**

दर्शन के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध की जा रही हैं।

नव्य व भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मंदिर में सुविधा और सुरक्षा के चलते काशी में दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बढ़ता जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के लगभग तीन हज़ार वर्ग फुट से, लगभग पांच लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में परिवर्तित होने के बाद धाम में सनातनियों का दर्शन के लिए तांता लगा रह रहा है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री विश्व भूषण



मिश्र ने बताया कि 17 मार्च 2024 को सामान्य दिवस (पर्व के अतिरिक्त) दर्शनार्थियों की सर्वाधिक दैनिक संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ। इस दिन कुल 5,03,024 दर्शनार्थियों ने महादेव के दर्शन प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर लोकार्पण के पहले सामान्य दिनों में भक्तों की संख्या लगभग 20 से 30 हज़ार के आसपास रहती थी, जबकि लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर 1.5 लाख से 2 लाख हो गई थी।

### सावन और शिवरात्रि में भक्तों की संख्या रहती है सर्वाधिक

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि सावन और शिवरात्रि में भक्तों की संख्या सर्वाधिक होती है, लेकिन सामान्य दिनों में ऐसा पहली बार देखने को मिला है, जब शिव भक्तों की संख्या एक दिन (रविवार 17 मार्च) को 5 लाख के पार हो गई है। ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (टीएएआई) उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सचिव प्रदीप राय ने बताया कि अयोध्या और काशी के टू वे सर्किट के लिए पर्यटकों का सबसे ज्यादा रुझान हो रहा है। दोनों धार्मिक शहरों में सबसे ज्यादा पर्यटक वीकेंड में आ रहे हैं।

देशबन्धु | नई दिल्ली, मंगलवार, 19 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## नौ महीने के लीप के साथ, दर्शक देखेंगे काव्या का रीबूट संस्करण

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या - एक जज़्बा एक जुनून', में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। 'काव्या - एक जज़्बा एक जुनून', में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या अंततः कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप के कारण उसे आईएएस अधिकारी के रूप में उसकी भूमिका से निलंबित कर दिया गया है।

## जयपुर की महारानी गायत्री देवी का किरदार निभाना चाहती हैं अनन्या पांडे



**मुंबई,** 18 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री अनन्या पांडे पर्दे पर जयपुर की महारानी गायत्री देवी का किरदार निभाना चाहती हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर उन्हें ऑनस्क्रीन किसी फैशन आइकन का किरदार निभाना हो तो वह कौन होंगी? अनन्या ने कहा कि मुझे लगता है कि गायत्री देवी। दुनिया की सबसे स्टाइलिश शाही महिलाओं में से एक गायत्री देवी भारत की सबसे खूबसूरत महारानी में से एक थीं। बीमारी के कारण 2009 में 90 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। हिंदी सिनेमा में महज पांच साल में अनन्या ने बड़ी लीग में अपनी जगह बना ली है। उनके लिए स्टारडम का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि यह सच नहीं है। मैं अभी भी बहुत भूखी हूं और मुझे मीलों दूर जाना है।

अभिनेत्री ब्यूटी ब्रांड हाउस ऑफ लैक्मे की भी एंबेसडर हैं। अपने फैशन के बारे में बताते हुए अनन्या ने कहा कि मैं वही कपड़े पहनती हूं जिसमें कंफर्टेबल महसूस करती हूं, इसलिए मैं हर समय सिर्फ अपने पाजामे में रहती हूं। जब सुंदरता की बात आती है, तो वह नेचुरल रहना पसंद करती हैं, लेकिन जब बात उनके काम की आती है, तो वह प्रयोग करना पसंद करती हैं।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों का खुलासा

## होली खेलने से मूड अच्छा, कम होता है चिंता का स्तर

- सामाजिकता व परंपराओं के साथ फिर से जुड़ना होती है वजह
- लाल और गुलाबी रंग ऊर्जा और जुनून को करता है प्रेरित

**जालंधर,** 18 मार्च (एजेंसियां)। होली खेलने से मूड अच्छा होता है और चिंता का स्तर कम होता है। यह दिनचर्या से एक अच्छा ब्रेक है, आनंदमय वातावरण, सामाजिकता और परंपराओं के साथ फिर से जुड़ने के कारण मानसिक कल्याण को बढ़ावा देता है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने सोमवार को कहा कि अन्य त्योहारों की तरह, यह भी खुशी के हार्मोन जारी करता है, अलगाव से लड़ता है, सहनशीलता का निर्माण करता है और आशावाद और उपलब्धि की भावना जैसे मनोवैज्ञानिक लाभ प्रदान करता है।

सोमवार को अमृतसर स्थित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान द्वारा 'होली की सामाजिक लागत' विषय पर आयोजित एक मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में मुख्य भाषण देने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, प्रसिद्ध आपदा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, रंग नीला और हरा एक शांत वातावरण बना सकता है, जबकि लाल और गुलाबी रंग ऊर्जा और जुनून को प्रेरित करने की क्षमता रखते हैं। बैंगनी रचनात्मकता को प्रेरित कर सकता है और पीला और नारंगी मूड को बेहतर कर सकता है और भूख बढ़ा सकता है। इन रंगों के साथ खेलने से मन का उत्पादक या ऊर्जावान भाव व्यक्त हो सकता है।

उन्होंने कहा कि होली के दौरान प्रियजनों के साथ मेलजोल से एंडोर्फिन की मात्रा बढ़ती है, जिससे व्यक्ति अधिक खुश और आनंदित महसूस करता है।

उन्होंने कहा कि चमकीले रंग, थिरकाने वाला संगीत और अपने परिवार और दोस्तों के साथ चंचल माहौल आपको आराम करने और दुनिया के तनावों को भूलने में मदद कर सकता है।

प्रसिद्ध चिकित्सक ने बताया कि यह त्योहार सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने, हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने, आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मकता को बढ़ावा देने, रिश्ते बनाने और बंधन को मजबूत करने और वसंत के आगमन का जश्न मनाने का भी समय है। डॉ. पुरोहित ने यह भी आगाह किया कि उत्सवों की भौतिक प्रकृति, जिसमें लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं - कुछ संदर्भों में, उत्सवों को यौन आवेश से भर देती है। होली का विपणन - विशेष रूप से बॉलीवुड और पश्चिमी मीडिया में - इसे बढ़ावा देता है, आमतौर पर होली पर बातचीत को हानिरहित और छेड़खानी के रूप में चित्रित किया जाता है। 'वास्तव में, उत्सव अवांछित ध्यान को मौन स्वीकृति दे सकते हैं जो आसानी से हमले और यौन हिंसा में बदल सकता है।' विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि संगीत, ड्रम और स्पीकर की तेज आवाज होली समारोह का अभिन्न अंग हैं। इयरप्लग पहनकर अपने कानों को अत्यधिक शोर से बचायें। ये छोटे उपकरण ध्वनि की तीव्रता को काफी कम कर सकते हैं और साथ ही आपको अपनी सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचाये बिना उत्सव का आनंद लेने की अनुमति देते हैं।

## कूनों में चीता गामिनी ने 5 नहीं 6 शावकों को दिया था जन्म

**भोपाल,** 18 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता गामिनी ने पांच नहीं छह शावकों को जन्म दिया था, यह बात अब सामने आई है। इसकी पुष्टि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने की है। केंद्रीय मंत्री यादव ने सोमवार को एक्स पर तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा है, 'गामिनी की विरासत आगे बढ़ी! खुशी का कोई अंत नहीं है, ये पांच नहीं, बल्कि छह शावक हैं।' उन्होंने आगे लिखा है, 'गामिनी से पांच शावकों के जन्म की खबर के एक हफ्ते बाद, अब यह पुष्टि हो गई है कि दक्षिण अफ्रीकी चीता गामिनी ने छह शावकों को जन्म दिया है, जो पहली बार मां बनने वाली के लिए एक तरह का रिकॉर्ड है।



## एम्स के चिकित्सकों ने की बजुर्ग महिला के ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी

### गंभीर सिरदर्द, चलने-फिरने में कठिनाई, दुर्बलता व लकवा जैसे लक्षण

**देहरादून,** 18 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ऋषिकेश स्थित इकाई के चिकित्सकों ने ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित एक 82 वर्षीया बुजुर्ग महिला की जटिलतम सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। अपने आप में यह किसी चमत्कार से कम नहीं है, जो आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और विशेषज्ञों की दक्षता से संभव हुआ। इस अप्रतिम सफलता के लिए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है।

एम्स के वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र चतुर्वेदी ने सोमवार को बताया कि उनकी न्यूरो-सर्जिकल टीम ने उक्त पीड़ित महिला के मस्तिष्क में आसपास के स्वस्थ ऊतकों को नुकसान के जोखिम को कम करते हुए ट्यूमर को हटाने के लिए ग्रसित भाग को सावधानीपूर्वक नेविगेट किया। उन्होंने बताया कि पांच घंटे तक चली इस जटिल तंत्रिका शल्य चिकित्सा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अपने अंजाम तक पहुंचाने के लिए सटिकता, कौशल और न्यूरोसर्जिकल सिद्धांतों की गहरी समझ की नितांत आवश्यकता थी। जो इस जटिलतम सर्जरी को सफलता से अंजाम देकर एवं बुजुर्ग महिला को जीवनदान देकर विशेषज्ञों ने साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे शल्य चिकित्सा के उच्चतम मानक की देखभाल प्रदान करने के लिए हमारी टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता पर बेहद गर्व है।

न्यूरो एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) संजय अग्रवाल ने मरीज के प्रभावशाली इच्छा शक्ति और मेडिकल टीम के सहयोगात्मक प्रयासों की प्रशंसा की।

इस मामले से जुड़े चिकित्सकों के अनुसार बीते माह में की गई यह सर्जरी महिला के मस्तिष्क में एक बड़े ट्यूमर से मरीज को राहत दिलाने के कारण आवश्यक हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से रोगी को गंभीर सिरदर्द, संज्ञानात्मक हानि और चलने-फिरने में कठिनाई, दुर्बलता और लकवा जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ रहा था। महिला अपने दैनिक कार्य करने में असमर्थ थी। ऐसी स्थितियों वाले बुजुर्ग मरीजों के ऑपरेशन से अत्यधिक जोखिम व चुनौती के बावजूद, एम्स, ऋषिकेश की मेडिकल टीम ने दृढ़ संकल्प और विशेषज्ञता के साथ इस कार्य को बखूबी अंजाम दिया। चिकित्सकों की इस उपलब्धि पर प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा कि एम्स, ऋषिकेश में हम अपने सभी रोगियों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह सफल सर्जरी उस प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित व्यक्ति की बीमारी की वजह से उनके पारिवारिकजनों के लिए यह समय बेहद परेशानी वाला और चुनौतिपूर्ण होता है। ऐसे में इस जटिलतम केस को सफलतापूर्वक अंजाम देने में हमारे चिकित्सकों ने जो कामियाबी हासिल की, यह हमारे लिए भी गर्व की बात है कि हम लोग किसी मरीज को जीवनदान देने के साथ ही उनके परिवार को इस स्थिति से उबारने का माध्यम बन सके। प्रो. सिंह ने बताया कि एम्स न्यूरो सर्जिकल रोगियों को दुनिया के किसी भी बड़े शहर के बराबर बेहतर उपचार एवं देखभाल प्रदान करने के लिए नवीनतम सर्जिकल तकनीकों और गैजेट्स से लैस है। यहां न्यूरो सर्जरी विभाग पूरी तरह से इंट्रा-ऑपरेटिव सीटी स्कैन, न्यूरो-एंडोस्कोपी और नेविगेशन सिस्टम से सुसज्जित है, जो देश में किसी भी न्यूरोसर्जिकल सुविधा के बराबर होने के लिए इस प्रकार की सर्जरी के लिए आवश्यक है।

## होली के रंग में दिखे 'डांस दीवाने' के जज माधुरी, सुनील, मेहमान गोविंदा व पत्नी सुनीता

**मुंबई,** 18 मार्च (एजेंसियां)। माधुरी दीक्षित नेने, सुनील शेट्टी, गोविंदा और उनकी पत्नी सुनिता को फिल्मिस्तान स्टूडियो में डांस दीवाने के सेट पर एक साथ देखा गया। सभी सेलिब्रिटी रियलिटी शो के एपिसोड की शूटिंग के लिए पहुंचे थे। इस शो में गोविंदा और उनकी पत्नी को स्पेशल गेस्ट के रूप में इनवाइट किया गया था। इसे होली स्पेशल के लिए शूट किया जा रहा था। हरे रंग की पोशाक में माधुरी दीक्षित नजर आईं। एक्ट्रेस इस शो की जज भी हैं। फ्यूजन आउटफिट में देवदास की अभिनेत्री माधुरी काफी सुंदर नजर आ रही थी। अभिनेत्री ने ग्लैम मेकअप के साथ अपने बालों को भी खुला



छोड़ा हुआ था, साथ ही गोल्ड कलर की ब्लॉक हील्स के साथ लुक को पूरा किया। को-जज सुनील ने चिकनकारी के काम वाली नीली शर्ट और बेज रंग की पैंट पहनी थी। उन्होंने अपने लुक को काले धूप के चश्मे से पूरा किया। पिंक लहंगे में गोविंदा की पत्नी सुनिता भी काफी सुंदर दिख रही थी, उन्होंने हरे चोकर नेकलेस और मैचिंग इयररिंग्स के साथ लुक को पूरा किया। सुनीता और सुनील को लेंस के लिए एक साथ पोज़ देते हुए देखा गया। 'हेरा फेरी' अभिनेता ने सुनीता के कंधों पर अपने हाथ रखे हुए थे। गोविंदा ने ब्राइट पिंक कलर का कुर्ता पायजामा और मैचिंग दुपट्टा पहना था।

## पीले एथनिक सूट में नोरा फतेही का जलवा

**मुंबई,** 18 मार्च (एजेंसियां)। अपकमिंग 'मडगांव एक्सप्रेस' रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बीच एक्ट्रेस नोरा फतेही ने एथनिक पोशाक में अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। नोरा फतेही एक उत्साही सोशल मीडिया यूजर हैं। उन्होंने अपने फैंस के लिए कुछ आकर्षक पोस्ट साझा की हैं।



नई तस्वीरों में 'कुसु कुसु' सॉन्ग फेम नोरा पेस्टल पीले रंग की भारी कढ़ाई वाली सूट पहने नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने गुलाबी होंठों के साथ अपने मेकअप को साधारण रखा और बालों को खुला रखा। एथनिक लुक को हील्स के साथ उन्होंने पूरा किया।

पोस्ट का शीर्षक है आपका दिन शुभ हो। फैंस ने तस्वीरों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऑसम, 'सुंदर'। 'मडगांव एक्सप्रेस' में दिव्येंदु, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, उपेंद्र लिमये और छाया कदम भी हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित यह 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## रेकेम आरपीजी का प्री-क्वालिफिकेशन, परीक्षण प्रोटोकॉल पूरा करना बड़ी उपलब्धि



नई दिल्ली 18 मार्च (एजेंसियां)। रेकेम आरपीजी ने भारत में निर्मित अपने 245केवी केबल एक्सेसरीज के लिए सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपीआरआई) में बहुत कड़े, वार्षिक प्री-क्वालिफिकेशन (पीक्यू) परीक्षण प्रोटोकॉल को पूरा करके, अपने पहले से ही सजाए गए पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ दी है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, रेकेम आरपीजी के सीईओ विवेक वेंकटचलम ने कहा, 'अटूट समर्पण के साथ, हम मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने का प्रयास करते हैं और अपने देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से योगदान करते हैं। रेकेम आरपीजी के संचालन और प्रौद्योगिकी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर रमन ने कहा, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता सिर्फ एक लक्ष्य नहीं है; यह सीमाओं को आगे बढ़ाने और हमारे उत्पाद विकास और परीक्षण क्षमताओं को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता है जो नवाचार में सबसे आगे है। तमल कांति साहा, सीनियर वीपी और हेड - ग्लोबल सेल्स एंड मार्केटिंग, रेकेम आरपीजी ने टिप्पणी की, 'जैसा कि हम आत्मनिर्भरता की यात्रा में आगे बढ़ रहे हैं और 'मेक इन इंडिया' पहल को सफल बना रहे हैं, हम अपने सभी ग्राहकों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' के लिए संगीत देंगे ऑस्कर विजेता कीरावनी

**मुंबई,** 18 मार्च (एजेंसियां)। अनुपम खेर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीत निर्देशक एम.एम. कीरावनी को फिल्म का म्यूजिक देने के लिए साइन किया है। सोमवार को अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टूडियो के अंदर म्यूजिक का वीडियो साझा किया, जहां संगीतकार को डिजिटल ऑडियो वर्कस्टेशन के सामने कीबोर्ड पर डूडलिंग करते देखा जा सकता है।

वीडियो में एम.एम. कीरावनी को कुछ तार बजाते और धुन गुनगुनाते देखा जा सकता है। धुन के अंत में अनुपम संगीतकार की सराहना करते



हैं। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा कि सपने सच होता हैं। यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे समय के सबसे बेहतरीन संगीतकारों में से एक ऑस्कर और गोल्डन ग्लोब विजेता एमएम कीरावनी सर मेरी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के संगीत निर्देशक हैं।

अनुपम ने आगे बताया कि जब से मैंने 'तुम मिले दिल खिले' गाना सुना है, तब से मैं कीरवानी सर का फैन हो गया हूं। 'तन्वी द ग्रेट' के लिए संगीत और गाने तैयार करने में लगभग एक साल बिताना शानदार रहा है! आपकी प्रतिभा और उदारता के लिए धन्यवाद सर! जय हो। फिल्म के बारे में बात करते हुए एम.एम. कीरावनी ने साझा किया कि मैं 'तन्वी द ग्रेट' का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। अनुपम खेर के साथ काम करना हर समय अपने आप में रहने जैसा है। काम पहले कभी इतना मजेदार नहीं था।

## मलयालम के कवि प्रभा वर्मा की कृति 'रौद्र सात्विकम्' को 33वां सरस्वती सम्मान

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। मलयालम भाषा के साहित्यकार प्रभा वर्मा की काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' को केके बिरला फाउंडेशन के 33वें सरस्वती सम्मान के लिये चुना गया है। यह घोषणा फाउंडेशन ने सोमवार को की।

के के बिरला फाउंडेशन की एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रभा वर्मा की यह पुस्तक 2022 में प्रकाशित हुई है। वर्ष 1991 से दिये जा रहे, सरस्वती सम्मान के तहत 15 लाख रुपए नकद, प्रशस्ति और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाता है।

विज्ञप्ति के अनुसार, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अर्जन कुमार सीकरी की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय निर्णायक मंडल ने विभिन्न भाषाओं की पांच पुस्तकों- आखिरी सवारियां (उर्दू उपन्यास, लेखक सैयद मोहम्मद अशरफ), मित भास समग्र (असमिया काव्य संग्रह, लेखक नगेन साइकिया), पोसरा (संथाली उपन्यास, लेखक गंगाधर हांसदा), रौद्र सात्विकम् (मलयालय काव्य कृति लेखक प्रभा वर्मा) और बनारसी डायरी (गुजराती काव्य कृति लेखक हरीश मीनाश्रु) पर विचार के बाद रौद्र सात्विकम् को 23वां सरस्वती सम्मान देने की स्वीकृति दी। इस पुरस्कार के लिए 2013 से 22 के बीच 22 भारतीय भाषाओं में प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों पर प्रत्येक भारतीय समिति के विचार के बाद पांच क्षेत्रीय समितियों द्वारा उपरोक्त पांच पुस्तकों की सूची निर्णायक मंडल के सामने रखी गई थी।

यह पुरस्कार डॉ. हरिवंश राय बच्चन की पुस्तक दशद्वार से सोपान तक (1991), रमाकांत रथ की उड़िया काव्य रचना श्री राधा (1992), विजय तेंदुलकर के कन्यादान (मराठी नाटक) (1993), डॉ. एम वीराप्पा मोयिली का श्री रामायण महान्वेषणम (कन्नड़: महाकाव्य) (2014), पदमा सचदेव की चित्त- चेते (डोगरी: आत्मकथा) (2015), प्रो. रामदरश मिश्र की मैं तो यहां हूं (हिन्दी: कविता) (2021), सिवसंकरी का सूर्य वंशम (तमिल:संस्मरण) (2022) सहित अब तक 32 साहित्यिक पुस्तकों के लिये प्रदान किया गया है।

कवि, साहित्यकार, गीतकार वर्मा का जन्म 1959 में ऐतिहासिक पंपा नदी के तट पर बसे तिरुवल नामक कस्बे में हुआ। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में परास्नातक और विधि संबंधि उपाधि प्राप्त की है। वह अंग्रेजी और मलयालम दोनों ही भाषाओं में समान रूप से अधिकार रखने वाले द्विभाषिक साहित्यकार ने इस वर्ष अपने सृजनात्मक लेखन के पचास वर्ष पूरे किए हैं। वह पारंपरिक मीडिया के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम करने वाले मीडियाकर्मी तथा एक सांस्कृतिक कार्यकर्ता के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। वर्तमान में वर्मा केरल के मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव के रूप में सेवा दे रहे हैं।

## ट्यूलिप गार्डन में कड़ी मेहनत में जुटे हैं बागवान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 18 मार्च (देशबन्धु)। जैसे-जैसे एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन का दिन नजदीक आ रहा है, उत्साह का माहौल है, प्राकृतिक सुंदरता के सफल प्रदर्शन की उम्मीदें बहुत अधिक हैं। बागवान उत्साहित हैं और एक सफल शो की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि वे इस शानदार शो को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

इस महीने के अंतिम सप्ताह में ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन हो जा रहा है और बहुप्रतीक्षित ट्यूलिप शो न केवल अपने शानदार प्रदर्शन के लिए ध्यान आकर्षित करने की संभावना है, बल्कि बगीचे में खिलने के लिए तैयार 1.7 मिलियन ट्यूलिप के बीच 5 नई किस्मों को भी शामिल करेगा, जैसा कि अधिकारियों ने पहले बताया था।



**ताकि आने वाले 17 लाख से ज्यादा फूलों को निहार सकें**

पत्रकारों से बात करते हुए ट्यलिप गार्डन के मालियों और बागवानों का कहना था कि निराई-गुड़ाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि एक सफल ट्यूलिप गार्डन शो की प्रक्रिया जारी है और हमने शो में ट्यूलिप की और भी किस्में जोड़ी हैं। अठारह साल से अधिक समय से श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन में काम कर रहे माली गुलाम मोहम्मद वानी के बकौल काम नवंबर के महीने में शुरू होता है। वह कहते थे कि जैसे एक बच्चे की देखभाल की जाती है, वैसे ही ट्यूलिप के साथ भी करनी होती है। वे कहते थे कि बड़ी संख्या में लोग ट्यूलिप गार्डन देखने आते हैं और यह देखकर खुशी होती है कि कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है।

वानी के शब्दों में यह सब एक समर्पित माली की कड़ी मेहनत के कारण है, और ट्यूलिप गार्डन का खूबसूरत दृश्य तभी देखा जा सकता है जब एक माली कड़ी मेहनत करता है और ट्यूलिप उत्सव के इस महीने में उसकी कड़ी मेहनत की प्रशंसा होती है। एक अन्य माली का कहना था कि सफल ट्यूलिप शो के पीछे बगीचे की कड़ी मेहनत है और अभी निराई-गुड़ाई की प्रक्रिया जारी है। बगीचे के खुलने से पहले, एक और निराई प्रक्रिया की जानी चाहिए। इसे एक तरफ से उद्घाटन की समय सीमा प्रक्रिया को संभालने और प्रक्रिया को जारी रखने के लिए एक विशेषज्ञ माली की आवश्यकता है। वे कहते थे कि सफल ट्यूलिप शो के बाद, इन ट्यूलिप को जमीन से बाहर निकालने की जरूरत है और फिर शेष वर्ष के लिए उनकी देखभाल की जानी चाहिए। फ्लोरीकल्चर के आयुक्त सचिव, शेख फैयाज अहमद ने बताया कि एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने मौजूदा उद्यान क्षेत्र का विस्तार करने के अलावा इस साल पांच और नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 5.69 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.05 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.98 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.75 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.47 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| इंफोसिस | 1.99 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.72 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.43 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.25 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.20 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

**पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं**



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## देश के सभी शहरों व कुछ लंबे मार्गों पर ई-बसें शुरू करेगी सरकार : गडकरी

- बैटरी की कीमतों में गिरावट से 30 प्रतिशत कम हो जाएगा किराया
- ईवी विनिर्माण में तेजी से सभी सिगमेंट में बढ़ रहा उत्पादन



**लिथियम-आयन बैटरी की लागत घटकर 112 डॉलर प्रति किलोवाट प्रति घंटे हो गई है : नितिन गडकरी**

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार की अगले पांच साल में सभी भारतीय शहरों में और दिल्ली-शिमला, दिल्ली-चंडीगढ़ तथा मुंबई-पुणे जैसे कुछ लंबे मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की योजना है।

मंत्री ने कहा कि बैटरी की कीमतों में गिरावट से यात्रियों के लिए बसों का किराया 30 प्रतिशत कम हो जाएगा। साथ ही प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। मंत्री ने बताया कि लिथियम-आयन बैटरी की लागत 150 डॉलर से घटकर 112 डॉलर प्रति किलोवाट प्रति घंटे हो गई है। ऐसा देश में इस सेगमेंट में 350 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुआ है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब यह घटकर 100 डॉलर हो जाएगा, तो परिचालन लागत पेट्रोल और डीजल वाहनों के समान होगी। अगर आप एक महीने में पेट्रोल वाहनों पर 20-25 हजार रुपये खर्च करते हैं, तो इलेक्ट्रिक वाहनों पर आपको केवल दो हजार रुपए खर्च करने होंगे। देश में ईवी विनिर्माण में तेजी आई है, सभी सिगमेंट में उत्पादन बढ़ रहा है। गडकरी ने कहा कि (देश में) 400 इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता हैं। हमारे पास 60 किमी की रेंज वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाले निर्माता हैं।

## डीपटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए नीति बनाएगा केंद्र

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि केंद्र जल्द ही देश में डीपटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और सशक्त बनाने के लिए एक नई नीति लाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी में स्टार्टअप महाकुंभ कार्यक्रम में बोलते हुए राजेश कुमार सिंह ने कहा कि डीपटेक स्टार्टअप नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम इसे जल्द ही सामने लाएंगे। हम धन का एक समर्पित कोष बनाएंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही डीपटेक स्टार्टअप के लिए एक अलग विंडो होगा।।

स्टार्टअप महाकुंभ में नैसकॉम पवेलियन में 34 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आयोजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सास), डी2सी/उपभोक्ता ब्रांड, एग्रीटेक, फिनटेक, डीपटेक, बायोटेक और फार्मा, इनक्यूबेटर, क्लाइमेट टेक, ई-स्पोर्ट्स और बी2बी मैन्युफैक्चरिंग सहित क्षेत्रों में व्यावहारिक चर्चा की सुविधा प्रदान करेगा।

## ईस्पोर्ट्स, गेम डेवलपमेंट में अधिक अवसरों की संभावना : सीआईआई




**देश के गेमिंग क्षेत्र में है विस्तार की अपार संभावनाएं**

**भारत के पास विशेष रूप से निर्मित खेलों के विकास का नेतृत्व करने का अनूठा अवसर है : आर दिनेश, अध्यक्ष, सीआईआई**

**पुणे,** 18 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे समय में जब देश का गेमिंग क्षेत्र उल्लेखनीय छलांग के लिए तैयार है, ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट उद्योग में अधिक नौकरियां पैदा की जा सकती हैं। पुणे में हाल ही में संपन्न इंडिया गेमिंग शो में सीआईआई के अध्यक्ष आर. दिनेश ने कहा कि भारत में बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में नए रास्ते बनाने की अपार क्षमता है, जिससे ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट में अधिक नौकरियों के सृजन का रास्ता खुलेगा। दिनेश ने आने वाले वर्षों में तेजी से विकास का अनुमान लगाते हुए इस उभरते क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों मोर्चों पर इनकी बढ़ती प्रमुखता पर जोर देते हुए वीडियो गेम और ईस्पोर्ट्स क्षेत्र की परिवर्तनकारी यात्रा को रेखांकित किया।

इंडिया गेमिंग शो के छठे संस्करण में 10 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 70 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिसमें इंडोनेशिया ने अतिथि देश के रूप में शुरुआत की।

वर्तमान में एक प्रतिशत से कम की बाजार हिस्सेदारी के साथ, देश के गेमिंग क्षेत्र में विस्तार की अपार संभावनाएं हैं, जो पीसी, मोबाइल और कंसोल गेमिंग में प्रचलित रुझानों से प्रेरित है। दिनेश ने कहा कि भारत के पास विशेष रूप से निर्मित खेलों के विकास का नेतृत्व करने का अनूठा अवसर है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वैश्विक और घरेलू दोनों उत्पादों को वैश्विक पहचान मिले। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि उभरते क्षेत्र को एक जिम्मेदार नीतिगत ढांचे की आवश्यकता है। उन्होंने जनता को शिक्षित करने और नैतिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार गेमिंग प्रथाओं के सामाजिककरण के महत्व पर जोर दिया। बनर्जी ने उपलब्ध प्रतिभा के पूल को बढ़ाने और जनसांख्यिकी में उल्लेखनीय सुधार के लिए उद्योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## खाद्य तेलों में टिकाव, गुड़-चीनी के भाव गिरे



**नई दिल्ली**, 18 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव बरकरार रहा तथा अधिकांश दालें और गुड़-चीनी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 17 रिंगिट फिसलकर 4325 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.19 सेंट की गिरावट के साथ 49.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में गिरावट रही। इस दौरान चीनी 50 रुपए और गुड़ के भाव 100 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अधिकांश दालों के भाव उतर गए। इस दौरान चना 50 रुपए, दाल चना 50 रुपए, उड़द दाल 300 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही। वहीं, मसूर दाल और मूंग डाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

## अडाणी समूह करेगा 1.2 लाख करोड़ का निवेश




**समूह अगले वित्तवर्ष में हरित ऊर्जा, हवाईअड्डों, सीमेंट, कमोडिटी जैसे पोर्टफोलियो में 14 अरब डॉलर का निवेश करेगा : गौतम अडाणी**

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। तेज विकास के अगले चरण के लिए मंच तैयार करने के प्रयास में अडाणी समूह ने अगले वित्तवर्ष (2024-25) में अपनी कंपनियों में लगभग 14 अरब डॉलर (करीब 1.2 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का लक्ष्य रखा है।

सूत्रों ने बताया कि समूह अगले वित्तवर्ष में हरित ऊर्जा, हवाईअड्डों, सीमेंट, कमोडिटी जैसे पोर्टफोलियो में 14 अरब डॉलर का निवेश करेगा।

अडाणी समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अडाणी पहले ही कह चुके हैं कि वह अगले 10 साल में देश की हरित ऊर्जा यात्रा में अनुमानित 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे, जिसमें 2027 तक सौर विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर 10 गीगावॉट करने की योजना शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, वित्तवर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय समूह की कंपनियों द्वारा आगामी 31 मार्च को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष के अनुमान से 40 प्रतिशत अधिक है।

पूंजीगत व्यय का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे हरित पोर्टफोलियो में जाएगा और बाकी का उपयोग विश्वस्तरीय हवाईअड्डों जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया जाएगा।

समूह की कंपनियों के एकीकृत लाभ में दिसंबर 2023 में समाप्त तीसरी तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 63.6 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई। इसके परिणामस्वरूप, कैलेंडर वर्ष 2023 में कंपनी का कर पूर्व लाभ 78,823 करोड़ रुपए (9.5 अरब डॉलर) रहा। यह वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में ढाई गुना है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले 37.8 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने कहा कि 31 दिसंबर 2023 के अंत में 44,572 करोड़ रुपये (5.4 अरब डॉलर) की नकदी के साथ समूह की उच्च तरलता बनी हुई है।

कंपनी ने एक बयान में कहा था कि कोर इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म ने पिछले 12 महीने में 66,208 करोड़ रुपए (आठ अरब डॉलर) का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है, जो पहले के एक साल के मुकाबले 35.4 फीसदी अधिक है।

**सार संक्षेप**

### नारायण मूर्ति ने पोते को 240 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर किए गिफ्ट



नई दिल्ली। भारत में सबसे कम उम्र का एक करोड़पति हो गया है, जिसका नाम है एकाग्र रोहन मूर्ति। वह इंफोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति का चार महीने का पोता है। रेगुलेटरी फाइलिंग के मुताबिक, नारायण मूर्ति ने अपने पोते को 240 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर गिफ्ट किए हैं। एकाग्र मूर्ति को इंफोसिस में 15 लाख शेयर यानी 0.04 फीसदी हिस्सेदारी मिली है। इन्फोसिस के 77 वर्षीय संस्थापक ने ऑफ-मार्केट लेनदेन में अपने पोते को शेयर गिफ्ट में दिए। इसके साथ, आईटी क्षेत्र में नारायण मूर्ति की हिस्सेदारी 0.36 प्रतिशत या 1.51 करोड़ से अधिक शेयरों तक गिर गई। सोमवार को 1,620 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर एकाग्र मूर्ति को 243 करोड़ रुपए की बड़ी रकम मिली।

### कुमार वेंकटसुब्रमण्यम बने प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया सीईओ

**मुंबई।** प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया ने सोमवार को कुमार वेंकटसुब्रमण्यम को 1 मई से उसके भारतीय परिचालन का सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह एल.वी. वैद्यनाथन का स्थान लेंगे जो पीएंडजी में 28 साल की सेवा के बाद कंपनी छोड़ रहे हैं। लगभग 24 साल के अनुभव के साथ आईआईएम कलकत्ता के पूर्व छात्र, वेंकटसुब्रमण्यम वर्तमान में सीईओ के रूप में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पीएंडजी का नेतृत्व कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 2020 तक पीएंडजी इंडिया में सेल्स टीम का नेतृत्व किया था। पीएंडजी के एशिया प्रशांत, मध्य पूर्व और अफ्रीका के कारोबार के अध्यक्ष स्टानिस्लाव वेसेरा ने कहा कि वेंकटसुब्रमण्यम भारतीय संगठन के लिए कोई अजनबी नहीं हैं। उन्होंने यहां हमारी व्यावसायिक रणनीतियों को बनाने और क्रियान्वित करने में कई साल बिताए हैं। भारत के व्यवसाय और यहां के कार्यबल को उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता से अत्यधिक लाभ होगा। वेंकटसुब्रमण्यम ने कहा कि मैं भारतीय बाजार में वापस आने, उपभोक्ताओं के बारे में और अधिक जानने व जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्सुक हूं।

### क्वालकॉम ने स्नैपड्रैगन 8एस जेन 3 चिप का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** चिप निर्माता कंपनी क्वालकॉम ने सोमवार को फ्लैगशिप एंड्रॉइड स्मार्टफोन्स के लिए स्नैपड्रैगन 8एस जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की। स्नैपड्रैगन 8एस जेन 3 को ऑनर, आईक्यूओओ, रियलमी, रेडमी और श्याओमी सहित प्रमुख कंपनियों द्वारा अपनाया जाएगा। जल्द ही कमर्शियल डिवावसों की घोषणा होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि नए प्लेटफॉर्म की प्रमुख विशेषताओं में जेनरेटिव एआई फीचर्स, ऑल्वेज-सेंसिंग आईएसपी, हाइपर-रियलिस्टिक मोबाइल गेमिंग, ब्रेकथ्रू कनेक्टिविटी और दोषरहित हाई-डेफिनिशन साउंड के लिए समर्थन शामिल है।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी

- सेंसेक्स 104.99 अंक की तेजी लेकर 72,748.42 पर पहुंचा
- निफ्टी 32.35 अंक की बढ़त के साथ 22,055.70 पर बंद

**बीएसई सेंसेक्स 19 मार्च 2024**

| | |
|---|---|
| अधिकतम उछाल | |
| खुला | 72,587.30 |
| बंद | 72,748.42 |
| पिछला बंद | 72,643.43 |
| बदलाव: | 104.99 (0.14%) |

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| टाटा स्टील | 149.60 | 5.69 |
| एम एंड एम | 1,856.75 | 3.05 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 804.25 | 2.98 |
| टाटा मोटर्स | 972.20 | 2.75 |
| सन फार्मा | 1,570.35 | 1.47 |
| रिलायंस | 2,878.35 | 1.45 |
| ऐक्सिस बैंक | 1,061.35 | 1.24 |
| मारुति सुजुकी | 11,619.50 | 1.23 |
| एल एंड टी | 3,564.35 | 0.82 |
| बजाज फिनसर्व | 1,578.65 | 0.43 |

KBK Infographics

**मुंबई,** 18 मार्च (एजेंसियां)। चीन के मजबूत आर्थिक आंकड़ों से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों के स्थानीय स्तर पर धातु, ऑटो, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और कैपिटल गुड्स समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूत रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 104.99 अंक की तेजी लेकर 72,748.42 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 32.35 अंक की बढ़त के साथ 22,055.70 अंक पर रहा। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली कंपनियों में लिवाली तो हुई लेकिन छोटी कंपनियां बिकवाली का शिकार हुईं। इससे बीएसई का मिडकैप 0.04 प्रतिशत बढ़कर 38,264.26 अंक पर पहुंचा जबकि स्मालकैप 0.07 प्रतिशत टूटकर 41,982.16 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4056 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2008 में लिवाली जबकि 1932 में बिकवाली हुई। वहीं 116 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 21 कंपनियों में तेजी जबकि 29 में गिरावट रही।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के औद्योगिक उत्पादन में जनवरी और फरवरी में सात प्रतिशत वार्षिक का इजाफा हुआ। साथ ही खुदरा बिक्री में भी 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि इस वर्ष रियल स्टेट का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। संपत्ति में निवेश नौ प्रतिशत तक गिर गया, जो नीतिगत स्तर पर एक बार फिर से समर्थन की मांग की ओर इशारा करता है।

मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने चीन में मांग में बढ़ोतरी होने की उम्मीद बढ़ायी है। इससे विदेशी बाजारों में तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.12, जर्मनी का डैक्स 0.43, जापान का निक्केई 2.67, हांगकांग का हैंगसेंग 0.10 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.99 प्रतिशत उछल गया।

इस घरेलू बाजार की धारणा भी मज़बूत हुई, जिससे बीएसई के 14 समूहों में लिवाली देखी गई। इस दौरान कमोडिटीज 0.91, सीडी 0.47, ऊर्जा 0.57, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 0.31, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.05, ऑटो 1.08, बैंकिंग 0.04, कैपिटल गुड्स 0.66, धातु 2.88, तेल एवं गैस 0.24, पावर 0.15 और रियल्टी समूह के शेयर 0.58 प्रतिशत चढ़ गए।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 56 अंक उतरकर 72,587.30 अंक पर खुला और बिकवाली होने से दोपहर से पहले 72,314.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली के बल पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 72,985.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 72,643.43 अंक के मुक़ाबले 0.14 प्रतिशत की बढ़त लेकर 72,748.42 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 33 अंक फिसलकर 21,990.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,916.55 अंक के निचले जबकि 22,123.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

## निर्यात पर सरकार के जोर से कम हुआ व्यापार घाटा



- फरवरी 2024 में भारत का निर्यात रहा 73.55 बिलियन अमेरिकी डॉलर

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। सरकार की पीएलआई स्कीम के तहत वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने, वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में नरमी और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के चलते व्यापार संतुलन (आयात और निर्यात का अंतर) अच्छा हो रहा है। ये बात प्रभुदास लीलाधर के रिसर्च डायरेक्टर अमनीश अग्रवाल ने कही है।

इसके अलावा, तेल की कीमतों (81-83 डॉलर प्रति बैरल) और रुपए (82 रुपए-डॉलर) में मजबूती ने भारत के लिए आयात बिल कम कर दिया है। फरवरी 2024 में भारत का निर्यात 73.55 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि आयात 75.50 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जिससे फरवरी में व्यापार घाटा कम होकर 1.95 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जो एक साल पहले फरवरी 2023 में 4.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। आगे उन्होंने कहा कि विदेश व्यापार नीति 2023 का लक्ष्य 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात का है। ये लक्ष्य हासिल करने में विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार समझौतों की बड़ी भूमिका होगी।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक नोट में कहा कि जहां वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में व्यापार घाटा जीडीपी के 1.7 प्रतिशत होने की संभावना है, वहीं चौथी तिमाही में यह जीडीपी का 0.5 प्रतिशत यानि सरप्लस होने की संभावना है। इसका मुख्य कारण वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में उम्मीद से ज़्यादा अच्छा प्रदर्शन है। नेट सेवा निर्यात बहुत अच्छी है।

## पीएचएफ लीजिंग छह माह में करेगी 200 लोगों की भर्ती

**निकट भविष्य में हमें उम्मीद है कि हम अपने कर्मचारियों की संख्या में काफी वृद्धि करेंगे : शल्या**

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। जालंधर की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वह अगली दो तिमाहियों में दो सौ से अधिक नई भर्तियां करेगी। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नए लोग उसके परिचालन की वृद्धि से प्रमुख 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भर्ती होंगे। कंपनी इस समय पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और मध्य प्रदेश में उपस्थिति है और बिहार, पश्चिम बंगाल जैसे पूर्वी राज्यों में विस्तार करने वाली है। मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध पीएचएफ लीजिंग1998 से भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत एक श्रेणी 'ए' जमा लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। कंपनी ने कहा है कि वह कारोबार के विस्तार की योजनाओं और नए कार्यालय खोलने को ध्यान में रखते हुए, अगली दो तिमाहियों में विभिन्न क्षेत्रों में 200 अन्य लोगों की भर्ती करना चाहती है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी शल्या गुप्ता ने कहा कि निकट भविष्य में, हमें उम्मीद है कि हम अपने कर्मचारियों की संख्या में काफी वृद्धि करेंगे और अपने परिचालन के क्षेत्र में पीएचएफ एक बड़ी ताकत बन जाएगी।

## डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों से आगे निकला भारत : कलिता

**'इलनेस टू वेलनेस' पर जागरूकता शिखर सम्मेलन शुरू**




**आज भारत ऐसी परिवर्तनकारी यात्रा कर रहा है, जो इलनेस से वेलनेस की ओर देखती है, वह भी बिल्कुल नए चश्मे से : भुवनेश्वर कलिता**

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के एक अंग एसोचैम नेशनल सीएसआर काउंसिल के बैनर तले सोमवार को नई दिल्ली में 'इलनेस टू वेलनेस' पर जागरूकता शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण शुरू हुआ।

राज्यसभा सांसद भुवनेश्वर कलिता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मामले की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि आज भारत ऐसी परिवर्तनकारी यात्रा कर रहा है, जो इलनेस से वेलनेस की ओर देखती है, वह भी बिल्कुल नए चश्मे से।

कलिता ने कहा कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को समझने के बाद, आइए हम इस क्षेत्र में भारत के उल्लेखनीय विकास को स्वीकार करें। डब्ल्यूएचओ 1 : 1000 के डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात की सिफारिश करता है, हमने 1 : 900 का अनुपात हासिल कर लिया है। स्वास्थ्य और स्वच्छता में निवेश करना न केवल एक नैतिक अनिवार्यता है, बल्कि यह एक आर्थिक जरूरत भी है। महज जुमलेबाजी से परे, स्वास्थ्य और स्वच्छता वे स्तंभ हैं, जिन पर समृद्ध समाज का निर्माण होता है। यह यात्रा कठिन होते हुए भी प्रेरणादायक रही है। संक्रामक रोगों से लड़ने से लेकर निवारक स्वास्थ्य देखभाल को अपनाने तक देश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले दशक में हमने मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर में कमी देखी है।

ये उपलब्धियां मजबूत स्वास्थ्य देखभाल पहल की प्रभावशीलता और स्वच्छता प्रथाओं को प्राथमिकता देने के महत्व को रेखांकित करती हैं। सरकार की विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों ने हमारे समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाया है।

कलिता ने कहा कि जब हम सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए प्रयास करते हैं, समुदायों को उनकी भलाई की रक्षा के लिए ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाना अनिवार्य है। सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि की है और अब हमारे पास हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज होगा। ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों की कमी है, यह कहना अतीत की बात हो जाएगी।

एसोचैम नेशनल सीएसआर काउंसिल के अध्यक्ष, अनिल राजपूत ने स्वागत भाषण में कहा, इलनेस टू वेलनेस पहल 2014 में इस विश्वास के साथ शुरू की गई थी कि हमारे पास एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए वैज्ञानिक ज्ञान है, जिसमें ज्यादातर बीमारियां दूर हो सकेंगी। निवारक स्वास्थ्य देखभाल जागरूकता द्वारा इन्हें या तो खत्म कर दिया गया या इन पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि हम सशक्तीकरण, शिक्षा, सहयोग और स्थायी प्रभाव पर ध्यान देने के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं। हमने वर्षों से शिविरों और जागरूकता अभियानों के आयोजन से लेकर आउटरीच और प्रभाव को बढ़ाने का प्रयास किया है।

# खेल जगत

## श्रीनगर में पहली बार आयोजित हुई फॉर्मूला-4 कार रेस

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश की ग्रीष्मकाली राजधानी श्रीनगर में विश्व प्रसिद्ध डल झील के किनारे बुलवार्ड रोड पर पहली बार आयोजित हुई फॉर्मूला-4 रेस का बड़ी संख्या में लोगों ने आंनद उठाया। फॉर्मूला-4 रेस कश्मीर के टूरिज्म डिपार्टमेंट और इंडियन रेसिंग लीग के सहयोग से आयोजित की गई। इस रेस में मशहूर फॉर्मूला ड्राइवर्स ने भाग लिया। विश्व प्रसिद्ध डल झील के किनारे ललित घाट से नेहरू पार्त तक आयोजित हुई रेस में कार चालकों के हैरअंगेज करतब ने सड़क किनारे खड़े होकर रेस देख रहे हजारों लोगों को रोमांचित किया। इस दौरान अधिकतर प्रशंसक अपने-अपने मोबाईल फोन से रेस की वीडियो बनाते देखे गए। पर्यटन विभाग ने रेस के लिए शहर में जगह-जगह पर पोस्टर और बैनर लगाए गए थे।



# हरमनप्रीत की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की 27 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम घोषित



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (देशबन्धु)। धुरंधर ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 27 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को यहां घोषित की गई और आक्रामक मिडफील्डर हार्दिक सिंह को ही एक बार फिर उपकप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। भारतीय हॉकी टीम अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उसके खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी और इसका पहला टेस्ट 6 अप्रैल को पर्थ में खेला जाएगा। भारतीय हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना दूसरा मैच 7 अप्रैल को, तीसरा मैच 10 अप्रैल को, चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां व आखिरी मैच 13 अप्रैल को खेलेगी। भारतीय टीम 1 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी और 15 अप्रैल को वापस स्वदेश लौटेगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए उसका यह ऑस्ट्रेलिया पेरिस ओलंपिक 2024 तैयारियों की अग्निपरीक्षा साबित होगा। चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की 16 सदस्यीय हॉकी टीम चुनने से हर खिलाड़ी को अपनी क्षमता दिखाने का पूरा मौका देने के लिए कोर ग्रुप के सभी 28 संभावितों में 27 को को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना है। फिलहाल भुवनेश्वर में 28 संभावितों के शिविर में केवल मध्यपंक्ति के खिलाड़ी रविचंद्र सिंह मोइरंगम को ही ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली टीम में जगह नहीं दी गई है। चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीमं चुनने के बाद कहा कि हमारे लिए यह ऑस्ट्रेलिया दौरा बेहद अहम है। हमारा यह ऑस्ट्रेलिया दौरा केवल यह ही तय नहीं करेगा कि हम ओलंपिक से पहले कहां खड़े हैं बल्कि इससे यह जानने में भी मदद मिलेगी कि हमें कहां क्या सुधार करना है। हमारी टीम का यह ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए भी बेहद अहम है। हमने लगभग पूरे कोर ग्रुप को ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए इसलिए चुना है कि हर खिलाड़ी को ओलंपिक से पहली अपनी क्षमता को दिखाने का पूरा मौका मिले। हमारे लिए यह ऑस्ट्रेलिया विभिन्न संयोजन को आजमाने का भी मौका है। पेरिस ओलंपिक में खिताब जीतने की प्रमुख दावेदार के खिलाफ उसके घर में ओलंपिक से पहले खेलना खासा चुनौतीपूर्ण होगा। इससे हमें खासे प्रतिस्पर्द्धी मैच खेलने को मिलेंगे। हमारे लिए यह एक बढ़िया एक्सपोजर दौरा होगा और हम इसका बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह ऑस्ट्रेलिया दौरा उसके 2024 के पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर करने के लिए बेहद अहम है।

■ फुल्टन बोले, ऑस्ट्रेलिया दौरा तय करेगा ओलंपिक से पहले कहां खड़े हैं

■ यह जानने में मदद मिलेगी कि हमें कहां क्या सुधार करना

पेरिस ओलंपिक में पुरुष हॉकी मुकाबले 27 जुलाई से 8 अगस्त तक होंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में दस फॉरवर्ड को चुनना यह बताता है कि भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन का सबसे ज्यादा फोकस खुद गोल करने के साथ ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर बनाने में माहिर फॉरवर्ड को तलाशने पर है। यौन शोषण के आरोपों के चलते फिलहाल शिविर से बाहर नौजवान ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार की गैर मौजूदगी के बावजूद भारत के पास कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास के रूप में तीन बढ़िया ड्रैग फ्लिकर हैं। ऐसे में भारत के चीफ कोच फुल्टन की कोशिश दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से एक कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ जुगराज सिंह को दूसरे प्रमुख ड्रैग फ्लिकर में ज्यादा से ज्यादा आजमाने की होगी। भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी गई 27 सदस्यीय पुरुष हॉकी है।



**गोलरक्षक** : पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा।
**रक्षापंक्ति** : हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, आमिर अली।
**मध्य पंक्ति** : मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद,शमशेर सिंह, नीलकांत सिंह,राज कुमार पाल, विष्णुकांत सिंह।
**मध्य पंक्ति** : आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंट सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी, अरिजीत सिंह हुंदल।

## बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से हराया



**चटगांव,** 18 मार्च (एजेंसियां)। तंजिद हसन 84 रनों की अर्धशतकीय पारी और रिशाद हुसैन नाबाद 48 रनों की पारियों की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को तीसरे एक दिवसीय मैच में श्रीलंका चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैच की श्रृंखला भी 2-1 से जीत ली है। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की अनामुल हक और तंजिद हसन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 50 रन जोड़े। नौंवे ओवर में अनामुल हक 12 रन को कुमारा ने आउट किया। उसके बाद 11वें ओवर में कप्तान नजमुल शान्तो भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मो. तौहीद ह्रदोय 22 रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। महमुदउल्लाह एक रन और मेहदी हसन मिराज 25 रन बनाकर कर आउट हुए। मुशफिकुर रहीम 37 रन पर और रिशाद हुसैन 48 रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश ने 40.2 ओवर में छह विकेट 237 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया। श्रीलंका की ओर से लाहिरू कुमारा ने 48 रन देकर चार विकेट लिए। वानिंदु हसरंगा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले जनित लियानगे की नाबाद 101 रनों शतकीय और चरिथ असलंका की 37 रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका ने बंगलादेश को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाजी पथुम निसंका एक रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद चौथे ओवर में अविष्का फर्नांडो चार रन भी पवेलिय लौट गए। कप्तान कुसल मेंडिस ने हांलाकि कुछ संघर्ष करते हुए पारी को संभाला। वह 29 रन पर आउट हुए।

## 25 मार्च तक आयोजित होगी सब जूनियर बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) 18 से 25 मार्च तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीसरी सब जूनियर बॉयज और गर्ल्स नेशनल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता में जूनियर मुक्केबाज भाग लेंगे जो 14 वेट कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट का आयोजन यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से किया जाएगा। ड्रॉ समारोह 18 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जबकि मैच 19 मार्च से खेले जाएंगे। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता ने कहा कि तीसरी सब जूनियर लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2024 देश के युवा मुक्केबाजों के लिए एक अच्छा अवसर है। इन उभरते मुक्केबाजों को बहुत जरूरी अनुभव देना महत्वपूर्ण है। हम उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और चमकने के लिए एक मंच प्रदान करने में प्रसन्न हैं।

## तन्वी के एसएसी स्वर्ण पदक जीतने पर मोदी ने दी बधाई

**होशियारपुर,** 18 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के होशियारपुर जिले की 15 वर्षीय बैडमिंटन सनसनी तन्वी शर्मा ने कौशल और दृढ़ संकल्प के शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप (एसएसी) में स्वर्ण पदक जीतकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस युवा एथलीट की उत्कृष्ट उपलब्धि पर उसे हार्दिक बधाई दी है। तन्वी शर्मा को लिखे एक पत्र में मोदी ने पूरे देश की ओर से 2023 की बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में उनकी हालिया जीत बैडमिंटन की दुनिया में उनकी एक शानदार यात्रा का अध्याय जोड़ती है। श्री मोदी ने कहा कि उनका कौशल महिला एकल और महिला युगल वर्ग में भी असाधारण टीम भावना का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की खेल प्रतिभा पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने ओलंपिक में शीर्ष पायदान पर पहुंचाने के लिए एथलीटों को समर्थन देने की सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य भारतीय खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाना, विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं और वैश्विक कोचिंग विशेषज्ञता तक पहुंच प्रदान करना है प्रधानमंत्री ने कहा कि तन्वी की सफलता निस्संदेह देश भर के अनगिनत महत्वाकांक्षी एथलीटों को प्रेरित करेगी। श्री मोदी का पत्र पाकर बेहद खुश तन्वी ने अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने यह कहते हुए बेहद गर्व और खुशी व्यक्त की कि पत्र ने उन्हें सम्मान और उपलब्धि की भावना से ओतप्रोत है। तन्वी ने पत्र को बैडमिंटन के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की मान्यता का प्रतीक बताया और उन्होंने खेल में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने का वादा किया।





तन्वी की सफलता निस्संदेह देश भर के अनगिनत महत्वाकांक्षी एथलीटों को प्रेरित करेगी : प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी

## टी-20 मुकाबले में आयरलैंड 10 रन से हारा

**शारजाह,** 18 मार्च (एजेंसियां)। मोहम्मद नबी 59 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी और कप्तान राशिद खान के बल्ले और गेंद से हरफनमौल प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने दूसरे टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को 10 रनों से हरा दिया है। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत ठीक रही और एंडी बालबर्नी और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट 49 रन जोड़े। एंडी बालबर्नी ने टीम के लिए सर्वाधिक 44गेंदों में 45 रनों की पारी खेली। गैरेथ डेलानी ने 18 गेंदों में 39 रन बनाए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 25 रन बनाए। लोर्कन टकर 10 रन बनाकर आउट हुये। 12वें ओवर में कर्टिस कैम्फर छह रन बनाकर आउट हुए। आयरलैंड टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 10 रनों से मुकाबला हार गई। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने चार विकेट लिए। नांगेयालिया खरोटे को दो विकेट मिले। फजलहक फारूकी और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



## सार संक्षेप

### सूर्यकुमार के आईपीएल में पहले मैच में खेलने को लेकर संशय

**मुंबई।** एड़ी की सर्जरी से उबर रहे मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ उन्हें अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) मेडिकल स्टाफ की ओर से क्लियरेंस नहीं मिला है इस कारण उन्हें गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले मैच से बाहर बैठना पड़ सकता है। मुंबई के प्रमुख कोच मार्क बाउचर ने बताया कि सूर्यकुमार को बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ से क्लियरेंस नहीं मिल पाया है। हालांकि वह मुंबई के दो अभ्यास मैचों का हिस्सा हो सकते हैं। इसके बाद मुंबई की टीम अपने पहले मैच के लिए अहमदाबाद रवाना होगी। बाउचर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूर्या के फिटनेस की निगरानी बीसीसीआई भी कर रही है और हमें उनसे अपडेट की दरकार है। हमारे पास भी एक विश्व स्तरीय मेडिकल टीम है, जो इन सबका ध्यान रखती है। सभी टीमें फिटनेस से प्रभावित हैं और उनके कुछ प्रमुख खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो रहे हैं। मुझे अपनी मेडिकल टीम पर विश्वास है कि वह अच्छा काम कर रहे हैं। यह हो भी सकता है कि हम भी एक या दो खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से पहले या दौरान खो दें लेकिन यह ऐसा ही है। हमें बस सही रास्ते पर होना होगा और सटीक रिप्लेसमेंट ढूंढ़ने होंगे।

### भारतीय ओलंपिक संघ ने भंग की कुश्ती की एडहॉक कमेटी

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के लिए बनी एडहॉक कमेटी को भंग करने की घोषणा की। बयान में कहा गया है, यह निर्णय यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा डब्ल्यूएफआई पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त एडहॉक कमेटी की देखरेख में चयन परीक्षणों के सफल समापन के बाद लिया गया है। आईओए ने अपने बयान में बताया कि 27 दिसंबर 2023 को एडहॉक कमेटी बनाई गई थी। उसे अब तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, अब एडहॉक कमेटी के माध्यम से डब्ल्यूएफआई की गतिविधियों को चलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि, जैसा कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा निर्देश दिया गया है, यह जरूरी है कि डब्ल्यूएफआई दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की चिंताओं को दूर करने और यूडब्ल्यूडब्ल्यू और अन्य द्वारा निर्धारित सभी नियमों और दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द एक सुरक्षा समिति/अधिकारी नियुक्त करे। इसके अलावा, डब्ल्यूएफआई को स्थापित प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के अनुसार समयबद्ध तरीके से एथलीट आयोग के चुनाव कराने का भी निर्देश दिया गया है। डब्ल्यूएफआई के निर्णय लेने की प्रक्रिया में एथलीटों के प्रतिनिधित्व और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए यह कदम आवश्यक है।

## भारतीय कप्तानों का ट्रॉफी उठाना शानदार : स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने डब्ल्यूपीएल 2024 का खिताब अपने नाम किया। पिछले 16 सालों से फ्रेंचाइजी टी20 लीग में एक ट्रॉफी के लिए जूझ रही बैंगलोर का इंतजार आखिरकार महिला प्रीमियर लीग में खत्म हो गया। ट्रॉफी जीतने के बाद, कप्तान स्मृति मंधाना को लगता है कि भारतीय कप्तानों का अपनी-अपनी टीमों को खिताब दिलाने का चलन नेतृत्व के दृष्टिकोण से भारतीय महिला क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। पिछले साल, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ब्रेबॉर्न स्टेडियम में पहली डब्ल्यूपीएल विजेता कप्तान बनी थी। रविवार को, जब आरसीबी ने अरुण जेटली स्टेडियम में 29,131 प्रशंसकों के सामने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया, तो डब्ल्यूपीएल विजेता कप्तान के रूप में स्मृति ने अपना नाम इतिहास में दर्ज कर लिया।मैच के बाद स्मृति ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई इंडियंस ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था, कहीं न कहीं मैं चाहती थी कि हरमन ट्रॉफी उठाए। डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण में, अगर किसी भारतीय कप्तान को जीतना था, तो अगर मैं नहीं, तो वह हरमन ही थी।

मैं उस समय मुंबई के लिए वास्तव में खुश थी। मुझे नहीं पता था कि मैं डब्ल्यूपीएल जीतने वाली दूसरी भारतीय कप्तान बनूंगी। मैं सच में इस जीत से बहुत खुश हूं और यह दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी गहराई है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, भारतीय कप्तानों के नजरिए से हमें अभी भी लंबा रास्ता तय करना है। उनका मानना है कि डब्ल्यूपीएल 2023 के बाद अब 2024 में खिताब जीतना, उनके लिए खुद पर भरोसा करने और मुश्किल मैच के दौरान शांत रहने के मामले में सीखने का एक बड़ा दौर रहा है।



## बल्लेबाज जेकर अली फील्डिंग के दौरान हुए चोटिल

**चटगांव,** 18 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश के अनकैप्ड विकेटकीपर बल्लेबाज जेकर अली को जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे में फील्डिंग के दौरान चोटिल होने के बाद अस्पताल ले जाया गया। तस्कीन अहमद की गेंद पर प्रमोद मदुशान का कैच पकड़ने की कोशिश में अनामुल हक और जेकर अली टकरा गए जिसके बाद जेकर को स्ट्रेचर के जरिए मैदान से बाहर ले जाया गया। सौम्या सरकार, जिन्होंने गेंद को रोकने के दौरान मैदान पर लगे विज्ञापन बोर्ड में अपनी गर्दन दे मारी, चोटिल हो गए। उनकी जगह जेकर अली सब्स्टिट्यूट फील्डर के रूप में मैदान पर आए। इससे पहले मुस्तफिजुर रहमान को भी क्रैम्प के कारण स्ट्रेचर पर बाहर जाना पड़ा था। अंपायर तनवीर अहमद ने तीसरे वनडे के लिए रिचर्ड केटलबरो की जगह ली। बेहद गर्मी के कारण वो मैदान पर उतरने में असमर्थ थे।

## गेंदबाजी भी करूंगा और सभी 14 मैच खेलूंगा : पांड्या

**मुंबई,** 18 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल का 17वां सीजन 22 मार्च 2024 से खेला जाएगा। इससे पहले हार्दिक पांड्या ने मैदान पर अपने कमबैक को लेकर हुंकार भरी है। हार्दिक इस साल अपनी पुरानी टीम मुंबई इंडियंस में बतौर कप्तान वापसी कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से चोट से उबर रहे इस स्टार ऑलराउंडर ने धमाकेदार कमबैक का 'शंखनाद' किया है। हार्दिक पंड्या, जो अक्टूबर में विश्व कप 2023 के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ चोटिल होने के बाद से मैदान से बाहर थे। अब पूरी तरह से फिट हैं और वापसी के लिए तैयार हैं। उन्होंने सोमवार को अपने प्रशंसकों को आश्वासन दिया कि वह आईपीएल के दौरान सभी 14 मैच खेलेंगे। साथ ही टीम को जितनी जरूरत होगी उतनी गेंदबाजी भी करेंगे।

**आईपीएल 2024**

हार्दिक ने कहा कि मैं अक्टूबर में विश्व कप के दौरान चोटिल हो गया था और शुरू में लगा कि यह मामूली चोट है और मैं कुछ दिनों में ठीक हो जाऊंगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं और मुझे पूरी तरह फिट होने में समय लगा पांड्या ने कहा कि वह अब पूरी तरह से फिट हैं और उस फ्रेंचाइजी के लिए अपना योगदान देने के लिए उत्सुक हैं जिसके साथ उन्होंने 2015 में अपना आईपीएल करियर शुरु किया था। हार्दिक ने कहा कि मैं आईपीएल में गेंदबाजी करूंगा। मैं चोट से पूरी तरह उबर चुका हूं और मैं बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। पांड्या ने कहा कि अगले कुछ महीनों तक उनका ध्यान केवल मुंबई इंडियंस और आईपीएल पर रहेगा और वह इस साल के अंत में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के बारे में नहीं सोचेंगे। उन्होंने कहा कि वह टी20 विश्व कप के लिए खुद को सुरक्षित रखने के लिए कोई भी मैच नहीं छोड़ेंगे, जो आईपीएल खत्म होने के पांच दिन बाद शुरू होगा। पांड्या ने कहा कि मैंने आईपीएल में शायद ही कभी कोई मैच मिस किया हो और इसलिए मैं इस सीजन के सभी 14 मैच खेलूंगा।

पांड्या ने कहा कि अगले कुछ महीनों तक उनका ध्यान केवल मुंबई इंडियंस और आईपीएल पर रहेगा



## हीथर नाइट को डब्ल्यूपीएल से बाहर रहने का नहीं है अफसोस



**डुनेडिन,** 18 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धताओं के कारण डब्ल्यूपीएल 2024 में आरसीबी के विजयी अभियान से बाहर रहीं। हालांकि, उन्हें इस बात का अफसोस नहीं है। इसलिए, हीथर राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देने के अपने फैसले पर दृढ़ हैं। हीथर नाइट, मंगलवार से डुनेडिन में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मैच में अपनी टीम का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने शेड्यूल के टकराव और बांग्लादेश में टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की तैयारियों पर फोकस करने के लिए डब्ल्यूपीएल से पीछे हटने के मुश्किल फैसले पर बात की। आरसीबी टीम में उनके बाहर होने से दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क को टीम में मौका मिला। हालांकि हीथर नाइट को डब्ल्यूपीएल 2024 से बाहर होने का कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने एक खिलाड़ी की यात्रा में व्यक्तिगत विकल्पों के महत्व पर जोर दिया। नेट साइवर-ब्रंट, डैनी व्याट, एलिस कैप्सी और सोफी एक्लेस्टोन जैसी दिग्गज खिलाड़ियों के भारत में रहने के विकल्प के साथ, नाइट अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आरसीबी की खिताबी जीत को प्रत्यक्ष रूप से देखने से चूकने के बावजूद, नाइट इंग्लैंड टीम के साथ अपनी उपस्थिति के महत्व को पहचानते हुए खुश हैं।

**डब्ल्यूपीएल 2024**